राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 156
लखनऊ, शुक्रवार 06 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

एसपी ने किये जनपद में 181 सिपाहियों के तबादले 10
6 से 13 फरवरी तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 : कपिल 12

# यूपी में चीनी मांझे के इस्तेमाल पर बैन

## सीएम योगी ने दी सख्त चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**अब मौत होने पर चलेगा हत्या का मुकदमा**

उत्तर प्रदेश में अब चीनी मांझे का इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे गंभीर मामला बताते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वे प्रदेश भर में सघन छापेमारी अभियान चलाकर इसकी बिक्री और उपलब्धता पर पूरी तरह रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चीनी मांझे के कारण किसी की भी जान जाने पर इसे हत्या माना जाएगा और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे प्रदेश स्तर पर चल रहे अभियान की उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

सीएम योगी ने अधिकारियों से सवाल किया कि प्रतिबंध के बावजूद बाजार में चीनी मांझा कैसे पहुंच रहा है और इसकी बिक्री कौन कर रहा है, और इसे तुरंत रोकने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि बुधवार को लखनऊ में एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की चीनी मांझे से गला कटने के कारण मौत हो गई। वह काफी देर तक तड़पता रहा। बीते एक साल में प्रदेश में ऐसी 8 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सीएम ने कहा कि अब किसी भी हाल में चीनी मांझे से होने वाली मौत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में सघन छापेमारी अभियान चलाना अवैध कारोबार में शामिल नेटवर्क की पहचान करना, दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजना, पूरे प्रदेश में चीनी मांझे की जब्ती के लिए लगातार अभियान, मुख्यमंत्री ने यह कदम लोगों की जान को बचाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया है।

### चाइनीज मांझे से रिटायर्ड फौजी का चेहरा कटा, लगे 30 टांके

राजधानी में चाइनीज मांझे से 24 घंटे में दूसरी घटना हो गई। पुराने लखनऊ में युवक की मौत के बाद गोमतीनगर विस्तार इलाके में रिटायर्ड फौजी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। ड्यूटी से लौटते समय मांझे की धार से उनका जबड़ा और चेहरा बुरी तरह कट गया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके चेहरे पर 30 टांके लगे हैं। घटना शहीद पथ पर गुरुवार दोपहर को हुई। घायल की पहचान अर्जुनगंज सरयू नगर के रहने वाले बृजेश राय के रूप में हुई है। बृजेश स्कूटी से जा रहे थे। तभी अचानक मांझा उनके मुंह और चेहरे पर आकर उलझ गया। इससे उनके चेहरे पर गहरा घाव हो गया। होंठ कट गया है। संतुलन बिगड़ने से वह स्कूटी समेत सड़क पर गिर गए और काफी देर तक तड़पते रहे। सेवानिवृत्त फौजी बृजेश राय सुशांत गोल्फसिटी स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में काम करते हैं। वह ऑफिस से घर लौट रहे थे। शहीद पथ पर सड़क पर फैले चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझे की धार इतनी तेज थी कि उनका जबड़ा और चेहरा कट गया। खून से लथपथ हालत में वह सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बृजेश को आनन-फानन में कमांड अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक चेहरे और जबड़े पर गहरे घाव हैं। 30 टांके लगाए गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनको अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### चाइनीज मांझों के खिलाफ चला अभियान, पतंग की दुकानों पर छापेमारी

राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझे से युवक की मौत के बाद पुलिस महकमा अलर्ट मोड में आ गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद लखनऊ पुलिस ने शहरभर में चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार सुबह से ही लखनऊ पुलिस के अलग-अलग जोन में पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी जारी रही। पश्चिमी जोन में डीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ सड़कों पर उतरे और दुकानों की गहन जांच की। पुलिस के मुताबिक, इससे पहले भी शहर में अलग-अलग इलाकों और अलग समय पर चाइनीज मांझे से घायल होने और जान गंवाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद चोरी-छिपे इसकी बिक्री जारी थी। डीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी से दो वर्ष में एक लाख से अधिक लोग लापता

## हाईकोर्ट ने गृह सचिव व डीजीपी को किया तलब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। न्यायालय ने इस मामले के संबंध में राज्य सरकार के संबंधित विभागों के पास उपलब्ध सभी आंकड़ों और रिकॉर्ड को तलब किया है।

अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत करते हुए, अपर मुख्य सचिव गृह तथा पुलिस महानिदेशक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सुनवाई के समय उपस्थित रहने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने उक्त मामले में दर्ज स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। उल्लेखनीय है कि एक गुमशुदा व्यक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में आया कि यूपी में पिछले लगभग दो साल में 1,08,300 लोग लापता हो चुके हैं, जिनके संबंध में गुमाशुदगी रिपोर्ट दर्ज हैं। इनमें से मात्र 9700 लोगों का पुलिस पता लगा सकी है।




न्यायालय ने इस स्थिति को बेहद चिंताजनक और गंभीर करार देते हुए, मामले को 'प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया था। अब आगामी 23 मार्च को इस मामले में फिर से सुनवाई होगी।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,570/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,700/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,970/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,00,000/किग्रा |



# हमारे पास वैश्विक चुनौतियों का समाधान : मोदी

## तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में गुरुवार को कहा कि विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका समाधान दे रहा है। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान सदन में विपक्ष का हंगामा जारी रहा और कुछ देर बाद विपक्षी सदस्य बहिर्गमन कर गए।

राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच मोदी ने कहा कि विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका समाधान दे रहा है। आज भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। आज कोई भी सेक्टर हो सबमें भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया संभल नहीं पा रही है। साफ नजर आ रहा है



कि दुनिया नए ऑर्डर की तरफ बढ़ रही है। खुशी की बात है सारी घटनाओं का झुकाव भारत की तरफ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के प्रथम 25 साल पूरे हो चुके हैं। दूसरे 25 साल विकसित भारत की दिशा में सामर्थ्यवान होने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में 9 बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं। यूरोपीय संघ के साथ मदर ऑफ ऑल डील्स हुई है। विपक्ष को जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बनाई कि कोई देश हमसे समझौते करने को आगे नहीं आता था। ये देश ऐसे ही भारत के साथ समझौते नहीं कर रहे हैं। मैं गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात समिट करता था, जिसका साझेदार देश जापान हुआ करता था। मोदी के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जोरदार नारेबाजी जारी रखी। सभापति ने उनसे शांत रहने और अपनी सीटों पर लौटने का अनुरोध किया। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सभापति को कहा कि उम्र को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अपनी सीट से ही नारेबाजी जारी रख सकते हैं। नारों के बीच अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य पर भरोसा जताया है और सभी क्षेत्रों के विकास का आश्वासन दिया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद जॉन ब्रिटास ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेता प्रतिपक्ष को दो मिनट के लिए बोलने दिया जाए, ताकि लोकसभा में हमें भाषण का अवसर न दिए जाने के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करा सकें।

### नहीं दी जा रही बोलने की अनुमति : खरगे

मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद से बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले चार दिनों से हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सरकार की काली करतूतों में अमेरिका के साथ समझौता करना, किसानों के हितों की बलि देना और ट्रंप जो भी कहते हैं, उसे मान लेना तथा उनके सामने झुक जाना शामिल है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस विदेश नीति, ट्रंप के बयान, सामाजिक न्याय और देश में बेरोज़गारी व महंगाई जैसे मुद्दे पर सवाल करना चाहती है लेकिन उसे बोलने नहीं दिया जा रहा है। हम सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने यह तय किया था कि अगर नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता तो हम सदन को चलने देते और चर्चा में भाग लेते, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। हमने सुबह भी कोशिश की और शून्यकाल के दौरान भी कोशिश की लेकिन फिर भी उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया।

# मेघालय के अवैध कोयला खदान में धमाके से 16 मजदूरों की मौत, बचाव कार्य जारी

**एजेंसी, शिलांग।**

मेघालय में गुरुवार को पूर्वी जयंतिया हिल्स जिलांतर्गत ताशखाई में एक अवैध कोयला खदान में हुए बड़े धमाके में कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। माना जा रहा है कि जैसे-जैसे राहत कार्य तेज होगा, मृतकों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। घटनास्थल से मिली वीडियो क्लीप में मौके पर मौजूद मजदूर रोते हुए चीख-चीख कह रहे हैं कि खदान के अंदर सैकड़ों मजदूर फंसे हुए हैं।

शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, धमाका कोयला खदान के अंदर हुआ, जिससे मौके पर मौजूद मजदूरों में भारी जान-माल का नुकसान हुआ। अधिकारियों को शक है कि ज़्यादातर पीड़ित असम के मजदूर थे।

गुवाहाटी स्थित प्रथम बटालियन एनडीआरएफ मुख्यालय के



## गुवाहाटी से राहत व बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की तीन टीमें रवाना

अधिकारियों ने बताया है कि हादसे की सूचना मिलते ही मेघालय में मौजूद एनडीआरएफ की एक टीम को राहत एवं बचाव कार्य के लिए घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। साथ ही दो टीमें गुवाहाटी से मेघालय के लिए रवाना किया गया है। दोनों टीमों का नेतृत्व प्रथम बटालियन के सीओ एवं बटालियन के डॉक्टर के साथ ही अन्य अधिकारी कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मेघालय पुलिस ने घटना के बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया है और टीमों को इलाके में भेजा गया है। खदान से काला धुआं निकलता दिख रहा है और मजदूर मौके के आसपास दिख रहे हैं। जो मजदूर बाहर हैं, वे मौके पर इकट्ठा हो रहे हैं। मौके पर कुछ महिलाएं और बच्चे भी रोते-चिल्लाते दिखाई दे रहे हैं।

शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि खदान के अंदर डायनामाइट का इस्तेमाल किया गया होगा, जो अवैध रूप से चल रही थी। तीन मृत मजदूरों की पहचान कर ली गई है। उनकी पहचान असम के काटिगोरा के बिहारा गांव के रहने वाले फारूक अहमद और शरिशा कुरी गांव के रहने वाले दिलदार हुसैन और अनवर हुसैन के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मृत कौवों में मिला एच5एनआई संक्रमण

**चेन्नई।** तमिलनाडु राज्य में पिछले कुछ महीनों से बर्ड फ्लू का प्रकोप की स्थित चिंताजनक होता जा रही है। चेन्नई में कुछ दिनों पहले मृत मिले कौवों में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके बाद राज्य सरकार ने पशुपालन सुरक्षा विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश ने दिए। विभाग ने सतर्क रहने की चेतावनी दी है कि यह संक्रमण मनुष्यों में भी फैलने की आशंका है।

### चलती ट्रेन से गिरने से दो युवकों की मौत

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में चलती ट्रेन से गिरकर उत्तर प्रदेश के दो युवकों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। डबरा जीआरपी चौकी प्रभारी साहब सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान शाहजहांपुर निवासी मोहम्मद अयान (19 वर्ष) और अरबाज (23 वर्ष) के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और साथ ही उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### विद्यार्थियों से संवाद का कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विद्यार्थियों से संवाद का कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' अपने नवें संस्करण के साथ शुक्रवार सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह कार्यक्रम पहली बार देश के विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षा पे चर्चा 2026 का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन तथा शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया मंचों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वेव्स ओटीटी, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो, ज़ी फाइव, सोनी लिव और स्पॉटिफाई पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा।

### विनेश फोगाट ने हरियाणा कुश्ती चयन मानदंडों की निष्पक्षता पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों की आलोचना करते हुए इसे अनुचित और युवा और उभरते पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया। एक्स पर एक तीखे पोस्ट में, विनेश ने केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों तक ट्रायल सीमित करने के फैसले पर सवाल उठाया, और कहा कि यह उन हजारों योग्य एथलीटों को बाहर करता है जिन्होंने सालों तक ट्रेनिंग ली है।

# भारत हिंदू राष्ट्र, घोषित करने की अलग से क्या आवश्यकता : डॉ. मोहन भागवत

**एजेंसी, खरगोन।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र है और जो पहले से विद्यमान है, उसकी घोषणा करने की कोई आवश्यकता नहीं होती।

डॉ. भागवत बुधवार को मध्यप्रदेश के खरगोन जिले की कसरावद तहसील के ग्राम लेपा स्थित श्री रामकृष्ण विश्व सद्भावना निकेतन में आयोजित विचार-प्रेरक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन निमाड़ अभ्युदय रूरल मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन एवं श्री रामकृष्ण विश्व सद्भावना निकेतन द्वारा किया गया, जिसमें



उन्होंने मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माण विषय पर अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि कई जगह लोग मुझसे कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र की घोषणा कीजिए, मेरा मानना है जो पहले से है, उसकी फिर क्या घोषणा करना। सूर्य पूर्व से उदय होता है, यह घोषणा करने की जरूरत ही नहीं है। जैसे सूर्य पूर्व से ही उदय होता है, उसके लिए किसी घोषणा की जरूरत नहीं पड़ती।

# देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ

## अगले तीन साल से भी कम समय में 'भारत टैक्सी' देश के हर राज्य और प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विज्ञान भवन से देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी को




आगामी तीन वर्षों के भीतर पूरे देश में शुरू किया जाएगा और यह टैक्सी चालकों के आर्थिक सशक्तीकरण का एक बड़ा माध्यम बनेगी।

अमित शाह ने कहा कि फिलहाल भारत टैक्सी की शुरुआत गुजरात के कुछ शहरों के साथ दिल्ली और एनसीआर में की जा रही है लेकिन अगले तीन साल से भी कम समय में यह देश के हर राज्य और प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक भारत टैक्सी टैक्सी चालकों के कल्याण का एक सशक्त मॉडल बनेगी।

# टीवी व केबल कंपनियों के लिए ट्राई ने जारी किए नए नियम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं अंतर्संबंध (पता योग्य प्रणालियां) (सातवां संशोधन) नियम, 2026 जारी किए। इन नियमों का उद्देश्य ऑडिट प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और सरल बनाना है।

संचार मंत्रालय के मुताबिक अब हर वितरक (डिस्ट्रिब्यूटर) को हर साल 30 सितंबर तक ऑडिट रिपोर्ट प्रसारक को सौंपनी होगी। पहले यह प्रक्रिया कैलेंडर वर्ष पर आधारित थी, लेकिन अब इसे वित्तीय वर्ष के आधार पर किया जाएगा। यानी ऑडिट अप्रैल से मार्च तक की अवधि के हिसाब से होगा। नए नियमों में प्रसारकों को भी ज्यादा अधिकार दिए गए हैं। वह चाहें तो ऑडिट के दौरान अपने प्रतिनिधि भेज सकते हैं ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे। अगर रिपोर्ट में कोई कमी या गड़बड़ी मिलती है तो प्रसारक ऑडिटर से जवाब मांग सकते हैं। अगर जवाब संतोषजनक न हो तो वे ट्राई की अनुमति लेकर अपने खर्च पर अलग से ऑडिट करा सकते हैं। ट्राई ने बताया कि इन नियमों में छोटे वितरकों को राहत दी गई है। छोटे वितरकों के 20 हजार से कम ग्राहक हैं, उनके लिए हर साल ऑडिट करना अनिवार्य नहीं होगा।

# ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता, वेनेजुएला समेत किसी भी नए विकल्पों के मूल्यांकन के लिए तैयार भारत : रणधीर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है। वह वेनेजुएला समेत किसी भी नए आपूर्ति विकल्प के वाणिज्यिक लाभों का मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। भारत ने दोहराया कि वह ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक बार फिर ऊर्जा जरूरतों और लाभकारी मूल्यों को निर्णय का आधार बताया। उन्होंने दोहराया कि भारत आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है।

भारत की इस टिप्पणी को अमेरिकी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत रूसी तेल खरीदी बंद करने पर सहमत हो गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में व्यापार समझौता सम्पन्न हुआ है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारतीय समानों पर लग रहा अतिरिक्त टैरिफ हटा लिया है। वहीं ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदी नहीं करेगा और वेनेजुएला को प्राथमिकता देगा।

जायसवाल ने भारत अमेरिकी समझौते से जुड़े कई प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रवक्ता ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे पर कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के संबंध में सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। भारत की रणनीति रही है कि अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बाजार स्थितियों और बदलते वैश्विक घटनाक्रम के अनुरूप ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाए। भारत के सभी कदम इसी बात को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और भविष्य में भी उठाए जाएंगे।

**इंतजाम** | हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 52,30,297 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

# यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इण्टर परीक्षा की तैयारियां पूरी : डीआईओएस

## प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में भेजा जाएगा : पीएन सिंह

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा संस्था उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। बोर्ड परीक्षाएं नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से कराए जाने को लेकर यूपी बोर्ड ने खास इंतजाम किए हैं। यूपी बोर्ड ने प्रिंटिंग प्रेस में छपाए गए प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं जिलों में भेजी जा रही हैं।

हर जिले में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) की मौजूदगी में जनपद मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं को रखा जा रहा है। इसके बाद परीक्षा से पहले हर परीक्षा केंद्रों पर इसे कड़ी सुरक्षा में भेजा जाएगा। प्रयागराज जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जीआईसी में डीआईओएस पीएन सिंह अन्य मातहत अधिकारियों एडीआईओएस की मौजूदगी में प्रश्न पत्रों और कापियों को सुरक्षित रखा जा रहा है। डीआईओएस पी एन सिंह ने बताया कि प्रयागराज जिले में कुल 333 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर जिले को आठ जोन 33 सेक्टरों में बांटा गया है। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिले में आठ सचल दल बनाए गए हैं। सचल दलों में कार्मिकों की नियुक्ति भी कर दी गई है। डीआईओएस ने बताया कि डीएम से अनुमति प्राप्त कर प्रश्न पत्रों और कापियों को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा है कि 10 फरवरी से प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं जिले के परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच भेजी जाएंगी। डीआईओएस ने बताया कि



प्रयागराज जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में कुल मिलाकर 1,95,912 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। जिले में 11 संवेदनशील और आठ अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों की रांग ओपनिंग न हो इसको लेकर भी खास इंतजाम किए जा रहे हैं। डीआईओएस स्तर पर केंद्र व्यवस्थापकों के साथ एक बैठक भी हो चुकी है। एक बैठक डीएम की अध्यक्षता में जल्द होनी है। जिसमें यूपी बोर्ड की विस्तृत गाइडलाइन के तहत केंद्र व्यवस्थापकों और मजिस्ट्रेट को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा डीआईओएस दफ्तर में कंट्रोल रूम बनाया गया है। डीआईओएस ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को लेकर अगर किसी तरह की समस्या है तो 24 घंटे कोई भी फोन पर सम्पर्क कर समाधान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर भी प्रश्न पत्र और कॉपियां स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी। प्रश्न पत्र 5 से 7 कवरिंग में है। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को लेकर फूल प्रूफ व्यवस्था की गई है। इसलिए किसी तरह की चूक की कोई सम्भावना नहीं है।गौरतलब है कि, यूपी बोर्ड की परीक्षा में इस बार पूरे प्रदेश में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 52,30,297 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। जिसमें हाईस्कूल में 27,50,945 और इंटरमीडिएट में 24,79,352 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। पूरे प्रदेश में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 8033 केंद्रों पर होंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से लेकर 12 मार्च तक चलेंगी।

# खंड शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में खुली शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं की पोल

▸ विशेश्वरगंज में एमडीएम का बड़ा खेल उजागर



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड के वीर इंटर कॉलेज धनुही (जूनियर हाईस्कूल) में बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश मिश्र के औचक निरीक्षण ने शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। विद्यालय में जहां 527 छात्र पंजीकृत हैं, वहीं निरीक्षण के समय 180 छात्र उपस्थित पाए गए, लेकिन मध्याह्न भोजन की व्यवस्था केवल 41 बच्चों के लिए ही की गई थी। मीनू के अनुसार तहरी बनाई गई थी, जिसे सिर्फ 41 बच्चों ने ही खाया, जबकि शेष उपस्थित बच्चे भोजन से वंचित रह गए, जो एमडीएम में गंभीर अनियमितता और संभावित गड़बड़ी की ओर सीधा इशारा करता है। इतना ही नहीं, सोमवार को प्रस्तावित दूध वितरण पूरी तरह गायब मिला और निरीक्षण के दौरान दूध का नामोनिशान तक नहीं था, स्टाफ ने स्वीकार किया कि विद्यालय में दूध वितरण नियमित नहीं है। निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य भी विद्यालय में मौजूद नहीं मिले और स्टाफ द्वारा उनके डीएम मीटिंग में होने की बात कही गई। गौरतलब है कि यह विद्यालय पहले भी एमडीएम से जुड़ी कथित गड़बड़ियों को लेकर विवादों में रहा है और दिहल दास मिश्र द्वारा की गई पूर्व शिकायतों की जांच अब तक लंबित बताई जा रही है। पूरे मामले को गंभीर मानते हुए बीईओ कमलेश मिश्र ने रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजने तथा एमडीएम और दूध वितरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सुचारू संचालन को लेकर आयोजित हुई बैठक

▸ टीकाकरण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित समीक्षा की

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़**



विकास खण्ड पयागपुर सभागार में गुरुवार को आगामी स्वास्थ्य कार्यक्रम स्कूल बेस्ड मिजिल्स रुबेला टीकाकरण 16 से 27 फरवरी, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी माप अप दिवस 13 फरवरी, स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान,100 दिवसीय क्षय रोगी खोजी अभियान, मेगा शिविर के आयोजन तहसील मुख्यालय पयागपुर पर शनिवार को आयोजित होगा जिसमें सभी विभाग अपने योजनाओं के स्टाल लगा कर सेवा प्रदान करने संबंधित बीटीएफ की बैठक खंड विकास अधिकारी पयागपुर अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने टीकाकरण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित समीक्षा की गई नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण,सर्वे एवं ड्यू-लिस्ट के अद्यतन,उच्च जोखिम गर्भावस्था तथा मातृ-शिशु पोषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्कूलों में संचालित होने वाले अभियान को सफल बनाने हेतु आपस में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर के अधीक्षक डा धीरेन्द्र तिवारी के निर्देशन में बैठक के दौरान आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में खंड विकास अधिकारी द्वारा सभी पंचायत सहायकों को प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। ग्राम स्तर पर अभियानों का शुभारंभ ग्राम प्रधान या बीडीसी सदस्यों को अवश्य आमंत्रित करें व उनके सहयोग लिए जाए अभियान से पूर्व सभी अभिभावक को इसकी सूचना सभी नोडल शिक्षक द्वारा पीटीएम के माध्यम से दे दी जाए। बैठक में एडीओ पंचायत तेजनारायण राव, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अनुपम शुक्ल, डब्लूएचओ फील्ड मॉनिटर अविनाश अवस्थी नोडल शिक्षक प्रदीप पाण्डेय, आईसीडीएस से सपना मौर्य मनीष द्विवेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्लैब गिरने से घायल श्रमिक की मौत

**लखनऊ में इलाज के दौरान तोड़ा दम, 5 लोग हुए थे घायल**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बशीरगंज इलाके में दो दिन पहले निर्माणाधीन भवन की स्लैब गिरने से घायल हुए एक श्रमिक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में कुल पांच मजदूर घायल हुए थे। यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के बशीरगंज में हुई, जहां एक भवन पर स्लैब डालने का काम चल रहा था। काम के दौरान अचानक स्लैब का एक हिस्सा गिर गया। स्लैब गिरने की चपेट में आकर कंधई लाल, मनोज, राम निवास, विक्रम और झुलसे नामक पांच मजदूर घायल हो गए थे। इनमें से श्रावस्ती जनपद के निवासी झुलसे की हालत गंभीर थी। चिकित्सकों ने झुलसे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया था।

# कोर्ट के आदेश पर नेठिया में कोटा चयन

## जूही शुक्ला की एकतरफा जीत

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



विकास क्षेत्र विशेश्वरगंज की ग्राम पंचायत नेठिया स्थित प्राथमिक विद्यालय विसई डिहवा में न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के अनुपालन में कोटा चयन प्रक्रिया के लिए चौथी बार खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान आरती देवी ने की, जबकि पूरी प्रक्रिया ब्लॉक प्रशासन द्वारा गठित विशेष टीम की निगरानी में संपन्न हुई। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा और पूरा परिसर पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया। ग्राम पंचायत के कुल 1,800 मतदाताओं में से नियमानुसार 360 मतदाताओं की उपस्थिति से कोरम पूर्ण हुआ। कोटा चयन में चार प्रत्याशी मैदान में रहे। आधार कार्ड के माध्यम से पहचान सत्यापन के बाद मतदान कराया गया। मतगणना में जूही शुक्ला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 407 मतों के भारी अंतर से एकतरफा जीत दर्ज की। प्रशासन और पुलिस की कड़ी निगरानी में पूरी चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई।

**विरासत दम तोड़ रही है, तंत्र बेख़बर**

# हस्त–सेल्फी कारीगरों के लिए सरकार बने आखिरी उम्मीद



**जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जरवल नगर की पहचान रही सदियों पुरानी हस्त-सेल्फी कला आज अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। कपड़ों पर हाथों से की जाने वाली यह बारीक कढ़ाई और तराशी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही एक सांस्कृतिक विरासत है। एक समय था जब नगर के हर तीसरे घर से इस हुनर के ज़रिये रोज़ी-रोटी चलती थी, लेकिन आज यह कला विलुप्त होने के कगार पर पहुँच गई है। सरकार द्वारा कारीगरों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, हस्तशिल्प कारीगर कल्याण योजना, मुद्रा योजना और कौशल विकास मिशन जैसी कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और बाज़ार उपलब्ध कराना है। इसके बावजूद जरवल क्षेत्र के हस्त-सेल्फी कारीगर इन योजनाओं के वास्तविक लाभ से वंचित हैं। कारीगरों का कहना है कि योजनाओं की जानकारी का अभाव, जटिल ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ों की कमी और विभागीय उदासीनता के कारण वे इन योजनाओं से जुड़ ही नहीं पा रहे हैं। न तो स्थानीय स्तर पर कोई सर्वे कराया गया और न ही कोई प्रशिक्षण या सहायता शिविर लगाया गया। परिणामस्वरूप कारीगरों को महीनों की मेहनत के बाद भी बेहद कम मजदूरी मिलती है, जिससे परिवार का खर्च तक पूरा नहीं हो पाता। इसी आर्थिक दबाव के चलते लगभग 80 प्रतिशत कारीगर यह पेशा छोड़ चुके हैं। शेष बचे करीब 20 प्रतिशत कारीगर भी गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। उम्र और संसाधनों की कमी के कारण वे कोई वैकल्पिक रोजगार–जैसे रिक्शा, ऑटो या ठेला–भी नहीं चला पा रहे हैं, जिससे उनके सामने भुखमरी जैसी स्थिति बनती जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### नाम काटने का फॉर्म 7 मेरे द्वारा नहीं दिया गया : पूर्व सभासद दिनेश कश्यप



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** भाजपा नगर उपाध्यक्ष और वर्तमान सभासद के पति पूर्व सभासद दिनेश कश्यप का आरोप.. हैं कि मेरे द्वारा कोई भी फॉर्म 7 भर कर नहीं दिया गया है मेरा फर्जी दस्तक करके नाम काटने का प्रार्थना पत्र दिया गया है जो सरासर गलत है मैं कहीं भी इस बात को खुले मंच पर कह सकता हूं मेरा नाम लेकर के मुझे बदनाम किया जा रहा है मेरा फर्जी दस्तखत बनाकर फॉर्म 7 भरकर जमा किया जा रहा है। जो गलत है मैं कहीं भी कम्प्लेन्ट करने को तैयार हूँ। यह मामला विधानसभा गोण्डा सदर 296 के बूथ संख्या 112, 113, 114, 115 और 116 का है। इस तरह के मामले हर बूथ पर देखने को मिल रहे हैं। इन बातों को लेकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सूरत सिंह के द्वारा कही गई।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, तीन घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पहली घटना कर्नल गंज थाना क्षेत्र के उदिया पुर मोड़ टरहाता ग्राम के पास बुधवार की देर रात्रि में एक बाइक पर सवार तीन लोगों को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दिया जिस में 32 वर्षीय नरसिंह पुत्र बहादुर निवासी ग्राम बलदेव पुरवा मौजा बसेरिया की मौत हो गई। 26 वर्षीय लल्लू पुत्र मुन्ना राम मुकुट का सात वर्षीय पुत्र शिवम घायल हो गए। बाइक सवार तीनों लोग अपने एक रिश्तेदार गुडवालिया ग्राम में तेरही कार्य क्रम में गए हुए थे।तेरही के कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे। चीनी मिल से गन्ना उतार कर घर जा रहा ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आने से घटना घट गई। घायलों में मुकुट का सात वर्षीय पुत्र शिवम और लल्लू को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। लल्लू की हालत गंभीर बताई गाई है। मृतक के चार बच्चे है। जिस में सब से बड़ी पुत्री आंचल 8 वर्षीय पुत्र अजीत 6 वर्षीय आशिंकद्य 4 वर्षीय रेशमा है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है । छपिया थाना क्षेत्र के शीतल गंज निवासी 23 वर्षीय रिंकू पुत्र दुःख राम अपने भांजे 8 वर्षीय संदीप कुमार के साथ स्कूटी से छपिया बाजार घर का सामना खरीदने गुरुवार की सुबह जा रहा था। फुटिया बाजार के पास बालू लदी डम्फर के चपेट में आने से मामा रिंकू की दर्द नाक मौत हो गई। भांजे संदीप को हल्की चोट आई है। इस घटना की जानकारी घर पर मिलते हो दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेडिसन हॉस्पिटल को सीज करने का जारी किया नटिस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विगत 30 सितंबर को महिला तारा गस्वामी पत्नी सूरज गोस्वामी निवासी केशवपुर पहरव को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने जिले के मेडिसन हॉस्पिटल में लाकर भर्ती किया गया जहां परिजनों को बताया गया कि हमारे यहां महिला अस्पताल की डॉक्टर सौम्या शुक्ला प्रसव कराने के लिए आती है और आश्वासन दिया गया कि आप बेफिक्र होकर बैठे आपका मरीज बिल्कुल सही सलामत घर जाएगा किंतु मेडिसन हॉस्पिटल में अप्रशिक्षित नसों के द्वारा प्रसव करा दिया गया और नॉर्मल डिलीवरी करने के चक्कर में हमारी मरीज तारा गोस्वामी की मृत्यु हो गई इस प्रकरण की शिकायत परिजनों द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से किया जिसकी जांच रिपोर्ट जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतलाल पटेल के द्वारद मेडिसिन हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है यदि उनका जवाब संतोष जनक नहीं आता है तो मेडिसन हॉस्पिटल को सीज कर दिया जएगा इन बातों की जानकारी जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतलाल पटेल के द्वारा दी गई।

### तालाब में डूबकर महिला की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के गद्दो पुर ग्राम के निवासी 55 वर्षीय गेंदा पत्नी सवाल प्रसाद की घर के बगल तालाब में पानी में डूब कर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतका गेंदा की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। अक्सर घर से चली जाती थी। बुधवार की सुबह अचानक घर से चली गई। परिजनों ने काफी खोज बीन किया परन्तु कही पता नहीं चल सका। देर शाम को घर के बगल तालाब में उस की लाश मिली। पुलिस ने शव को तालाब से निकलवा कर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अनुदेशकों में खुशी की लहर

**परिषदीय अनुदेशक कल्याण संगठन ने दी बधाई**




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों को सुप्रीम कोर्ट से जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस प्रसन्ना वी वराले के पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज करके बड़ी राहत दी। लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं हजारों अनुदेशकों में खुशी की लहर है। जिला महामंत्री आशीष कुमार सिंह ने सभी साथियों को बधाई दी और कहा कि वर्ष 2017 से चल रही इस न्यायिक लड़ाई में एरियर के साथ माह अप्रैल 2026 से बड़े हुए मानदेय का भुगतान होना बहुत बड़ी जीत है यह फैसला न केवल आर्थिक रूप से राहत देने वाला है बल्कि अनुदेशकों के सम्मान अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।पयागपुर के अनुदेशक आशीष कुमार सिंह ने बताया कि हर्ष व्यक्त करने वालों मे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष मंत्री राजेश कुमार मिश्र, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, रवि श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला, रोहित शुक्ला, शिव श्याम मिश्र आदि शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# मिहींपुरवा तहसील में खुली लूट, हस्ताक्षर के नाम पर वसूली

▸ प्राइवेट दलाल चला रहे सरकारी दफ्तर

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



मिहींपुरवा तहसील में भ्रष्टाचार अब फाइलों के भीतर नहीं, खुलेआम चल रहा है। हालात इतने शर्मनाक हो चुके हैं कि आम आदमी को अपना वैध काम कराने के लिए रिश्वत देना मजबूरी बना दी गई है। तहसील आज प्रशासनिक कार्यालय नहीं, बल्कि दलालों और प्राइवेट वसूलीबाजों का अड्डा बन चुकी है। ताजा मामला महराजसिंह नगर निवासी राजू गुप्ता का है, जिन्होंने खाद-बीज की दुकान खोलने के लिए तहसील मिहींपुरवा में आवेदन किया। नियम के तहत क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक से जांच कराई गई, नेपाल सीमा से जुड़ी जांच संख्या भी लगाई गई–यानि कागजों में सब कुछ पूरा। इसके बावजूद, आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल के साथ बाबूगिरी कर रहे विपिन कुमार पुत्र नंगू प्रसाद ने तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल के हस्ताक्षर कराने के नाम पर ?2500 की खुली मांग कर दी। जब राजू गुप्ता ने रिश्वत देने से इनकार किया तो जवाब और भी चौंकाने वाला था–'पैसा नहीं दोगे तो काम नहीं होगा।' मजबूरी में पीड़ित को 1500 ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और 1000 नकद देना पड़ा। सबसे बड़ा सवालः तहसील में प्राइवेट लड़के किसके इशारे पर? उप जिलाधिकारी न्यायालय से लेकर तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल कार्यालयों तक प्राइवेट व्यक्तियों की खुली आवाजाही आखिर किसकी शह पर है? ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि ये तथाकथित बाबू और प्राइवेट लड़के अधिकारियों तक अवैध वसूली का पैसा पहुंचाने का जरिया बने हुए हैं, ताकि सब कुछ 'मैनेज' रहे और शिकायतें दबा दी जाएं।

**बरसों से शिकायतें, फिर भी कार्रवाई शून्य–** ग्रामीणों का कहना है कि इस भ्रष्ट तंत्र की शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई, लेकिन हर बार फाइलें ठंडे बस्ते में डाल दी गईं। नतीजा– मिहींपुरवा तहसील आज आम जनता के लिए नहीं, बल्कि रिश्वतखोरों की सुरक्षित पनाहगाह बन गई है।

**डीएम ने दिया जांच का भरोसा, एसडीएम ने किया इनकार**

मामले की शिकायत जब जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी से दूरभाष पर की गई तो उन्होंने जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, उप जिलाधिकारी रामदयाल ने आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा– 'ऐसा नहीं होता।' लेकिन सवाल यह है कि ऑनलाइन भुगतान और नकद लेन-देन के साक्ष्य सामने होने के बावजूद क्या जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे रहेंगे? अब पूरा जनपद यह देखने को मजबूर है कि क्या यह जांच भी सिर्फ कागजी साबित होगी या मिहींपुरवा तहसील में वर्षों से जड़ जमा चुके भ्रष्टाचार के इस गढ़ पर वास्तव में बुलडोजर चलेगा।

# जिला पंचायत बूधीपुर में भाजपा नेता रमेश चौहान ने बच्चों को बांटे स्वेटर



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** डॉ. अजय सिंह चौहान के सौजन्य से भाजपा नेता रमेश चौहान द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र बूधीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरिया इनायत एवं ग्राम पंचायत हसऊपुर में बच्चों के लिए निशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश चौहान ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना सामाजिक दायित्व है। ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना सेवा का कार्य है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में देवानंद तिवारी, गुड़िया वर्मा (मंडल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा), अनिल वर्मा, बजरंगी उपाध्याय, कृष्ण बिहारी तिवारी, रामनारायण तिवारी, दिलशेर, फैजान, रहमतुल्ला, भाई आशीष चौहान, बंसीलाल कश्यप, सरजू प्रसाद श्रीवास्तव, बिलाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 8 से 26 फरवरी तक

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को सूचित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत माह जनवरी, 2026 के सापेक्ष निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण जनपद बलरामपुर में दिनांक 08 फरवरी, 2026 से प्रारम्भ होकर 26 फरवरी, 2026 तक निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं द्वारा प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

इस दौरान अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किग्रा फोर्टिफाइड चावल एवं 14 किग्रा गेहूँ, कुल 35 किग्रा खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 03 किग्रा फोर्टिफाइड चावल एवं 02 किग्रा गेहूँ, कुल 05 किग्रा खाद्यान्न पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा, जबकि खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि 26 फरवरी, 2026 निर्धारित है और आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले कार्डधारकों हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से दिनांक 26.02.2026 को निःशुल्क वितरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने हेतु सभी उचित दर विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं तथा किसी भी लाभार्थी को वितरण के दौरान यदि कोई समस्या आती है तो वह विभागीय टोल फ्री नंबर 18001800150 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकता है, वहीं ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न न देने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित उचित दर विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# गैडास बुजुर्ग पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा, योजनाओं व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी



**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद बलरामपुर के थाना गैडास बुजुर्ग क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को लेकर पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम ने व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में टीम प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम कुमार यादव, महिला आरक्षी सुप्रिया सिंह और सुमनलता सरोज ने क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों को एकत्रित कर उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। पुलिस टीम ने बताया कि कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वृद्धा पेंशन योजना और विधवा पेंशन योजना जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहारा प्रदान करती हैं। जागरूकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़खानी, लैंगिक उत्पीड़न तथा अन्य महिला अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी घटनाओं को छिपाने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना देना चाहिए। महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव पर भी विस्तार से समझाया गया। टीम ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को अपना ह्यक्कसाझा न करें, लकी ड्रा या इनाम के नाम पर आने वाली कॉल से सावधान रहें, वीडियो कॉल के माध्यम से ब्लैकमेलिंग से बचें तथा बैंकिंग से संबंधित किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर भरोसा न करें। पेंशन या केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से भी सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस द्वारा आपातकालीन और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें यूपी आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 1090 और 181, एंबुलेंस सेवा 102/108, साइबर हेल्पलाइन 1930/155260 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शामिल हैं। महिलाओं से कहा गया कि किसी भी समस्या या खतरे की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें। अंत में पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी जागरूक करें। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी मिलती है तथा आत्मविश्वास भी बढ़ता है। पुलिस विभाग ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान आगे भी निरंतर चलाया जाएगा ताकि महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान किया जा सके।

# अब किसानों को पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण : योगी

▸ मुख्यमंत्री ने किया ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 का विमोचन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस ने उत्तर प्रदेश में ऋण स्वीकृति की तस्वीर बदल दी है। अन्नदाता किसान जब पहले किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी के माध्यम से ऋण लेने जाता था, तो 25 दिन से लेकर एक महीने तक इंतजार करना पड़ता था लेकिन आज वही किसान ई-केसीसी के माध्यम से मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहा है।

2026-27 के लिए जो हमारा कृषि ऋण 3 लाख करोड़ है, यह पहले की तुलना में 13 फीसदी बढ़ा है। यही सुशासन है और इसी दिशा में हमें और मजबूती से आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सरकार और अन्नदाता किसान मिलकर सोच रहे हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का उपयोग खेती में कैसे किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई एफपीओ फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन को मंच पर सम्मानित किया।

### प्रस्तुत मॉडल पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा

सीएम योगी ने कहा कि संगोष्ठी में जो मॉडल प्रस्तुत किए गए, वे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा हैं। दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ, जिसमें 1,005 सदस्य हैं, इसका जीवंत उदाहरण है। पूर्वी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में, जिन्हें पहले कमजोर माना जाता था, दिव्यांगजनों ने अपनी मेहनत और क्षमता से नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह आंखें खोलने वाला काम है और इसके लिए वे सभी अभिनंदन के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादन कंपनी का उल्लेख करते हुए कहा कि मैंने स्वयं उनकी प्रदर्शनी देखी है। किस तरह मस्टर्ड ऑयल को प्रोसेसिंग से जोड़कर महिलाओं ने बेहतर मुनाफा कमाया, यह पूरे प्रदेश के लिए सीख है। सरकार इस तरह के प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी। सहकारिता क्षेत्र भी बदल रहा है। सहकार से समृद्धि की ओर के विजन के तहत डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और पारदर्शी नीतियों से सहकारी संस्थाओं में सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है।

# महावीर के सर्वोदय सिद्धांतों को ग्रहण करने से मिलती है जीवन जीने की सच्ची कला : जयवीर

▸ जैन विद्या शोध संस्थान का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित निजी सहभागिता के अन्तर्गत स्थापित सात पुरस्कार संस्थान के अलंकरण समारोह में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदान किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने मंत्री का स्वागत एवं सम्मान किया। संस्थान के निदेशक अमित



कुमार अग्निहोत्री ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुये संस्थान की गतिविधियों से परिचय कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जयवीर सिंह ने कहा कि जीवन जीने की सच्ची कला महावीर के सर्वोदय सिद्धांतों को ग्रहण करने से मिलती है। प्राचीन धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में संस्कृति विभाग उ.प्र. निरन्तर प्रयास करना है। जैन धर्म एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भी विकास विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सतत् किया जा रहा है।

प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर संस्थान ने प्रदेश के 18 तीर्थंकरों की जन्म स्थानों पर संगोष्ठियों को आयोजित कर अहिंसा और अनेकान्त सिद्धांतों द्वारा विश्व शान्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाने में सार्थक प्रयास- शाकाहार और सदाचार का प्रचार प्रसार। नैतिक शिक्षा और संस्कार शिवरों के माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं में संस्कारों की अभिवृद्धि सार्थक प्रयास किया।

## खबरें एक नजर में

### डाला-कार की भीषण टक्कर में ड्राइवर घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के शहीद पथ पर बुधवार रात करीब 12 बजे एक डाला और कार की भीषण टक्कर हो गई। इस टक्कर में डाला चालक घायल हो गया। घटनास्थल पर कार क्षतिग्रस्त थी जिसके पीछे डाला सड़क पर पलटा हुआ पड़ा था। पुलिस इसकी जांच कर रही है कि डाला पीछे से कैसे लड़ा? क्या कार बीच रास्ते खड़ी थी या कार वाले ने अचानक ब्रेक लगाया या फिर डाला बेकाबू चल रहा था। दुर्घटना के कारण शहीद पथ की एक लेन पर लंबा जाम लग गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। इस दुर्घटना में डाला वाहन चालक घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। कार चालक की पहचान प्रतीक मिश्रा के रूप में हुई है, जबकि डाला वाहन विकास पांडेय चला रहे थे।

### 25 मार्च को सामूहिक विवाह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुस्लिम सामूहिक विवाह कमेटी के जनरल सेक्रेटरी चौधरी शादाब कुरैशी के ऑफिस में सामूहिक विवाह को लेकर एक बैठक हुई। इस मौके पर चौधरी शादाब कुरैशी ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी इंशा अल्लाह 25 मार्च 2026 को शाम 5 बजे चंद्र मैरिज हॉल, मोअज्जम नगर में कई जोड़ों का निकाह कराने का फैसला किया गया है, जो आप सभी के सहयोग से होता आ रहा है। हमें पूरा भरोसा है कि इस साल भी आप सभी के सहयोग से यह समारोह सफलतापूर्वक होगा। सलीम अहमद राईनी ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चों की शादी धूमधाम से हो। उन्होंने कहा कि बड़े और ताकतवर लोग अपने सपने पूरे करने में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन हमारे बीच कुछ कमजोर और गरीब लोग भी रहते हैं जो अपने सपने पूरे करने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन उनके सपने पूरे नहीं हो पाते क्योंकि वे दूसरों को अपनी कमजोरी बताने से बचते हैं, इसी वजह से हमारी कमेटी ऐसे लोगों को पहचानकर उनसे कॉन्टैक्ट करती है और फिर उन्हें ज्यादा से ज्यादा खुश रहने का मौका देती है। फहीम सिद्दीकी ने कहा कि अल्लाह के हुक्म और आप सभी के सहयोग से यह सामूहिक विवाह सिस्टम सत्रह सालों से कामयाबी से चल रहा है। राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता तंजीम के कन्वीनर मुहम्मद आफाक ने कहा कि हम उन सभी लोगों से अपील करते हैं जो शव्वाल में या उसके बाद अपने बेटे-बेटियों की शादी धूमधाम से करते हैं, तो आप जरूर करें, लेकिन हमारी सामूहिक विवाह कमेटी का भी सहयोग करें, अल्लाह आपको इसका इनाम देगा।

### नगर निगम ने सील किया गल्ला मंडी का खाता, 64 लाख टैक्स बकाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ नगर निगम ने जोन-6 स्थित नवीन गल्ला मंडी, सीतापुर रोड पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक खाता सील कर दिया है। कुल 64 लाख 94,040 रुपए गल्ला मंडी पर हाउस टैक्स बकाया था। इसमें से एक प्रॉपर्टी का किराया 22 लाख 57 हजार 922 रुपए था। गल्ला मंडी अधिकारियों ने नगर निगम को चेक बिना साइन के व्हाट्सऐप पर भेज दिया था। उसे नगर निगम में जमा नहीं किया गया। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि लंबे समय से बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली न होने पर मंडी समिति के बैंक खाते को सीज कर दिया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नवीन गल्ला मंडी सीतापुर रोड, लखनऊ के भवन संख्या जीबी, सीसी पर 31 मार्च 2026 तक कुल 42 लाख 36 हजार 118 रुपए प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। मंडी से जुड़े प्रॉपर्टी नंबर 605/385 पर 22 लाख 57 हजार 922 रुपए की राशि बकाया है। नगर निगम द्वारा का कहना है कि प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली के लिए पहले भी संबंधित संस्था को कई बार बिल एवं नोटिस जारी किए गए थे। अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर बकाया राशि जमा करने के लिए भी कहा गया। बावजूद इसके भुगतान नहीं किया गया। जनवरी 2026 में नवीन गल्ला मंडी कार्यालय द्वारा 19 जनवरी 2026 का 22 लाख रुपये का एक चेक व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजा गया, जो बिना हस्ताक्षर का था। इसके बाद चेक को नगर निगम कार्यालय में जमा नहीं किया गया। नगर निगम ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 506 से 509 के अंतर्गत मिले अधिकार का प्रयोग करते हुए कड़ा निर्णय लिया। इसके तहत मंडी समिति सीतापुर रोड का बैंक खाता संख्या को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया है। इस खाते से किसी भी प्रकार के लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यदि एक सप्ताह के भीतर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम में जमा नहीं की जाती है, तो बैंक खाते से सीधे नगर निगम के खाते में राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। यह राशि नगर निगम के खाते में जमा कराई जाएगी।

### युवक ने दुपट्टे से फंदा लगाकर दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फसिटी इलाके के मचलखेड़ा गांव में एक युवक ने अपने कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे एंगल से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मचलखेड़ा गांव निवासी 22 वर्षीय लल्लन उर्फ मनी के रूप में हुई है, जो मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि वह शराब पीने का आदी था। यह घटना बुधवार रात की है। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात जब लल्लन के पिता ने उसे खाने के लिए आवाज दी और कोई जवाब नहीं मिला, तो वे उसे बुलाने कमरे में गए। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। शुरुआती जांच में आत्महत्या के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की ठोस पहल

# 6 से 13 फरवरी तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 : कपिल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और ठोस पहल करने जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में 06 से 13 फरवरी 2026 तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षित ऐसे पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से



जोड़ा जाएगा, जो वर्तमान में जनपदों में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इस अभियान का लाभ ले सकेंगे। औद्योगिक इकाइयों में सेवायोजन पर जोरदिव्यांगजन रोजगार अभियान के दौरान जनपदों में संचालित औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य अधिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजनों का सेवायोजन कराया जाएगा। इसके अलावा एमएसएमई, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र तथा अन्य विभागों की स्व-रोजगार योजनाओं से भी दिव्यांगजनों को जोड़ा जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचालनउत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि हर जनपद में यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक शामिल होंगे। निर्धारित अवधि में राजकीय आईटीआई को केंद्र बनाकर सेवायोजन एवं स्व-रोजगार संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### रोजगार संगम पोर्टल से भी मिलेगा अवसर

रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत इच्छुक दिव्यांगजनों को भी इस अभियान में सम्मिलित किया जाएगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी के माध्यम से उन्हें उपलब्ध रिक्तियों पर नियोजित कराया जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि अभियान का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस अवसर का लाभ उठा सकें और रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

### टॉप-5 जनपदों को मिलेगा सम्मान

अभियान के सफल क्रियान्वयन पर सर्वाधिक सेवायोजन एवं स्व-रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रदेश के शीर्ष पांच जनपदों के जिलाधिकारियों एवं उनकी टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। 13 फरवरी 2026 को सायं 5 बजे तक सभी जनपदों से सेवायोजित दिव्यांगजनों की संख्या, नियुक्ति पत्र एवं स्व-रोजगार से जुड़े साक्ष्य मांगे जाएंगे।

# सराहनीय : अभ्युदय योजना से जुड़े 77 अभ्यर्थी यूपीपीसीएस-2024 मुख्य परीक्षा में सफल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की है। समाज कल्याण मंत्रालय की ओर से संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे 77 अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (यूपीपीसीएस) 2024 की मुख्य परीक्षा में सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि योगी सरकार की युवा कल्याण से जुड़ी नीति को दर्शाती है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान युवाओं को निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर दिया जा रहा है।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सबका साथ-सबका विकास' के विजन को धरातल पर उतार रही है। यह योजना सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी प्रतिभाशाली युवा की सफलता आर्थिक सीमाओं के कारण बाधित न हो। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि भागीदारी भवन, लखनऊ स्थित कोचिंग केंद्र से 40, अलीगंज स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र से 20 तथा हापुड़ स्थित राजकीय आईएएस/पीसीएस कोचिंग केंद्र से 17 अभ्यर्थी यूपीपीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हैं।

योगी सरकार की यह पहल प्रदेश के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच दिलाने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# इकलौते बेटे के जनाजे से लिपटकर रोई मां, चाइनीज मांझे से गई थी जान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझे की वजह से जान गंवाने वाले शोएब का जनाजा गुरुवार को उठा। घर के इकलौते बेटे की लाश देखने के बाद बूढ़ी मां बदहवास हैं। पत्नी रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी। सुध-बुध खो बैठी पत्नी होश में आने पर बस इतना ही कह पा रही थी कि देखो, सोते हुए कितने स्मार्ट लग रहे हैं। कोई इन्हें उठाओ। पत्नी की बात चीख सुनकर मौजूद हर किसी की आंखें नम हो जा रही थी।

दुबग्गा के शीते विहार कॉलोनी में शोएब का घर है। 4 फरवरी को चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से उनकी मौत हो गई थी। गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद उनका शव घर पहुंचा। घर पर रिश्तेदार-पड़ोसियों की भीड़ लगी थी। शोएब की 2 बेटियां हैं। बड़ी बेटी 6 साल की है। पापा का शव देखकर वह भी रोए जा रही थी। जबकि 2 वर्षीय छोटी बेटी घर में अचानक से लोगों की भीड़ और सफेद कपड़े में लपेटकर रखे पापा को निहार रही थी। पड़ोसी बताते हैं कि शोएब ने 5 महीने पहले एक घर खरीदा था। उसका रेनोवेशन कराकर परिवार के साथ रह रहे थे। वह अपनी बेटियों को खूब पढ़ाना चाहते थे। चाहते थे कि दोनों बेटियां अफसर और डॉक्टर बनें।

बहनोई अफसर खां के अनुसार, शोएब के पिता की 8 साल पहले मौत हो गई थी। घर में 75 साल की बुजुर्ग



मां हैं। पत्नी और दो बच्चे हैं। एक बेटी 2 साल की है। वह अब भी गोद में खेलती है। सबकी जिम्मेदारी शोएब पर ही थी। इसको लेकर वह योजनाएं बनाता था। वह अक्सर बोलता था कि दोनों बेटियों को खूब पढ़ाऊंगा, अच्छा अफसर, डॉक्टर बनाऊंगा। उनके भविष्य को सिक्योर करने के लिए वह घर बनवा रहा था। इसे किराये पर उठाने का प्लान था। शोएब बाइक से जा रहे थे। हैदरगंज ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझा फंसा हुआ था। मांझा दिखा नहीं और सीधे शोएब की गर्दन से लग गया। उनकी गर्दन से खून निकलने लगा। वह वहीं गिरकर तड़पने लगे। न जाने और कितनी बहनें इसकी वजह से विधवा हो जाएंगी। इस पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। घर का इकलौता लड़का था। पूरे इलाके में सबका प्यारा था। सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसको बेचने वालों को तत्काल सजा होनी चाहिए।

# महापौर ने मृतक आश्रितों को सौंपे ज्वाइनिंग लेटर

▸ 13 लोगों को मिली नौकरी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर निगम लखनऊ मुख्यालय में गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम उन परिवारों के लिए राहत का संदेश लेकर आया, जिन्होंने अपने परिजनों को सेवा के दौरान खो दिया था। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने कुल 13 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें शेखर, रागिनी, विकास भारती, बीनू, रितिक गहरवाल,अवनीश कुमार, पिन्की, आकाश कुमार भारती, सुभाष



धानुक,नीरज कुमार, शिवांशू भारती,काजल और शिवम भारती शामिल हैं। इन सभी मृतक आश्रितों को सफाई कर्मी के पद पर नियुक्त किया गया है। महापौर ने नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों को नौकरी देना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों को सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने का माध्यम है। महापौर ने सभी नवनियुक्त कर्मियों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि मृतक आश्रितों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप पूरा किया गया है। इस पहल से न केवल प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहारा मिलेगा, बल्कि नगर निगम की सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनियुक्त कर्मचारियों ने महापौर नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव, प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान विकास सिंह सहित नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मौके पर अधिकारियों ने नवनियुक्त कर्मचारियों को विभागीय नियमों और कार्य जिम्मेदारियों की जानकारी भी दी।

# नगर निगम में आज आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किए जाने की परंपरा के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल जी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान




नगर निगम के विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे और यथासंभव तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

इस समाधान दिवस में मुख्य रूप से गृहकर, जलकर, कर निर्धारण, सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, सड़क एवं गली मरम्मत, सीवर व ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, जल आपूर्ति सहित अन्य नगर निगम से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की जाएगी।

नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों पर जोनवार सुनवाई की जाएगी और आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर मौके पर ही समाधान प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सभी जोनों के जोनल अधिकारी, कर निर्धारण अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सभी जोनल अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकों के उपस्थित रहेंगे।

### जन भवन में आज से आठ फरवरी तक सजेगी फल शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जन भवन प्रांगण, लखनऊ में 6 से 8 फरवरी तक 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन छह फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की उपस्थिति में किया जाएगा। उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी आमजन के लिए खोल दी जाएगी। निदेशक उद्यान विभाग भानु प्रकाश राम ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी सदाबहार पौधे, शीतकालीन मौसमी पुष्प, औषधीय व सुगंधित पौधे, बोगेनविलिया, जैविक शाकभाजी, विशिष्ट फल, कट फ्लावर, पान, शहद तथा फल संरक्षण उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।


**तैयारी** | सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट ने पकड़ी जमीनी रफ्तार

# यूपी की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में होगी 'मॉम-2' की शूटिंग

▸ यूपी को फिल्म, ओटीटी, वेब सीरीज समेत एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाना है सीएम का विजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' ने अब जमीनी रफ्तार पकड़ ली है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में विकसित की जा रही उत्तर प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में पहली फिल्म शूटिंग के रूप में 'मॉम-2' का फिल्मांकन होने जा रहा है। फिल्म सिटी परिसर में शूटिंग को लेकर प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। परियोजना का निर्माण कर रहे बोनी कपूर और



भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर 'बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड' ने जमीन की मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिसके बाद फिल्म की शूटिंग शुरू होने की संभावना है। इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रोजेक्ट का कार्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर व भूटानी ग्रुप को संयुक्त रूप से मिला है। इस कंपनी ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। यीडा द्वारा लेआउट प्लान को मंजूरी दिए जाने के बाद परियोजना के पहले चरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। जमीन की मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिससे फिल्म निर्माण से जुड़ी गतिविधियां शुरू हो सकेंगी। इसके साथ ही फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य भी शुरू हो जाएगा और जल्द ही सीएम योगी व पीएम मोदी के कर कमलों से इसका विधिवत शुभारंभ होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बोनी कपूर की कंपनी ने ही 2017 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'मॉम' को प्रोड्यूस किया था और अब उन्होंने इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग को यूपी में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इंटरनेशनल फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को फिल्म, ओटीटी, वेब सीरीज समेत एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का राष्ट्रीयअंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाना है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट विकसित हो रही यह फिल्म सिटी आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और वर्ल्ड-क्लास सुविधाओं के साथ प्रदेश को एक एंटरटेनमेंट और एवियेशन हब के रूप में स्थापित करेगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्म सिटी की औपचारिक शुरुआत से पहले 'मॉम-2' जैसी फिल्म की शूटिंग इस बात का संकेत है कि यूपी की फिल्म पॉलिसी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर फिल्म इंडस्ट्री का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। यह परियोजना आने वाले समय में मुंबई समेत देश के अन्य फिल्म निर्माण केंद्रों का एक सशक्त विकल्प बन सकती है।

# कार्डियक-न्यूरोवैस्कुलर देखभाल को सशक्त बनाने के लिए रीजेंसी हेल्थ लखनऊ ने नेक्स्ट जेनरेशन कैथ लैब का किया अनावरण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने कार्डियोलॉजी और न्यूरोवैस्कुलर मेडिसिन में एडवांस्ड इंटरवेंशनल देखभाल को मज़बूत करने के लिए अपनी लखनऊ फैसिलिटी में नेक्स्ट-जेनरेशन कैथ लैब का उद्घाटन किया है। यह नई प्रणाली हाई-डेफिनिशन रियल-टाइम इमेजिंग, बेहतर वर्कफ़्लो क्षमता और मरीज़ों के ज़्यादा आराम के ज़रिए सुरक्षित, तेज़ और ज़्यादा सटीक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस फैसिलिटी का उद्घाटन ऐसे समय में हुआ है जब अस्पतालों में जटिल कार्डियक और न्यूरोवैस्कुलर इंटरवेंशन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, और इलाज़ के लिए मिनिमली




इनवेसिव तकनीकों की तरफ रुझान बढ़ रहा है। इस बदलते चिकित्सीय माहौल में एडवांस्ड कैथ लैब फैसिलिटी प्रक्रिया की सटीकता को बेहतर बनाने, नैदानिक खतरे का प्रबंधन करने और इमेज-गाइडेड इंटरवेंशन पर निर्भर मरीजों के लिए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है।

हॉस्पिटल के दीर्घकालिक चिकित्सीय उद्देश्यों को साझा करते हुए रीजेंसी हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने कहा कि मामले की जटिलता जैसे-जैसे बढ़ती है, तब इलाज के परिणाम केवल डॉक्टर की व्यक्तिगत विशेषज्ञता पर ही नहीं, बल्कि प्रक्रिया को सहयोग देने वाली तकनीकी प्रणालियों की विश्वसनीयता पर भी निर्भर करते हैं। यह कैथ लैब उस विश्वसनीयता को मज़बूत बनाती है और डॉक्टरों को एडवांस्ड कार्डियक और न्यूरोवस्कुलर इंटरवेंशन में ज़्यादा सटीकता और निरंतरता के साथ काम करने की सहूलियत प्रदान करती है।

## खबरें एक नजर में

### दलित युवती ने लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र खुटार के एक गांव निवासी युवती ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह दलित समाज की युवती है उसके गांव के ही एक युवक के द्वारा उसका लगभग 4 सालों से शारीरिक शोषण किया जा रहा है इस दौरान युवक के द्वारा थाना क्षेत्र बंडा स्थित सुनासिर नाथ मंदिर पर उसके साथ में शादी की गई। इसके बाद युवक युवती को अपने साथ में बाहर काम करने लेकर चला गया। जहां पर भी प्रार्थना का उसे युवक के द्वारा शारीरिक शोषण किया गया इस दौरान युवक अपने परिजनों से भी युवती की फोन के माध्यम से बात कराता था व घर ले जाने का झांसा देता रहा लगभग 4 वर्ष बीत जाने पर युवती के द्वारा उसे युवक को अपने घर ले जाने के लिए जब कहा तो युवक टाल मटोल करने लगा जब युवती के द्वारा बार-बार युवक से घर ले जाने की बात कही गई तो उसने दलित समाज का होने का कहते हुए अपनाने से मना कर दिया। युवती उसी गांव के रहने वाली है आरोपी युवक के परिजनों के द्वारा युवती के परिवार वाले व युवतियों को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिसके चलते युवती का का परिवार काफी भयभीत है। पीड़िता के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई।

### एडीओ पंचायत की ऑफिस में घुसकर प्रधान से मारपीट

**बंडा, शाहजहांपुर।** सरकारी दफ्तरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक गंभीर घटना विकासखंड बंडा से सामने आई है। यहां सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत) कार्यालय में घुसकर एक दबंग युवक द्वारा ग्राम प्रधान के साथ मारपीट करने और मनरेगा की फाइल फाड़ने का आरोप लगा है। घटना के बाद क्षेत्र के ग्राम प्रधानों में रोष व्याप्त है और उन्होंने दोषी की गिरफ्तारी की मांग की है। ब्लॉक बंडा की ग्राम पंचायत नहिरोला बुजुर्ग के ग्राम प्रधान प्रदीप वर्मा गुरुवार को पंचायत से जुड़े कार्यों के सिलसिले में ब्लॉक कार्यालय पहुंचे थे। वह एडीओ पंचायत कार्यालय में मौजूद थे, तभी उनके ही गांव का लव पुत्र राजेंद्र वहां आ पहुंचा। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि लव ने प्रधान प्रदीप वर्मा के साथ लात-घूसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। ग्राम प्रधान का आरोप है कि हमलावर ने सरकारी कार्य से संबंधित मनरेगा की महत्वपूर्ण फाइल को भी फाड़ दिया, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित हुआ। घटना के समय कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सरकारी दफ्तर के अंदर हुई इस घटना से कर्मचारियों और आम लोगों में दहशत का माहौल है। मारपीट के बाद पीड़ित ग्राम प्रधान ने तत्काल बंडा इंस्पेक्टर को मोबाइल फोन से सूचना दी। आरोप है कि पुलिस के पहुंचने में काफी देर हो गई, जिससे आरोपी युवक मौके से फरार होने में सफल रहा। इसके बाद ग्राम प्रधान प्रदीप वर्मा ने थाना बंडा में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के अन्य ग्राम प्रधानों ने भी नाराजगी जताई है। ग्राम प्रधानों ने सामूहिक रूप से घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यदि जल्द आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में बंडा इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अपहरण व पॉक्सो मामले का आरोपी गिरफ्तार



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खुदागंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। नाबालिग किशोरी के अपहरण और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना खुदागंज में दर्ज मुकदमा संख्या 10/26 में वांछित आरोपी राहुल (22 वर्ष) पुत्र महेश, निवासी ग्राम कसियापुर, थाना बेहटा गोकुल, जनपद हरदोई को पुलिस टीम ने बुधवार को ग्राम कमलापुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था, लेकिन खुदागंज पुलिस की सतर्कता और लगातार निगरानी के चलते उसे पकड़ लिया गया। मामला 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने से जुड़ा है। जांच के दौरान पीड़िता के बयान और सबूतों के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस और 5/6 पॉक्सो एक्ट जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई इस कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि खुदागंज पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाए हुए है। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में जहां अपराधियों में डर का माहौल बना है, वहीं आम जनता ने राहत महसूस की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि फ्अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, अपराधी कानून से नहीं बच सकता। पुलिस पूरी ईमानदारी और सख्ती से अपना काम कर रही है। गिरफ्तारी के समय उपनिरीक्षक राधेश्याम भारती, हेड कांस्टेबल चन्द्र भूषण और कांस्टेबल विनित कुमार मौजूद रहे। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूरी कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। खुदागंज पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर डाला महिला ने तेजाब, पीड़ित की हालत बनी नाजुक, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना पुवायां क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते युवक पर तेजाब डालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित युवक की मां ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही महिला सहित कुछ लोगों पर मारपीट करने और उसके बेटे के चेहरे पर तेजाब डालने का आरोप लगाया है। थाना पुवायां क्षेत्र के गांव वीरमपुर निवासी रामकुमार की पत्नी नन्ही देवी का कहना है कि उनका गांव के ही कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। इसी रंजिश को लेकर महिला ने गुरुवार की सुबह उसके बेटे दृगपाल पर पुरानी रंजिश के तेजाब डाल दिया। जिससे उसके बेटे का चेहरा बुरी तरह झुलस गया। शिकायत करने पर मां और आरोपियों ने नन्ही देवी और उसके पुत्र दृगपाल के साथ मारपीट की। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। परिजनों ने तत्काल घायल युवक को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ संजीव कुमार ने बताया युवक पर तेजाब का हमला किया गया था जिस कारण युवक का सर और चेहरा झुलसा हुआ पाया गया और उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। इस संबंध में इंचार्ज कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपों की सत्यता की जांच कर रही है। घटना को लेकर गांव में चर्चाओं का दौर जारी है, वहीं ग्रामीणों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालयों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भुलेख कार्यालय, संग्रह कार्यालय, संयुक्त कार्यालय एवं अभिलेखागार का गहन अवलोकन किया और वहां संचालित कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कार्यालयों में अभिलेखों के समुचित रख-रखाव, साफ-सफाई की व्यवस्था तथा लंबित पत्रावलियों के निस्तारण की प्रगति के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भुलेख कार्यालय में उपलब्ध गार्ड फाइल का अवलोकन करते हुए अभिलेखों के अद्यतन एवं सुरक्षित रख रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि से संबंधित अभिलेख अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, इनके रख-रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। संग्रह कार्यालय में जिलाधिकारी ने आरसी पोर्टल का निरीक्षण किया तथा राजस्व वसूली से संबंधित मामलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि आरसी से संबंधित मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों से संबंधित महत्वपूर्ण पत्रावलियों की जांच की और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यालय के कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित कार्यवाही एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने अभिलेखों की रख-रखाव, सुरक्षित भंडारण एवं अभिलेखों के सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखी जाए तथा अभिलेखों का नियमानुसार एवं व्यवस्थित ढंग से रखा जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर अभिलेख सहजता से उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रशीद अली, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम फील्ड नगर निवासी विशेष कुमार पेट्रोल सीएनजी पेट्रोल पंप पर ऑपरेटर थे ड्यूटी खत्म कर वापस घर आते समय धनेरा गांव के पास पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से विशेष कुमार घायल हो गए घायल अवस्था में पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भिजवाया जहां डॉक्टरो ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वही पत्नी पूनम ने बताया कि उसका पांच माह की प्रेग्नेंट है वहीं दूसरा बच्चा 2 साल का बेटा अयांश है।

## पूर्व सभासद एवं भाजपा मंडल महामंत्री की माता के निधन से नगर में शोक

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला सदर निवासी, पूर्व सभासद एवं भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान मंडल महामंत्री तुलसीराम कोहली की माता शकुंतला देवी का बुधवार देर रात्रि लगभग 12:30 बजे, 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थीं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रही थीं। उनके निधन से न केवल कोहली परिवार, बल्कि संपूर्ण खुदागंज नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

गुरुवार की सुबह से ही तुलसीराम कोहली के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान मौके पर पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंजीनियर रोहित सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर रस्तोगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, लखपत सिंह, सियाराम नायक, सभासद सौरव गुप्ता, सभासद रमेश कुमार कटेरिया, विनोद सिंह, प्रकाश राठौड़, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

## शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत छात्रों ने देखी चीनी निर्माण की प्रक्रिया

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




पी.एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय चकऊदन के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत किसान सहकारी चीनी मिल करनापुर, पुवायाँ ले जाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी, पुवायाँ एवं चीनी मिल के उपाध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिसके पश्चात छात्र-छात्राएँ चीनी मिल के लिए रवाना हुए। चीनी मिल पहुँचने पर सुरक्षा प्रभारी संजीव त्रिपाठी, एसटी के मुख्य समय पालक आदित्य कुमार शर्मा एवं मनीष रस्तोगी द्वारा बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों को गन्ना पेराई से लेकर चीनी निर्माण तक की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से दिखाया गया और सरल भाषा में समझाया गया। मुख्य समय पालक आदित्य कुमार शर्मा द्वारा बच्चों को बताया गया कि कम सल्फर एवं चूना के प्रयोग से निर्मित एम-30 श्रेणी की चीनी उच्च गुणवत्ता की होती है, जिसका उपयोग स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गन्ने का रस हमेशा ताजा, अधिकतम 10 मिनट पूर्व निकाला हुआ ही पीना चाहिए, क्योंकि इसके बाद फर्मेंटेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है।

भ्रमण के दौरान बच्चों को चीनी मिल कॉलोनी स्थित मंदिर के भी दर्शन कराए गए। इसके पश्चात बच्चों को सूक्ष्म जलपान वितरित किया गया तथा उन्हें यह संदेश दिया गया कि चीनी मिल जैसे बड़े संस्थानों में उच्च पदों पर कार्य करने के लिए पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होता है। वापसी के समय बच्चों को बंडा रोड स्थित रेस्टोरेंट में भोजन कराया गया, जिससे सभी बच्चे अत्यंत उत्साहित एवं प्रसन्न दिखाई दिए। इस शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में सोनम, गोविन्द, पारुल, शुभ, ज्ञानवी, अनुराग, प्रांशी, रोशनी सहित अनेक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं। विद्यालय की ओर से अम्बुज कुमार प्रधानाध्यापक, धनंजय, रमेश तिवारी सहित अन्य शिक्षकगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा चीनी मिल प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## संगीत केवल कला नहीं, आत्मा की अभिव्यक्ति: डॉ. कविता भटनागर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**साईं शिक्षायतन में तीन दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन**



शहर के साईं शिक्षायतन विद्यालय में तीन दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस संगीत कार्यशाला में बच्चों ने सुरों से दोस्ती की, ताल से संवाद किया और संगीत के माध्यम से अपने भीतर छिपी संवेदनाओं को स्वर दिया। बच्चों को संगीत का प्रशिक्षण एस एस कालेज की संगीत विभागाध्यक्ष डा. कविता भटनागर ने दिया। कार्यशाला के समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक नीता श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक डा. कविता भटनागर ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम का अंत नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत है। यह कार्यशाला केवल गायन या वादन सिखाने का माध्यम नहीं रही, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास और अनुशासन का भी सुंदर मंच बनी। उन्होंने कहा कि संगीत केवल कला नहीं, साधना है और संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। विद्यालय की निदेशक नीता श्रीवास्तव ने कहा कि कम समय में बच्चों ने संगीत की बारीकियों के साथ-साथ प्रेम, धैर्य और साधना का अर्थ भी सीखा। उन्होंने बच्चों से अपील की कि कार्यशाला में उन्होंने जो सीखा है उसका निरंतर अभ्यास करते रहें। इस मौके पर प्रशिक्षक डा कविता भटनागर ने बच्चों को संगीत विषय की स्व लिखित पुस्तक भेंट की। विद्यालय की निदेशक नीता श्रीवास्तव ने उनका अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।अंत में सभी का आभार प्रधानाचार्य रचना बुद्धवार ने व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकायें और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## नायक जादुनाथ सिंह का बलिदान दिवस सरकारी स्कूलों, दफ्तरों, आंगनवाड़ी केंद्रों पर मनाया जाये



**शाहजहांपुर।** 6 फरवरी को अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जादुनाथ सिंह जी का बलिदान दिवस पर जनपद के प्रत्येक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, विद्यालयों इंटर कॉलेजों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में मनाए जाने हेतु अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जादुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) ने इस आशय का एक पत्र जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को आज उनके कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान सौंपा। जिसे तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी को विद्यालयों, कॉलेजो, आंगनबाड़ी केंद्रों में नायक जदुनाथ सिंह जी का बलिदान दिवस मनाये जाने विचार गोष्ठी एवं उनके जीवन पर चर्चा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु तत्काल आदेश पारित किया। श्री परिहार ने आगे बताया की कल प्रातः 11 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वासन कार्यालय निकट विकास भवन में लगी नायक जी की प्रतिमा के पर माल्यार्पण कर उनका बलिदान दिवस मनाया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि जिलाधिकारी होगे।

## रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट की

**बंडा, शाहजहांपुर।** गांव मानपुर पिपरिया निवासी धर्मेन्द्र अपने दो वर्षीय बच्चे को खाना खिला रहा था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही अनिल पुत्र फूलचन्द्र, छुटकई पुत्र फूलचन्द्र, फूलचन्द्र पुत्र नत्थूलाल तथा रामदास पुत्र बिरीजी वहां पहुंच गए। उन लोगों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उसे गंभीर रूप से चोटें आईं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में शुरू कर दी है।

**INFORMATION**

Hitherto known as ANAR SINGH S/O SHYAM SINGH Village and Post Rutaul Kaimganj District Farrukhabad Uttar Pradesh-209502, have changed my name and shall hereafter be AMAR SINGH.

**सूचना**

मेरे बैंक खाते में नाम नितिक दर्ज है,जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम नितिन कुमार तिवारी दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे नितिन कुमार तिवारी पुत्र श्री राघवेंद्र तिवारी नि. ग्रा. भूडखेडा थाना पुवायां, शाहजहांपुर के नाम से ही जाना जाय। नितिन कुमार तिवारी, पता उपरोक्त।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SALEEM AHMAD S/O ABUL WAHID था जो कि मैने अपना नाम बदलकर MOHD SALEEM S/O ABUL WAHID रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी मोहल्ला-मंसूरगंज, थाना-दरगाह शरीफ, जनपद-बहराइच यूपी।

**सूचना**

मैं शपथिनी श्रीमती सोनल त्रिपाठी (Sonal Tripathi) पत्नी अनुभव शुक्ला निवासी मोहल्ला पोस्ट/बड़गांव परगना तहसील शहर व जिला गोंडा सशपथ बयांन करती हूं कि मेरी पुत्री सस्मिता शुक्ला (Sashmita Shukla) फातिमा स्कूल की छात्रा है तथा उसके स्कूल के अभिलेख में सस्मिता शुक्ला (Sashmita Shukla) की माता का नाम गलती से सोनल शुक्ला (Sonal Shukla) लिख गया है जबकि माता का सही नाम सोनल त्रिपाठी (Sonal Tripathi) होना चाहिए अतः स्कूल के अभिलेख में सही नाम सोनल त्रिपाठी (Sonal Tripathi) लिखा व पढ़ा जाना चहिए ।

## रेलवे ट्रैक पर दो युवकों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े मिले

**जीआरपी पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**




**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** नगर के कुछ युवक लगभग एक सप्ताह पहले अपने स्वजनों को दिल्ली जाने की बात कहकर गए थे। जिसमें दो युवकों का शव मध्य प्रदेश के ग्वालियर की डबरा रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक किनारे क्षत विक्षत अवस्था मे पड़े मिले हैं। युवकों के मोबाइल पर आ रहे फ़ोन के जरिए युवकों की शिनाख्त कटरा नगर के मुहल्ला का स्थान निवासी अरबाज पुत्र कौसर अली दूसरे की शिनाख्त अयान पुत्र मकसूद निवासी मुहल्ला नादिर शाह के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस की सूचना पर मृतकों के स्वजन देर शाम ग्वालियर के डबरा रेलवे स्टेशन पहुँचे है। आज प्रातः 4:00 दोनों के परिजन सबों को लेकर अपने-अपने घर पहुंचे जिसमें अरबाज पुत्र कौशल अली को प्रातः 11:00 बजे और अयान पुत्र मकसूद को दोपहर दो बजे सुपुर्द खाक किया गया।

## नेता वह होता है जो अपने अधीनस्थों को आगे बढ़ाने में सहयोग दे: डॉ. विकास

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का तीसरा दिन**

स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में चल रहें प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम के तीसरे दिन भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नेतृत्व विषय पर सन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. विकास अग्रवाल ने बोलते हुए कहा कि एक सफल नेता बनने के लिए, केवल बौद्धिक क्षमता ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भावनाओं को समझना, नियंत्रित करना और दूसरों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील होना भी आवश्यक होता है। नेता वह होता है जो अपने अधीनस्थों को आगे बढ़ाने में सहयोग दे। नेतृत्व क्षमता विकास हेतु आत्म-जागरूकता विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि व्यक्ति को पहले यह समझना चाहिए कि वह किसी परिस्थिति में कैसा महसूस कर रहा है और उसका व्यवहार दूसरों को किस प्रकार प्रभावित कर सकता है। आत्म-नियंत्रण को नेतृत्व की मूलभूत आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में शांत रहकर संतुलित निर्णय लेना ही सच्चे नेतृत्व की पहचान है। डॉ. अग्रवाल ने व्याख्यान के दौरान सहानुभूति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक प्रभावी नेता वही होता है जो अपने साथ काम करने वाले लोगों की समस्याओं और दृष्टिकोण को समझ सके। इससे टीम भावना मजबूत होती है और कार्यस्थल का वातावरण सकारात्मक बनता है। इसके लिए नेता की मनोदशा नकारात्मक न होकर सकारात्मक होनी चाहिए । उन्होंने तनाव प्रबंधन की उपयोगी तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवन और करियर में दबाव की स्थितियाँ सामान्य हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से संतुलित व्यक्ति ही उन परिस्थितियों का सही ढंग से सामना कर सकता है। डॉ अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को पहचानने, तनाव के समय धैर्य बनाए रखने तथा कठिन परिस्थितियों में शांत रहकर विचारपूर्ण निर्णय लेने की प्रेरणा दी गई। इससे पूर्व डॉ. शिवानी भारद्वाज ने चंदन तिलक लगाकर तथा डॉ गौरव सक्सेना ने पटका पहना कर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ अर्चना गर्ग, डॉ विनीता राठौर, डॉ कविता भटनागर, डॉ सचिन खन्ना, सुयश सिन्हा, डॉ कमलेश गौतम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# जेल भेजें या गोली मारें, अब मुझे डर नहीं लगता: अलंकार अग्निहोत्री

**शाहजहांपुर पहुंचे सस्पेंड सिटी मजिस्ट्रेट ने सरकार पर किए तीखे हमले**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शाहजहांपुर पहुंचे बरेली के सस्पेंड सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने परशुराम धाम जाकर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा अलंकार का जोरदार स्वागत किया गया। अलंकार ने पीएम और सीएम पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को ईस्ट इंडिया कंपनी का सीईओ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एमडी बता डाला।

अग्निहोत्री ने स्वर्ण जाति और ब्राह्मण मंत्रियों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ऐसे मंत्रियों को शर्म आनी चाहिए, क्योंकि वे सच नहीं बोल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मंत्रियों को खुलकर अपने सजातीय का साथ देना चाहिए। आरोप लगाया कि सभी विश्वविद्यालयों में जंगलराज फैला हुआ है, लेकिन मंत्री अपने आका के डर से इस पर कुछ भी कहने से डर रहे हैं। अलंकार अग्निहोत्री ने यह भी बताया कि ब्राह्मण समाज की आवाज उठाने को जल्द ही कुछ नया होने वाला है, जिस पर फिलहाल काम चल रहा है। सस्पेंड पीसीएस अफसर ने कहा कि सरकार चाहे जेल भेजें या गोली मारें,



अब मुझे डर नहीं लगता। क्योंकि, जेल में भी 40 साल के बाद मुक्ति मिल जाएगी। सवर्ण मंत्रियों में शर्म है तो वे मानसिक गुलामी से बाहर निकलें। सवर्णों ने अब आवाज नहीं उठाई तो देश माफ नहीं करेगा। यूजीसी लाकर देश की आत्मा पर प्रहार किया गया है। इस समय देश में सिर्फ भ्रम की सरकार है। वो भी अल्पमत में है। इस समय लोकसभा का चुनाव हो जाए तो बीजेपी को जीरो सीट मिलेंगी। सेंट्रल में भारतीय जनता पार्टी नहीं, विदेशी जनता पार्टी है। सस्पेंड सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा- ये लोग मोदी के नाम पर टिकट लेते हैं। फिर हिंदू-मुस्लिम के नाम पर भेदभाव करके जीतते हैं। इनका अपना खुद का जनाधार नहीं है। हां, मैं ये मानता हूं कि राजा भइया और बृजभूषण के पास जनाधार है। जैसे अंग्रेजों के समय में ईस्ट इंडिया कंपनी थी। वैसी ही अब वेस्ट इंडिया कंपनी चल रही है। पीएम नरेंद्र मोदी कंपनी के सीईओ हैं और अमित शाह एमडी हैं। ये ईडी, सीबीआई और आईटी के जरिए राजनीतिक पार्टियों पर दबाव बना रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सवर्ण स्वाभिमान मंच के उपाध्यक्ष अनुपम मिश्रा एडवोकेट, महासचिव इंजीनियर बीडी शर्मा, राकेश मोहन मिश्रा, रज्जन बाबू मिश्रा एडवोकेट, राजू मिश्रा, सुरेश चंद्र शुक्ला, लक्ष्मीकांत मिश्र, तहसील सदर बार अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा एडवोकेट, शिवकांत मिश्र एडवोकेट, भवानी शंकर बाजपेई, शिवांश मिश्रा, पार्षद राम खिलावन मिश्रा, पूनम पांडेय, गौरव त्रिपाठी, प्रत्युष मिश्रा, अमित अवस्थी, सुधांशु मिश्रा, शोभित मिश्रा, सचिन दीक्षित, अंकित मिश्रा, दुर्गेश शुक्ला, आशीष तिवारी, हर्षित मिश्रा, कुशाग्र पंडित एडवोकेट, शिवओम मिश्रा, सौरभ मिश्रा, उमंग त्रिवेदी, प्रशांत मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, निरपेश पाण्डेय प्रधान आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खुदागंज में सोशल सेक्टर कैम्प में विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार

**शाहजहांपुर।** डीएम के निर्देशानुसार व सीडीओ के नेतृत्व में बुधवार को विकास खण्ड खुदागंज में सोशल सेक्टर कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कटरा विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिन्स के द्वारा कैम्प का शुभारंभ किया गया। खुदागंज के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान के साथ पंचायत सचिव भी कैंप में उपस्थित रहें। कैम्प में खण्ड विकास अधिकारी खुदागंज, डा.रोहिताश, प्रेमशंकर मौर्य, संतोष कुमार, राजेश कुमार, शादाब सिददीकी, कीर्ति, रश्मर देवी मदनपाल आदि द्वारा कैम्प का संचालन किया गया। कैम्प में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों का पेंशन में आधार प्रमाणीकरण किया गया।

# बार एसो. की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- जनपद न्यायाधीश की देख-देख में हुआ कार्यक्रम
- नए भवन की फाइल की स्वीकृति व अधिवक्ताओं की उचित मांगों पर वरीयता से होगा विचार: विष्णु देव शर्मा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का जनपद न्यायाधीश विष्णु देव शर्मा के सानिध्य में शपथ समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर निवर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

गुरुवार को अपरान्ह चार साढ़े तीन बजे जनपद न्यायाधीश सिविल जज जूनियर डिवीजन सचिन नयाल के साथ तिलहर बार सभागार पहुंचे। अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से जनपद न्यायाधीश समेत विभिन्न न्यायालयों के प्रभारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश श्री शर्मा ने अन्य आगंतुक अतिथियों के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। तदोपरांत वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता के संचालन में



कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथि एसडीएम सदानंद सरोज, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, उप निबंधक नवीन राय, नायब तहसीलदार मनु माथुर व अमित कुमार को माला पहनाकर तथा सीओ ज्योति यादव व नायब तहसीलदार पूनम मधुकर को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष नरेशचंद्र सक्सेना ने नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश्वर सिंह को शपथ दिलाई। इसी क्रम में महासचिव राहुलदेव सागर समेत कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों ने पद व कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली। इसी बीच पहुंचे वार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य श्रीश मेहरोत्रा का अधिवक्ताओं ने पूरे जोशोखरोश के साथ स्वागत किया।

जनपद न्यायाधीश ने कहा कि तिलहर को बहुत शीघ्र नये भवन की जगह की चल रही पत्रावली को स्वीकृत दिलाने के साथ ही अधिवक्तागणों की उचित मांगों पर वरीयता पर विचार किया जाएगा। इस मौके पर नरेशचन्द सक्सेना, राहुल देव सागर, राजीव कुमार सिंह चौहान, अरुण कुमार सिंह चौहान ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नव निर्वाचित कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष महेश कुमार भारती, उपाध्यक्ष सत्यपाल, इमरान अख्तर, संयुक्त सचिव राघवेंद्र सिंह, अचित द्विवेदी व जीवेंद्र सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार गंगवार, अवधेश कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष अरविन्द कुमार सक्सेना, कार्यकारणी सदस्य मुदित गुप्ता समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन देवेंद्र कुमार गुप्ता ने किया।

## आशा कार्यकर्त्रियों का धरना 16वें दिन जारी

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का धरना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली परिसर में 16वें दिन भी जारी रहा। आशा कार्यकर्ता लगातार धरने पर डटी हुई हैं। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें कई कार्यक्रमों के अंतर्गत किए गए कार्य का मानदेय अभी तक नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनकी कुछ मांगें स्टेट लेवल से जुड़ी हुई हैं, जिनका निस्तारण अब तक नहीं हो सका है। इसके अलावा कई मदों का भुगतान अभी तक उनके खातों में नहीं पहुंचा है। धरने में आशा गीता देवी, अंजली देवी, रुचि देवी, कुसुमलता, प्रिया मिश्रा, राम कुमारी सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में मामा-भांजे गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर



**खुटार, शाहजहांपुर।** सड़क हादसे में मामा भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य सेवा 108 व टोल प्लाजा पर तैनात 1033 एंबुलेंस दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को जिला रेफर कर दिया। खुटार के मोहल्ला पश्चिमी गढ़ी निवासी भगवान शरन पुत्र रामचंद्र व क्षेत्र के गांव सिहुरा निवासी रामासरे पुत्र श्री राम बाइक से पूरनपुर रोड हाईवे पर किसी कार्य से जा रहे थे तभी अचानक गुरघिया गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य सेवा 108 व टोल प्लाजा पर तैनात 1033एंबुलेंस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीनलोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से गंभीर हालत में तीनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित गांव शेरपुर की मोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अपने घर शेरपुर जा रहे नीरज पुत्र प्रहलाद गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एक अन्य दुर्घटना में घायल वीसलपुर के हेतम नगला निवासी विकास पुत्र वुधसेन व क्षेत्र के राजनपुर रोड पर सड़क दुर्घटना में घायल हुए जितिन पुत्र दिनेश कुमार निवासी राजनपुर को भी गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### मुंशी मौलवी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी मौलवी (सेकेंडरी) एवं आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकल-विहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में केंद्र संस्थापकों एवं सहायक केंद्र व्यवस्थापकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा परिषद के नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर परीक्षा से संबंधित आवश्यक प्रपत्रों जैसे ड्रेस स्लिप, उपस्थिति शीट एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज केंद्र व्यवस्थापकों को उपलब्ध कराए गए। साथ ही सादी उत्तर पुस्तिकाएं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में पहुंच गई है जो कल सेंटरों पर भेजी जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बताया कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की यह परीक्षा 9 फरवरी से जनपद शाहजहांपुर के तीन परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभ होगी। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने सभी केंद्र संस्थापकों और सहायक केंद्र व्यवस्थापकों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा परीक्षार्थियों को भयमुक्त एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गरिमा बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे हरियाली बाजार के पास दो कारों की भिड़ंत में दस लोग हुए घायल

**पूरनपुर, पीलीभीत।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव रायपुर विचपुरी निवासी शावान गुरुवार दोपहर दो बजे लगभग किसी काम से पूरनपुर आ रहा था। इसी दौरान हाईवे पर उसकी बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे शावान गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया। दूसरा हादसा बुधवार की रात हरियाली बाजार के पास दो कारों की भिड़ंत हो गई, जिसमें कलीनगर निवासी 50 वर्षीय केसर खां, डगा सुखदासपुर निवासी 58 वर्षीय इसरार हुसैन, राहिला (23), रिजा (19), आशिया (28) और दो बच्चे—चार माह की हमजा पुत्री नाजिम तथा छह वर्षीय जमाल हुसैन पुत्र मौलाना कमरु जमा—एक कार में सवार थे,जो गांव गोरा में शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार दूसरी कार में मोहनपुर निवासी सुखविंदर सिंह और पंकज कालौनी निवासी पारस सवार थे,दोनों कारों की भिड़ंत में 9 लोग घायल हो गए थे, डॉक्टर ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

# छोटे लाट साहब जुलूस मार्ग का रूट भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की

- आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी के निर्देशन में सीओ सिटी द्वारा थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस बल के साथ थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्रान्तर्गत आगामी होली पर्व के दृष्टिगत छोटे लाट साहब जुलूस के आयोजन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु जुलूस मार्ग का रूट भ्रमण किया गया। रूट भ्रमण के दौरान जुलूस के प्रस्तावित मार्ग, प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील



बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यातायात व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्यवाही एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सीओ सिटी ने निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, असामाजिक गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न होने पाए तथा सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्व से ही समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। रूट भ्रमण के दौरान आमजन एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उनसे आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई तथा किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सूचना होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया।

## सुची कश्यप बनीं सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव

**तिलहर-शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व अनुमति पर सपा महिला सभा की अध्यक्ष जूही सिंह ने तिलहर की दोदराजपुर निवासी सुची कश्यप को महिला सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को प्रचार प्रसार व संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी देते हुए सुची कश्यप से यह अपेक्षा की है कि वह अपने पद व कर्तव्य की गरिमा के अनुरूप पार्टी के प्रति कार्य करेंगी। तथा देश और प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सिद्धांतो, नीतियों, विचारों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक बूथ स्तर पर पहुंचाने का कार्य करेंगी। सुची कश्यप को सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष



व्यक्त किया है।

## तहसील में पहुंचे भाकियू शेष किसानों के धान खरीद कराने की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील परिसर में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह अपनी टीम के साथ किसानों की धान खरीद की समस्या को लेकर एसडीएम से मिलने पहुंचे। भाकियू पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक ऐसे किसान हैं, जिनका धान मंडी समिति में लगे सरकारी क्रय केंद्रों पर एक माह से भी अधिक समय से पड़ा हुआ है, लेकिन अब तक उसकी खरीद नहीं हो सकी है। मंजीत सिंह ने बताया कि सभी किसान सरकारी निर्देशों के अनुसार क्रय केंद्र बंद होने की समय-सीमा से पहले मंडी पहुंचे थे। इसके बावजूद क्रय केंद्रों पर धान की खरीद नहीं की गई, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से धान पड़े रहने के कारण न केवल गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

भाकियू जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि किसान पहले ही खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च कर चुका है। ऐसे में धान की बिक्री न होने से किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। कई किसानों को अगली फसल की तैयारी के लिए पैसों की जरूरत है, लेकिन भुगतान न मिलने से उनकी परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि क्रय केंद्रों पर जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। भाकियू ने मांग की कि सभी लंबित किसानों का धान तत्काल खरीदा जाए और भुगतान शीघ्र कराया जाए। अन्यथा एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## 71 सुनवाई स्थलों पर 6565 मतदाताओं की सुनवाई, उमड़ी भीड़

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि कि एसआइआर अभियान के तहत बिना मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने की प्रक्रिया ने तो रफ्तार पकड़ ली है, लेकिन सुनवाई की गति रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है, क्योंकि ज्यादातर लोग तय तिथि पर पर सुनवाई में पहुंच ही नहीं रहे। बात अगर बुधवार को जिला निर्वाचन दफ्तर के द्वारा जारी आंकड़ों की करे तो 6 विधानसभावार 71 एईआरओ द्वारा 6565 मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाया गया। जिसमें कटरा 1509, जलालाबाद 677, तिलहर 635, पुवायां 1085, शाहजहांपुर 923 व ददरौल 1736 मतदाताओं की सुनवाई स्थल पर



एसआईआर नोटिस मामले की सुनवाई की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नोटिस की सुनवाई प्रत्येक सुनावाई स्थल पर रोजाना की जा रही है। साथ ही जिले में नये वोट बनवाने की प्रक्रिया गतिमान है। किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए बीएलओ, एईआरओ द्वारा बूथों पर बैठकर मतदाताओं की मदद की जा रही है।

## धनाराघाट पेंटून पुल से बसों एवं चार पहिया वाहनों का आवागमन फिर शुरू

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट में शारदा नदी पर बने पेंटून पुल से लगभग एक सप्ताह बाद चार पहिया वाहनों और बसों का आवागमन पुनः शुरू हो गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पिछले करीब एक हफ्ते से पुल के रास्ते पर पानी आ गया था, जिससे चार पहिया वाहन फंसने लगे थे।

सुरक्षा को देखते हुए एहतियातन चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया था, केवल दोपहिया और पैदल आवाजाही ही सीमित रूप से हो पा रही थी। गुरुवार सुबह लगभग दस बजे पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने जानकारी देते हुए



बताया कि शारदा नदी का जलस्तर अब सामान्य स्थिति में आ गया है। रास्ते से पानी उतर जाने के बाद स्थिति का निरीक्षण किया गया, जिसके बाद चार पहिया वाहन और बसों का आवागमन फिर से शुरू कर दिया गया। पुल से आवागमन शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, व्यापारियों और यात्रियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि आवागमन बंद होने से लोगों को लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा था।

## 28 पुलिस कर्मियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए घुंघचाई थाने भेजा गया

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश पुलिस में 2025 बैच के नव नियुक्त 28 पुलिसकर्मियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए जिले के घुंघचाई थाने भेजा गया है। ये प्रशिक्षु पुलिसकर्मी पीलीभीत से बस द्वारा रवाना होकर घुंघचाई थाने पहुंचे, जहां उन्हें थाना स्तर पर वास्तविक कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनता से संवाद और अन्य पुलिसीय कार्यों का हाथों-हाथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह व्यावहारिक प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से नवनियुक्त कर्मियों को थाने के दैनिक कार्यों, चुनौतियों और जिम्मेदारियों से रूबरू कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसी तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न थानों में चल रहे हैं, ताकि युवा पुलिसकर्मी मैदान में उतरने से पहले वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार हो सकें। प्रशिक्षुओं को थाने के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिसमें प्राथमिक चिकित्सा, हथियारों का रखरखाव, महिला सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर फोकस रहेगा। ये 28 पुलिसकर्मी बस से यात्रा कर थाने पहुंचे और अब वे यहां कुछ समय तक व्यावहारिक ट्रेनिंग लेकर अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार होंगे। पुलिस प्रशासन का मानना है कि ऐसा प्रशिक्षण न केवल कौशल बढ़ाता है, बल्कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल भी स्थापित करता है।

## जिलाधिकारी ने बीसलपुर चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बीसलपुर चीनी मिल विकासखण्ड कार्यालय बीसलपुर व बीआरसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ना से भरी ट्राली की तौल कराई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चीनी मिल में उपस्थित किसानों से पेयजल, रात्रि विश्राम, गन्ना तौल के बारे मे फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गन्ना पर्चियां नियमित काटी जाए जिससे कि किसानों को पर्ची की समस्या न उत्पन्न हो, सभी किसानों का गन्ना समय से चीनी मिल में तुलवाये। इसके साथ ही उन्होंने अब तक तौल किए गये गन्ना भुगतान की जानकारी प्राप्त की और चीनी मिल के



अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विकासखण्ड कार्यालय बीसलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंटीन, आफिस, सभागार, कार्यालय के विभिन्न पटलों को देखा, पत्रावलियों को व्यवस्थित रखने व साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी के आवासीय भवन की जानकारी ली, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आवास की रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा है।इसके उपरान्त उन्होंने विधानसभा बीसलपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बीसलपुर में चल विशेष पुनरीक्षण-2026 कार्य के अन्तर्गत नो मैपिंग मतदाता को नोटिस के क्रम में की जा रही सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश। निरीक्षण के दौरान अबतक प्राप्त फार्मो के सम्बन्ध में जानकारी ली और उपस्थित नोटिस प्राप्तकर्ता से जानकारी प्राप्त की और कहा कि अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रक्रिया पूर्ण करते हुये अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवायें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बीसलपुर, खण्ड विकास अधिकारी बीसलपुर, चीनी मिले के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाघ का खौफ: दियोरिया जंगल से निकलने पर डर रहे लोग

**घुंघचाई।** बाघ ने हमला कर एक किसान को घायल कर दिया था। बकरी चराने वाली महिलाओं ने साहस दिखाते हुए किसान को बाघ के चुगल से कड़ी शोर शराबा और मशक्कत कर बचा लिया था। जिसका इलाज अभी भी चल रहा है। बाघ के हमले को लेकर लोगों में दहशत देखी जा रही है। घुंघचाई से टूटा पुल से होकर दियोरिया जंगल से जाने वाली सड़क से लोग निकलने में अब डर रहे हैं। चार-पांच दिन पहले खेत पर जाने वाले किसान पर टूटा पुल के पास खेत में बाघ ने हमला कर दिया था। किसान के खेत के पास ही महिलाएं बकरी चरा रही थी। जिन्होंने साहस दिखाते हुए शोर शराबा करते हुए किसान को बाघ के चुंगल से बचा लिया। लेकिन बाघ के हमले में सिमरा तालुके घुंघचाई निवासी किसान गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था हालत गंभीर होने के चलते किसान को पीलीभीत से लखनऊ भेजा गया है जहां पर किसान का इलाज किया जा रहा है। घुंघचाई से दियोरिया जाने वाला मार्ग जंगल से होकर निकलता है इसी जंगल के समीप टूटा पुल के पास बाघ ने हमला किया था किसान। अब लोग टूटा पुल से होकर दियोरिया जंगल से होकर जाने में डर रहे हैं। लोग लंबी दूरी तय कर गजरौला होकर बीसलपुर के लिए जा रहे हैं पहले घुंघचाई से दियोरिया जंगल होकर बीसलपुर लोग निकल जाते थे लेकिन बाघ हमले के बाद से अब लोगों ने निकलना काफी कम कर दिया है। सामाजिक वानिकी के डिप्टी रेंजर का कहना है कि बाघ के हमले के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बाघ की लोकेशन ट्रेस की जा रही है लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है कोई भी अप्रिय घटना ना घटे उसके लिए सुरक्षा को लेकर वनकर्मियों के द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

## अनछपी किताब

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। परंपरा रही है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में सरकार की जिन नीतियों, कार्यक्रमों और प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है, सांसद उन पर चर्चा करते हैं। आलोचना भी करते हैं। विपक्ष का एजेंडा कुछ अलग भी हो सकता है। याद करें, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी नेता प्रतिपक्ष थे। तब अटल जी ने राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में ही, बहस के दौरान, चीन का मुद्दा आक्रामक अंदाज में उठाया था और सरकार की भर्त्सना तक की थी। जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस और यूपीए सरकार थी, तब लालकृष्ण आडवाणी नेता प्रतिपक्ष थे। उन्होंने भी चीन के साथ सीमा–विवाद, सुरक्षा–विवाद और सैन्य तनावों का जिक्र करते हुए मनमोहन सरकार की तीखी आलोचना की थी। भारत–चीन संबंधों, टकरावों और विवादों पर संसद में बोलना 'वर्जित' नहीं है। यह सांसदों की संवैधानिक आजादी है कि वे कौनसा मुद्दा उठाते हैं। हालांकि संसद के दोनों सदन–लोकसभा और राज्यसभा–निश्चित नियमों में बंधे हैं। लोकसभा के नियम 349 (1) के तहत सांसद किसी भी किताब, पत्रिका, अखबार को उद्धृत नहीं कर सकते, जब तक वे उद्धरणों को सत्यापित नहीं करते। नियम 353 के तहत, यदि सांसद को इसी आधार पर अपनी बात कहनी है, तो वह स्पीकर और संबद्ध मंत्री को पहले नोटिस देगा। स्पीकर ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उद्धरणों के संदर्भ में इन नियमों का बार–बार हवाला दिया। स्पीकर ने नियमानुसार अपनी व्यवस्था भी दे दी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष जिद पर अड़े रहे। सवाल करते रहे कि आखिर सरकार डरी हुई क्यों है? सरकार उनके वक्तव्य से असहज क्यों है? दरअसल नेता प्रतिपक्ष पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे द्वारा लिखित, लेकिन अभी तक अप्रकाशित किताब के कुछ अंश संसद में पढ़कर प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह को बेनकाब करना चाहते थे। राहुल गांधी जो वाक्य बोल पाए, उनमें डोकलाम टकराव का जिक्र सुनाई दिया, जबकि चीनी सेना के साथ तनाव, टकराव और युद्ध जैसे हालात पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए थे। जून, 2020 को जो 'गलवान संघर्ष' हुआ और हमारे 20 जांबाज सैनिक 'शहीद' हुए, वह भी लद्दाख में हुआ था। जनरल नरवणे तब सेना प्रमुख थे और वह अप्रैल, 2022 तक इस पद पर रहे। गौरतलब है कि जनरल नरवणे की कथित आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन उसका हार्डकवर अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। किताब के प्रकाशन की अनुमति देना सरकार का विशेषाधिकार है, क्योंकि पूर्व सेना प्रमुख की किताब राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारी युद्ध रणनीति से भी जुड़ी है। हमारा दुश्मन देश उन जानकारियों का नाजायज फायदा उठा सकता है। लिहाजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की संसद में आपत्ति और हस्तक्षेप तार्किक था। उन्होंने स्पीकर से आग्रह किया कि नेता प्रतिपक्ष को इस विषय पर न बोलने दिया जाए, क्योंकि वह देश को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी के हाथ में दिल्ली प्रेस की पत्रिका 'कारवां' की फोटोप्रति थी, जिसमें कुछ अंश छपे हैं। इससे पहले करीब दो साल पहले कुछ अंश 'द प्रिंट' पत्रिका में छप चुके हैं। समाचार एजेंसी 'पीटीआई' ने कुछ अंश दिसंबर, 2023 में प्रकाशित किए थे। जाहिर है कि जनरल नरवणे की किताब के कई अंश तो सार्वजनिक हो चुके हैं। सदन में रक्षा मंत्री, गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री की जबरदस्त आपत्तियां इसलिए थीं, ताकि राहुल गांधी के जरिए कुछ विवादास्पद जानकारियां लोकसभा के रिकॉर्ड में दर्ज न हो सकें और इस तरह विकृत इतिहास न बन सके। दरअसल चीन का मुद्दा जनरल नरवणे के खुलासों तक ही सीमित नहीं है। मौजूदा संदर्भ ने सेना के पूर्व जनरलों और कर्नल सरीखे विशेषज्ञों के विरोधाभास भी बेपर्दा कर दिए। कुछ पूर्व जनरल उन भारत–चीन समझौतों पर ही सवाल उठा रहे हैं, जो 1993, 1997, 2005 से लेकर 2013 तक किए गए थे। गलवान इसीलिए संभव हो सका, क्योंकि हमारे सैनिक हथियार नहीं उठा सकते थे, गोली नहीं चला सकते थे, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते हुए थे। संसद की कार्यवाही सोमवार को भी नहीं हो सकी, अब भी हंगामा जारी रहेगा, क्योंकि चीन का मुद्दा बेहद संवेदनशील है।

# ऑनलाइन गेमिंग : मनोरंजन से लत और लत से त्रासदी तक

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



**ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसके सामाजिक प्रभाव भी गंभीर हैं। अत्यधिक गेमिंग से बच्चों में हिंसक व्यवहार, आक्रामकता, सहानुभूति की कमी और सामाजिक रिश्तों से दूरी बढ़ती है। आभासी जीत उन्हें वास्तविक परिश्रम से दूर कर देती है। जब वास्तविक जीवन में चुनौतियाँ आती हैं, तो वे टूट जाते हैं, क्योंकि उन्होंने संघर्ष करना सीखा ही नहीं होता। यही टूटन कई बार आत्मघाती कदम का कारण बनती है। यह कहना भी उचित नहीं होगा कि हर ऑनलाइन गेम या हर तकनीकी का उपयोग बुरा है। समस्या तकनीक में नहीं, उसके अनियंत्रित और गैर–जिम्मेदार उपयोग में है। यदि बच्चे सीमित समय के लिए उम्र के अनुरूप और अभिभावकों की निगरानी में गेम खेलें तो यह मनोरंजन और सीख का साधन भी हो सकता है। लेकिन जब गेमिंग जीवन का केंद्र बन जाए, तो खतरे की घंटी बज जानी चाहिए। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहली जिम्मेदारी परिवार की है। अभिभावकों को बच्चों के साथ समय बिताना होगा, उनके डिजिटल व्यवहार को समझना होगा और डर या दंड की बजाय संवाद का रास्ता अपनाना होगा। मोबाइल देना आसान है, लेकिन बच्चे का मन पढ़ना कठिन—और यही कठिन काम आज सबसे ज़रूरी है। बच्चों के लिए स्पष्ट डिजिटल नियम, स्क्रीन टाइम की सीमा और वैकल्पिक गतिविधियाँ—जैसे खेल, किताबें, कला और सामाजिक मेलजोल—अनिवार्य किए जाने चाहिए।**

गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की सामूहिक आत्महत्या की खबर केवल एक अपराध समाचार नहीं है, बल्कि यह हमारे समय की सबसे भयावह सामाजिक सच्चाइयों में से एक का आईना है। नौवीं मंज़िल से कूदकर जान देने की यह घटना दिल दहला देने वाली है क्योंकि इसके पीछे कोई तात्कालिक झगड़ा, आर्थिक तंगी या पारिवारिक हिंसा नहीं बल्कि एक ऐसी अदृश्य दुनिया है, जो चुपचाप बच्चों के मन-मस्तिष्क पर कब्ज़ा कर रही है- ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम सचमुच अपने बच्चों की दुनिया को समझ पा रहे हैं या हम उन्हें मोबाइल स्क्रीन के हवाले कर निश्चिंत हो बैठे हैं।

डिजिटल युग में तकनीक जीवन को आसान बनाने का माध्यम बनी है लेकिन उसी तकनीक का अनियंत्रित उपयोग अब समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऑनलाइन गेमिंग, जो कभी मनोरंजन, एकाग्रता और रणनीतिक सोच का साधन मानी जाती थी, आज कई मामलों में बच्चों और किशोरों के लिए मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विनाश का कारण बन रही है। खासकर कोरोना काल के बाद, जब ऑनलाइन शिक्षा और घर में बंद जीवन ने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट के और अधिक करीब कर दिया, तब से यह समस्या और गहराई है। ऑनलाइन गेम्स का मनोविज्ञान बेहद चालाकी से तैयार किया गया है। गेम डिज़ाइनर बच्चों की मानसिक संरचना को समझते हैं- इनाम, लेवल, रैंकिंग, वर्चुअल पहचान, और प्रतिस्पर्धा के ज़रिए उन्हें इस तरह बांधा जाता है कि वे बार-बार उसी दुनिया में लौटें। धीरे-धीरे खेल खेलना एक आदत बनता है, फिर ज़रूरत, और अंततः लत। यह लत शराब या नशे से कम खतरनाक नहीं होती क्योंकि इसमें शरीर नहीं, दिमाग़ जकड़ा जाता है। बच्चा वास्तविक दुनिया से कटने लगता है- उसे परिवार बोझ लगने लगता है, पढ़ाई व्यर्थ लगती है और जीवन के छोटे-छोटे सुख फीके पड़ जाते हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस लत के शिकार अधिकतर बच्चे और किशोर होते हैं- वही उम्र, जब व्यक्तित्व निर्माण होता है, भावनात्मक संतुलन विकसित होता है और जीवन को समझने की प्रक्रिया चल रही होती है। इस उम्र में यदि बच्चा आभासी दुनिया में जीने लगे, तो उसकी वास्तविक समस्याओं से जूझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। हार-जीत, तनाव, असफलता और रिश्तों की जटिलता से निपटने के बजाय वह 'एस्केप' खोजने लगता है—और ऑनलाइन गेम्स उसे यह आसान पलायन उपलब्ध कराते हैं।

गाजियाबाद की घटना में यह तथ्य और अधिक विचलित करता है कि बच्चियाँ दो साल से स्कूल नहीं जा रही थीं और मोबाइल की लत का जिक्र सामने आया है। यह सवाल उठता है कि क्या परिवार, स्कूल और समाज- तीनों स्तरों पर निगरानी और संवाद की कमी रही? आज के समय में बच्चों का स्कूल न जाना केवल शैक्षणिक समस्या नहीं बल्कि एक गहरी सामाजिक और मानसिक समस्या का संकेत है। स्कूल सिर्फ पढ़ाई की जगह नहीं होते बल्कि बच्चों के लिए सामाजिक संपर्क, भावनात्मक सहारा और संरचना प्रदान करते हैं। जब बच्चा इससे कट जाता है, तो वह अपने भीतर सिमटने लगता है। अक्सर अभिभावक यह मान लेते हैं कि बच्चा घर में है, मोबाइल हाथ में है, तो सुरक्षित है। यही सबसे बड़ा भ्रम है। मोबाइल आज केवल संचार का साधन नहीं, बल्कि एक पूरी दुनिया है—जिसमें अच्छा भी है और बेहद खतरनाक भी। अभिभावकों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और 'डिजिटल ही भविष्य है' जैसी सोच ने बच्चों को समय से पहले एक ऐसे संसार में धकेल दिया है, जिसे वे न समझ पाते हैं और न संभाल पाते हैं। माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद का अभाव इस खतरे को और बढ़ा देता है।

यह भी एक सच्चाई है कि भारतीय समाज में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। बच्चे चुप हैं, अकेले हैं, चिड़चिड़े हैं या अपने कमरे में बंद रहते हैं तो इसे 'उम्र का असर' कहकर टाल दिया जाता है। आत्मघाती विचार, अवसाद और चिंता जैसे मुद्दों पर बात करना अब भी कई परिवारों में वर्जित माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि समय रहते की गई एक संवेदनशील बातचीत कई जिंदगियाँ बचा सकती है।

ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसके सामाजिक प्रभाव भी गंभीर हैं। अत्यधिक गेमिंग से बच्चों में हिंसक व्यवहार, आक्रामकता, सहानुभूति की कमी और सामाजिक रिश्तों से दूरी बढ़ती है। आभासी जीत उन्हें वास्तविक परिश्रम से दूर कर देती है। जब वास्तविक जीवन में चुनौतियाँ आती हैं, तो वे टूट जाते हैं, क्योंकि उन्होंने संघर्ष करना सीखा ही नहीं होता। यही टूटन कई बार आत्मघाती कदम का कारण बनती है।

यह कहना भी उचित नहीं होगा कि हर ऑनलाइन गेम या हर तकनीकी का उपयोग बुरा है। समस्या तकनीक में नहीं, उसके अनियंत्रित और गैर-जिम्मेदार उपयोग में है। यदि बच्चे सीमित समय के लिए उम्र के अनुरूप और अभिभावकों की निगरानी में गेम खेलें तो यह मनोरंजन और सीख का साधन भी हो सकता है। लेकिन जब गेमिंग जीवन का केंद्र बन जाए, तो खतरे की घंटी बज जानी चाहिए।

समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहली जिम्मेदारी परिवार की है। अभिभावकों को बच्चों के साथ समय बिताना होगा, उनके डिजिटल व्यवहार को समझना होगा और डर या दंड की बजाय संवाद का रास्ता अपनाना होगा। मोबाइल देना आसान है, लेकिन बच्चे का मन पढ़ना कठिन—और यही कठिन काम आज सबसे ज़रूरी है। बच्चों के लिए स्पष्ट डिजिटल नियम, स्क्रीन टाइम की सीमा और वैकल्पिक गतिविधियाँ—जैसे खेल, किताबें, कला और सामाजिक मेलजोल—अनिवार्य किए जाने चाहिए।

स्कूलों की भूमिका भी बेहद अहम है। केवल पाठ्यक्रम पूरा करना पर्याप्त नहीं है। डिजिटल साक्षरता, मानसिक स्वास्थ्य, और ऑनलाइन खतरों पर नियमित कक्षाएँ और परामर्श सत्र होने चाहिए। शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए कि वे बच्चों के व्यवहार में आने वाले सूक्ष्म बदलावों को पहचान सकें। स्कूल और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद आज की आवश्यकता है।

सरकार और नीति-निर्माताओं की जिम्मेदारी भी इससे कम नहीं है। बच्चों और किशोरों के लिए ऑनलाइन गेमिंग के स्पष्ट नियम, आयु-आधारित प्रतिबंध, चेतावनी संदेश और लत पैदा करने वाले डिज़ाइन पर नियंत्रण आवश्यक है। कई देशों में 'डिजिटल वेलबीइंग' को नीति का हिस्सा बनाया गया है—भारत को भी इस दिशा में गंभीर कदम उठाने होंगे। तकनीकी कंपनियाँ केवल मुनाफ़े के बारे में न सोचें, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाएँ।

मीडिया और समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। सनसनीखेज़ ख़बरों से आगे बढ़कर, हमें मूल कारणों पर चर्चा करनी होगी। ऑनलाइन गेमिंग को महज़ एक ट्रेंड या समय काटने का साधन बताकर उसके ख़तरों को हल्के में लेना अब संभव नहीं है। यह बच्चों के भविष्य और समाज के मानसिक स्वास्थ्य का सवाल है।

गाजियाबाद की तीन बहनों की मौत हमें एक कठोर सच्चाई से रूबरू कराती है कि अगर अब भी हम नहीं चेते तो ऐसी त्रासदियाँ दोहराई जाएँगी। यह समय दोषारोपण का नहीं बल्कि जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। परिवार, स्कूल, समाज, सरकार और तकनीकी कंपनियाँ- सभी को मिलकर बच्चों के लिए एक सुरक्षित, संतुलित और संवेदनशील डिजिटल वातावरण बनाना होगा।

अंततः, हमें यह याद रखना होगा कि कोई भी गेम, कोई भी आभासी जीत, किसी बच्चे की ज़िंदगी से बड़ी नहीं हो सकती। मनोरंजन जीवन का हिस्सा होना चाहिए, जीवन का विकल्प नहीं। बच्चों को मोबाइल से नहीं, रिश्तों से जोड़ना होगा; स्क्रीन से नहीं, संवेदनाओं से जोड़ना होगा। क्योंकि एक छोटी-सी अनदेखी, किसी परिवार के लिए जीवनभर का शून्य बन सकती है और यह शून्य किसी भी तकनीकी प्रगति से नहीं भरा जा सकता।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## विचार

# संभल की सियासत में बर्क व नवाब की जंग से अखिलेश की बढ़ी टेंशन



*संजय सक्सेना*

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी एक साल दूर हैं, लेकिन संभल की सियासत में हलचल अभी से तेज हो चुकी है। बीते कुछ महीनों में सांप्रदायिक हिंसा और प्रशासनिक सख्ती के बाद संभल जैसे संवेदनशील इलाके में राजनीति थोड़ी संभलती दिखी ही थी कि अब समाजवादी पार्टी के भीतर ही सत्ता और वर्चस्व की जंग खुलकर सामने आ गई है। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता मौलाना ममलूकुर्रहमान बर्क ने 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उनका सीधा निशाना मौजूदा विधायक नवाब इकबाल महमूद हैं, जो लगातार सात बार से संभल सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस ऐलान ने न सिर्फ स्थानीय राजनीति को गर्माया है, बल्कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं।

संभल विधानसभा सीट उत्तर प्रदेश की उन गिनी-चुनी सीटों में है, जहां समाजवादी पार्टी की जड़ें बेहद गहरी रही हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 2012 से लेकर 2022 तक हुए तीन विधानसभा चुनावों में यह सीट लगातार सपा के खाते में रही है। नवाब इकबाल महमूद ने 1993 से लेकर अब तक सात बार जीत दर्ज की है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने करीब 52 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी को लगभग 39 प्रतिशत वोट मिले थे। यह अंतर बताता है कि संभल में नवाब की राजनीतिक पकड़ कितनी मजबूत रही है। दूसरी ओर, लोकसभा स्तर पर बर्क परिवार का दबदबा रहा है। शफीकुर्रहमान बर्क कई बार सांसद रहे और उनके निधन के बाद जियाउर्रहमान बर्क ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर यह विरासत आगे बढ़ाई।

अब ममलूकुर्रहमान बर्क के मैदान में उतरने के ऐलान ने दशकों पुरानी सियासी संतुलन की व्यवस्था को चुनौती दे दी है। अब तक सपा के भीतर एक अनकहा फॉर्मूला चलता रहा था विधानसभा नवाब परिवार के पास और लोकसभा बर्क परिवार के खाते में। लेकिन जियाउर्रहमान के सांसद बनने के बाद बर्क परिवार की महत्वाकांक्षा और बढ़ गई है। ममलूकुर्रहमान का दावा है कि संभल की जनता बदलाव चाहती है और मौजूदा विधायक से नाराज है। उनका तर्क है कि सिर्फ पुरानी जीतों के आधार पर टिकट नहीं मिलना चाहिए, बल्कि जनता के बीच सक्रियता और मुद्दों पर संघर्ष को भी देखा जाना चाहिए।

संभल की जनसांख्यिकी इस लड़ाई को और दिलचस्प बनाती है। 2011 की जनगणना और बाद के चुनावी अनुमानों के अनुसार, इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 55 से 60 प्रतिशत के बीच मानी जाती है। इसके अलावा दलित और पिछड़े वर्ग के वोट भी निर्णायक भूमिका में रहते हैं। समाजवादी पार्टी की रणनीति लंबे समय से एम-वाई, यानी मुस्लिम-यादव समीकरण पर टिकी रही है। ऐसे में संभल जैसी सीट सपा के लिए बेहद अहम है, जहां आपसी कलह का सीधा फायदा विपक्ष को मिल सकता है। 2022 के चुनाव में भले ही सपा जीती हो, लेकिन भाजपा ने अपना वोट शेयर पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग 6 प्रतिशत तक बढ़ाया था, जो खतरे की घंटी मानी जाती है।

नवाब इकबाल महमूद अब अपने बेटे सुहेल इकबाल को सियासी उत्तराधिकारी के तौर पर आगे बढ़ाने की तैयारी में हैं। यह कदम भी पार्टी के भीतर असंतोष की वजह बन रहा है। ममलूकुर्रहमान बर्क ने बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा है कि टिकट किसी के बेटे होने के आधार पर नहीं, बल्कि जनता के भरोसे पर मिलना चाहिए। यह बयान सीधे तौर पर नवाब परिवार की वंशवादी राजनीति पर सवाल खड़ा करता है। दूसरी ओर, नवाब खेमा यह संकेत दे रे1हा है कि पार्टी अनुशासन सर्वोपरि है और अंतिम फैसला अखिलेश यादव को ही करना है। उन्होंने यह भी पूछा है कि अगर पार्टी किसी और को टिकट देती है, तो क्या ममलूकुर्रहमान बर्क पूरी निष्ठा से चुनाव लड़ाएंगे।

यह सियासी टकराव सिर्फ एक सीट तक सीमित नहीं है। संभल में बर्क और नवाब, दोनों परिवारों का प्रभाव आसपास की सीटों असमौली, गुन्नौर और चंदौसी तक फैला हुआ है। स्थानीय राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, अगर यह विवाद खुली बगावत में बदलता है तो इसका असर कम से कम तीन से चार विधानसभा क्षेत्रों में सपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है। 2017 के चुनाव में पार्टी को आंतरिक कलह का खामियाजा भुगतना पड़ा था, जब कई सीटों पर बागी उम्मीदवारों ने नुकसान पहुंचाया था। अखिलेश यादव इस अनुभव को दोहराना नहीं चाहेंगे।

संभल में हालिया हिंसा के बाद जियाउर्रहमान बर्क एक मुखर नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने संसद से लेकर सड़क तक अल्पसंख्यक मुद्दों को उठाया, जिससे उन्हें युवाओं और खासकर मुस्लिम मतदाताओं के बीच नई पहचान मिली है। पार्टी के अंदर उन्हें सपा की मुस्लिम राजनीति के उभरते चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, नवाब इकबाल महमूद का कद एक अनुभवी नेता का है, जो मुलायम सिंह यादव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं और संगठन में गहरी पकड़ रखते हैं। यही वजह है कि अखिलेश यादव के लिए किसी एक पक्ष को नाराज करना आसान फैसला नहीं है। आंकड़े साफ इशारा करते हैं कि संभल में सपा की जीत का अंतर धीरे-धीरे घट रहा है। 2012 में जहां पार्टी ने लगभग 18 प्रतिशत के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी, वहीं 2022 में यह अंतर सिमटकर करीब 13 प्रतिशत रह गया। अगर पार्टी के भीतर फूट पड़ती है तो यह अंतर और कम हो सकता है। भाजपा और बसपा दोनों ही इस मौके की ताक में हैं। भाजपा पहले ही पश्चिमी यूपी में सामाजिक इंजीनियरिंग के जरिए गैर-यादव ओबीसी और दलित वोटरों को साधने की कोशिश कर रही है, जबकि बसपा को मुस्लिम वोटों में सेंध लगाने का मौका मिल सकता है।

अब सवाल यही है कि अखिलेश यादव इस उलझन को कैसे सुलझाते हैं। एक रास्ता यह हो सकता है कि वह दोनों परिवारों के बीच कोई समझौता कराएं, जैसे संगठन में एक को बड़ी जिम्मेदारी और टिकट दूसरे को। दूसरा विकल्प सर्वे के आधार पर टिकट देने का है, ताकि फैसला तथ्यों और आंकड़ों के सहारे लिया जा सके। लेकिन जिस तरह बयानबाजी तेज हो चुकी है, उससे मामला आसान नहीं दिखता। संभल की सियासत एक बार फिर उसी मोड़ पर खड़ी है, जहां एक गलत कदम पूरी रणनीति पर भारी पड़ सकता है। 2027 का चुनाव भले ही दूर हो, लेकिन संभल ने अभी से अखिलेश यादव की सियासी परीक्षा लेना शुरू कर दिया है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

## साहित्य



**निहाल सिंह**

### नींद

बुलाता हूँ आँखों के
इशारों से उसे लेकिन
वो है की बैठी है
चाँद की पल्को पर
सुकून से

उसके इंतिज़ार में खोलकर
रखी है कमरें की सारी
खिड़कियाँ ताकि कही
आने में कोई बाँधा
न पहुंचे

उसके बगैर गुजारता हूँ
समय को कभी तकिये
से तो कभी दीवारों से
बातें कर के

व्याकुलता बढ़ने लगती है
तो करवटें बदल लेता हूँ
कुछ पल के वास्ते
किंतु आती नहीं है नींद
आँखों में भोर होने तक ही



## राशिफल

**मेषः**– नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**वृषभः**– शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः**– कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्कः**– कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगाएं।

**सिंहः**– कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**– नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुलाः**– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः**– कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः**– सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः**– विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः**– अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः**– पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# गुस्से का विस्फोट और राजनीति की मर्यादा पर उठते सवाल



**अजय कुमार**

संसद लोकतंत्र का सबसे ऊँचा मंच है, लेकिन 4 फरवरी को इसी संसद के मकर द्वार पर जो हुआ, उसने यह सवाल खड़ा कर दिया कि क्या भारतीय राजनीति में अब संयम और शिष्टाचार पीछे छूटते जा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच हुई तीखी नोकझोंक सिर्फ दो नेताओं की व्यक्तिगत नाराज़गी नहीं थी, बल्कि यह उस राजनीतिक तनाव की अभिव्यक्ति थी, जो पिछले कुछ वर्षों से अंदर ही अंदर पक रहा था।

घटना उस समय की है जब बजट सत्र के दौरान कांग्रेस सांसद तख्तियाँ लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल गांधी खुद इस प्रदर्शन में मौजूद थे। इसी दौरान सामने से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू आते दिखे। राहुल गांधी ने उन्हें देखते ही बिना किसी भूमिका के तीखे शब्द कह दिए ये गद्दार जा रहा है, जरा इसका चेहरा देखो। यह टिप्पणी वहीं खड़े कांग्रेस सांसदों के बीच ठहाकों के साथ गूंज गई। इसके बाद राहुल गांधी ने हाथ बढ़ाते हुए कहा, हेलो ब्रो, मेरे गद्दार दोस्त, चिंता मत करो, तुम वापस आ जाओगे।

यह कोई मंचीय भाषण नहीं था, न ही कोई लिखी हुई टिप्पणी। यह क्षणिक गुस्से से निकली प्रतिक्रिया थी। लेकिन राजनीति में कई बार यही क्षणिक प्रतिक्रियाएं सबसे भारी पड़ जाती हैं। बिट्टू ने राहुल गांधी का हाथ नहीं पकड़ा। उन्होंने पलटकर कहा, देश के दुश्मन के साथ मैं हाथ नहीं मिलाता, और सीधे संसद के भीतर चले गए। यहीं से यह मामला शब्दों की लड़ाई से निकलकर राष्ट्रीय राजनीतिक बहस बन गया।रवनीत सिंह बिट्टू कोई साधारण नेता नहीं हैं। वे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं, जिनकी 1995 में आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। बिट्टू ने 2009 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार लोकसभा चुनाव जीता। इसके बाद 2014 और 2019 में भी वे सांसद बने।

कुल मिलाकर उन्होंने 15 साल तक कांग्रेस का प्रतिनिधित्व संसद में किया। लेकिन 2024 के आम चुनाव से ठीक पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए।2024 के चुनाव में बिट्टू लुधियाना सीट से भाजपा के उम्मीदवार थे। उन्हें कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से करीब 20 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और केंद्र सरकार में मंत्री बनाया। यहीं से राहुल गांधी और बिट्टू के रिश्तों में तल्खी खुलकर सामने आने लगी।

राहुल गांधी के गद्दार शब्द ने इसलिए ज्यादा विवाद खड़ा किया, क्योंकि भारतीय राजनीति में यह शब्द सिर्फ दल बदलने तक सीमित नहीं माना जाता। यह शब्द देश, संविधान और जनता के साथ विश्वासघात से जोड़कर देखा जाता है। यही कारण है कि भाजपा नेताओं ने इसे केवल राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक हमला बताया। भाजपा नेताओं का तर्क है कि एक सिख नेता, जिसके परिवार ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में बलिदान दिया, उसे सार्वजनिक रूप से गद्दार कहना असंवेदनशील है। दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह टिप्पणी राजनीतिक संदर्भ में थी और पार्टी छोड़कर जाने वालों पर राहुल गांधी पहले भी तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं।यह पहला मौका नहीं है जब बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का दुश्मन कहा हो। इससे पहले अमेरिका में दिए गए राहुल गांधी के एक बयान को लेकर बिट्टू ने सार्वजनिक रूप से उन्हें भारत का सबसे बड़ा दुश्मन तक कहा था। राहुल गांधी ने उस बयान में सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाया था, जिसे भाजपा और बिट्टू ने भारत की छवि खराब करने की कोशिश बताया।

यह पूरा विवाद ऐसे समय में सामने आया, जब राहुल गांधी पहले से ही सरकार पर हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद कभी वे हाथ में संविधान की प्रति लेकर नजर आए, तो अब संसद परिसर में वे पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी हाथ में लिए दिखाई दिए। इस किताब के कुछ अंश पढ़ने की अनुमति जब उन्हें सदन में नहीं दी गई और रिकॉर्ड से हटाया गया, तो राहुल गांधी ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मुद्दा बना दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मकर द्वार पर हुआ यह विवाद राहुल गांधी के बढ़ते आक्रामक तेवर और भाजपा के प्रति उनकी असहजता का परिणाम है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी लगातार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में कई बार भाषा की मर्यादा टूटती दिखाई दे रही है। यह भी सच है कि राजनीति में धैर्य सबसे कठिन परीक्षा होती है। लंबे संघर्ष, हार, आलोचना और व्यक्तिगत हमलों के बीच कई बार नेता खुद पर नियंत्रण खो बैठते हैं। लेकिन संसद परिसर जैसे स्थान पर बोले गए शब्द सिर्फ व्यक्तिगत नहीं रहते, वे संस्था की गरिमा से भी जुड़ जाते हैं। यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिखाती है कि राजनीतिक असहमति अब वैचारिक बहस से निकलकर व्यक्तिगत आरोपों तक पहुंच चुकी है। गद्दार और देश का दुश्मन जैसे शब्द राजनीति को और ज्यादा ध्रुवीकृत करते हैं। इससे न तो लोकतांत्रिक संवाद मजबूत होता है और न ही जनता का भरोसा। मकर द्वार पर हुआ यह टकराव आने वाले दिनों में सिर्फ बयानबाज़ी तक सीमित नहीं रहेगा। यह घटना विपक्ष की रणनीति, सत्ता पक्ष की प्रतिक्रिया और राजनीतिक भाषा की दिशा तय करने वाला संकेत बन सकती है। सवाल यह नहीं है कि किसने पहले क्या कहा, सवाल यह है कि क्या भारतीय राजनीति अब संयम की भाषा छोड़ चुकी है।लोकतंत्र में विरोध जरूरी है, लेकिन मर्यादा उससे भी ज्यादा जरूरी है। 4 फरवरी को संसद के बाहर जो हुआ, वह सिर्फ एक क्षणिक गुस्से का नतीजा नहीं था, बल्कि उस राजनीति का प्रतिबिंब था, जहाँ शब्द हथियार बन चुके हैं और संवाद कमजोर पड़ता जा रहा है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### चार पहिया वाहन ने साइकिल सवार के मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल के लिए रिफर

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के ज़ख़ेला गांव निवासी मजदूर को झलोखर गांव के पास स्कॉर्पियो चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है क्षेत्र के ज़ख़ेला गांव निवासी रामप्रकाश बाल्मीकि 55 वर्ष पुत्र जियालाल खिरवा गांव बांस की डलिया व सूपा बिक्री करने के लिए गया था। वहां से वापस आकर कुरारा की तरफ आ रहा था। तभी झलोखर अखाड़ा के समीप सड़क पार करते समय हमीरपुर से कुरारा आ रही स्कॉर्पियो के चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया इसके सिर में चोट आई है। पुलिस को सूचना मिलने पर उसे सी एस सी में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को थाने में खड़ा कराया है। अभी पीड़ित पक्ष द्वारा थाने में तहरीर नहीं दी गई है।

### मौदहा विधानसभा वापस करो के नारे के साथ दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**मौदहा हमीरपुर।** हमारी मांगे पूरी करो, मौदहा विधानसभा वापस करो जैसे जोरदार नारों के साथ दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के बैनर तले राज्यपाल के द्वारा उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए, बहाल किए जाने की जोरदार मांग की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार के दिन महेश सोनी, अरसद, सोमजीत, रजत सिंह, तबरेज खान, मुन्ना बॉर्डर, सरफराज आदि दो दर्जन कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी नारेबाजी करते हुए हमारी मांगे पूरी करो विधानसभा बहाल करो का ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपते हुए बताया कि मौदहा विधानसभा 2012 के परिसीमन में समाप्त कर दिया गया जबकि आजादी के बाद प्रथम विधानसभा का गठन 1952 में किया गया था तब से इस शहर को मौदहा विधानसभा के नाम से जाना जाता रहा है मौदहा की पहचान समाप्त करते हुए विधानसभा को खत्म कर दिया गया तब से मौदहा की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है जबकि जिले में सर्वाधिक राजस्व देने वाली तहसील है। यहां के नागरिक अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

### आंगनवाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर पोषाहार चोरी

**कुलपहाड़, महोबा।** बीते मंगलवार की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर अंदर रखा पोषाहार की सामग्री को चुरा ले गए। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने कोतवाली पहुंचकर चोरी की लिखित सूचना दे दी है। कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रावतपुरा खुर्द गांव के आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनात कार्यकत्री देवन्ती अनुरागी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जब वह 4 फरवरी बुधवार की सुबह 10 बजे जब गांव के आंगनवाड़ी केंद्र को खोलने पहुंची, तो वहां के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पाया गया, जब अंदर जाकर देखा, तो केंद्र के अंदर रखा फरवरी माह का वितरण करने वाला पोषाहार के सभी पैकेट गायब थे। जिसमें 47 पैकेट चना दाल, 57 पैकेट दलिया, 47 पैकेट रिफाइंड तेल सहित अन्य सामग्री रखी थी, जो सभी चोरी हो गए। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने विकासखण्ड जैतपुर के बाल विकास परियोजना कार्यालय की सीडीपीओ को दूरभाष से जानकारी दी। उनके आदेशानुसार आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने कोतवाली कुलपहाड़ पहुंचकर पोषाहार चोरी की लिखित सूचना दी गई।

### पत्थर खदानों में खान सुरक्षा नियमों का पालन न होने और कम मजदूरी मिलने से भड़के मजदूरों ने किया काम बन्द



**महोबा।** जिले की पत्थर खदानों में संचालकों द्वारा कराए जा रहे खनन कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर न्यूनतम मजदूरी के नियम का पालन न होने से परेशान मजदूरों के सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित मजदूरों ने काम बन्द कर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले इकट्ठा होकर पहाड़ के बाहर हंगामा काट जमकर विरोध जताया। मजदूरों के तेवर देख पहाड़ संचालकों में हड़कम्प मच गया। भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले इकट्ठा हुए मजदूरों ने बैठक कर ब्लास्टिंग का काम करने वाले मजदूरों को दो रुपये प्रति होल और तीन रुपये घन मीटर मजदूरी बढ़ाने का आश्वासन दिया है। भारतीय मजदूर संघ नेट एक माह में मजदूरों की माँगें पूरी होने ना होने पर आंदोलन का ऐलान किया है। कबरई थानाक्षेत्र के डहर्रा गाँव स्थित डीसी पहाड़ का है। जहाँ भारतीय मजदूर संघ के जिला विस्तारक आशीष सिंह के नेतृत्व में इकट्ठा हुए सैकड़ों मजदूरों ने डहर्रा पहाड़ मंडी में खनन कार्य बंद कर सुरक्षा मानकों के तहत खनन कार्य कराने और न्यूनतम मजदूरी के नियम का पालन करने की माँग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। दरअसल ग्रेनाइट मंडी कबरई क्षेत्र में लंबे समय से खनन कार्य में लगे मजदूरों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसके चलते खनन कार्य में लगे मजदूर आएदिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। पत्थर खदानों में बिना सुरक्षा नियमों का पालन कराए खनन कार्य कराया जाता है। खनन कारोबारी भी खान सुरक्षा नियमों दरकिनार कर मजदूरों से खनन कार्य कराते हैं। लंबे समय से मजदूरों का पैसा न बढ़ाने और खान सुरक्षा अधिनियम के तहत मानकों का पालन न होने से परेशान मजदूरों ने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले इकट्ठा होकर खनन कार्य बंद कर दिया और जमकर नारेबाजी करते हुए खान सुरक्षा अधिनियम के तहत मजदूरी कराने सहित मजदूरी का पैसा बढ़ाने की मांग की है। पहाड़ मंडी में काम बंद होने से खनन कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। पहाड़ खदानों में काम बंद होने से बाद हरकत में आए पट्टा धारकों ने मजदूरों की माँग मानते हुए तीन रुपये प्रति टन और ब्लास्टिंग के दाम एक पिट के 25 रुपये से बढ़ाकर 28 रुपये करने का ऐलान किया। मजदूरों का कहना है कि पिछले बीस साल से मजदूरी नहीं बढ़ाई नहीं गई। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने एक माह का समय देकर ऐलान किया है कि अगर एक माह में व्यवस्थाओं में सुधार न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। मामले को लेकर भारतीय मजदूर संघ के जिला विस्तारक आशीष सिंह और जिला प्रभारी कपिल कश्यप ने कहा कि सरकार के द्वारा न्यूनतम मजदूरी का नियम लागू किया गया है लेकिन अधिकारियों को सरकार के नियम का पालन कराने का समय नहीं है। बिना बीमा के मजदूरों से काम कराया जा रहा है।

### महोबकंठ पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित को दबोचा



**महोबकंठ/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टों एवं विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक एवं रविकान्त गौड़, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही की गई। गठित पुलिस टीम के उ.नि. रोहित कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु.अ.सं. 16/2026, धारा 74/351(3) बीएनएस एवं 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को ग्राम पचारा तिराहा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### आईआईटी महोबा में निर्माण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा पटनाहा को दिया मांगपत्र

**महोबा।** डिस्ट्रिक्ट बार के पूर्व महामंत्री एड अरुण अरजरिया, महोबा डवलप मेंट एसोसिएशन के संयोजक अंश सोनी ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा पटनाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष-आईसीसी, भारतीय तीरंदाजी संघ से महोबा प्रवास के दौरान उनके आवास पर मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक उपेक्षित बुंदेलखंड के महोबा में आई आई टी का निर्माण हो इसके लिए दिल्ली और लखनऊ में व्यक्तिगत रूप से निरंतर सघन प्रयास करने का आग्रह किया तथा अन्य सुझाव साझा किये। श्रीमती पटनाहा ने सकारात्मक परिणाम मिलने तक निरंतर प्रयास का क्षेत्र को आश्वासन दिया। उन्होंने ने कहा कि बुंदेलखंड में महोबा बुंदेलखंड के मध्य में है, हवाई यात्रा के लिए 50 किमी दूरी पर खजुराहो है। झांसी, छतरपुर, सागर, चित्रकूट में उच्च शिक्षा के लिए पहले से विश्वविद्यालय हैं, जनपद महोबा उच्च शिक्षा से वंचित है यंहा से उच्च शिक्षा के लिए पलायन ही विकल्प है यहाँ आईआईटी की सर्वाधिक जरूरत है। योग्यता, ज़रूरत और भौगोलिक न्याय के पैमाने पर देखा जाए तो बुंदेलखंड में महोबा आई आई टी के लिए सबसे पात्र जनपद है। यह बुंदेलखंड का भौगोलिक केंद्र मध्य प्रदेश- उत्तर प्रदेश दोनों के छात्रों को समान पहुंच है महोबा के लिए हवाई रेल, सड़क कनेक्टिविटी बेहतर, यहां शांत और अकादमिक वातावरण है यंहा से उच्च शिक्षा के लिए पलायन रोकने और स्किल-बेस्ड रोजगार सृजन की बेहद सख़्त ज़रूरत है। रक्षा, खनन, ऊर्जा और ड्राई-लैंड रिसर्च जैसे क्षेत्रों के लिए उपयुक्त आई आई टी का निर्माण इस क्षेत्र के लिए क्रांतकारी बदलाव लाएगा। वार्ता के दौरान डॉ रुपेन्द्र सिंह ने विचार साँझा करते हुए कहा आईआईटी में अन्य ट्रेड के साथ-साथ माइनिंग ट्रेड भी होनी है।

# एसआईआर, मनरेगा कार्यों पर शिथिलता देख बिफरे ब्लॉक प्रमुख

- समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख ने विकास कार्यो समीक्षा बैठक के दौरान एसआईआर, मनरेगा आदि कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों में गति लाने के कड़े निर्देश दिए। गुरुवार को ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में पंचायतों में सचिव द्वारा एसआईआर के लिए समय पर जरूरी अभिलेख नहीं मुहैय्या कराने पर एडीओ पंचायत को कड़ी फटकार लगाते हुए सचिवों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना के कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा पत्रावलियों में की गई त्रुटियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईकेवाईसी में श्रमिकों के सत्यापन के साथ आवास जॉबकार्ड का सत्यापन कार्य चल रहा है। इसमें पूरी ईमानदारी से कार्य किया जाए जब तक आवास निर्माण में मस्टर रोल निर्गत न हो तब तक आवास मजदूरी का भुगतान नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा कि बोर्ड की बैठक में परिवार रजिस्टर का नवीनीकरण करके अद्यतन किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद यह कार्य नहीं हुआ है इस पर उन्होंने नराजगी जाहिर करते हुए एडीओ पंचायत को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंसलटिंग इंजीनियर लागत से अधिक के एस्टीमेट तैयार कर रहे हैं। एडीओ पंचायत को मौके पर जाकर सत्यापन के निर्देश देकर कहा कि वह नियमानुसार सीएस अवश्य करें बैठक में खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार, एडिओ पंचायत सुरेश कुमार,एडीओ आईएसबी राममनोहर सोनी, एडीओ समाज कल्याण आशीष कुमार, अवर अभियंता लघु सिंचाई सदानंद यादव, एपीओ मनरेगा विकास चंद्र, लेखा सहायक राम सजीवन आदि कर्मी मौजूद रहे।

# सरीला तहसील में फिर प्रशासनिक उलटफेर, राम मोहन की वापसी

- चार दिन में दो तहसीलदार, बदलाव बना चर्चा का विषय

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद की तहसील सरीला में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है। शनिवार को जहां रविन्द्र पाल ने नए तहसीलदार के रूप में कार्यभार संभाला था, वहीं महज चार दिन बाद बुधवार को एक बार फिर बदलाव करते हुए राम मोहन कुशवाहा को तहसीलदार सरीला की जिम्मेदारी सौंपी गई बुधवार को तहसील कार्यालय में राम मोहन कुशवाहा ने औपचारिक रूप से चार्ज लिया और तुरंत जनसुनवाई शुरू की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्वाचन संबंधी कार्यों में तेजी लाने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए चार दिन के भीतर हुए इस दोहरे प्रशासनिक बदलाव ने तहसील परिसर में चर्चाओं को जन्म दे दिया है। कर्मचारी से लेकर आमजन तक इस बदलाव को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। फिलहाल एक बार फिर राम मोहन कुशवाहा के हाथों में तहसील की कमान आने से प्रशासनिक कार्यों में स्थिरता की उम्मीद जताई जा रही है।

# धूप के साथ पछुवा हवा पाकर खिल उठी फसलें, किसान खुश

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सप्ताह के शुरुआत में हुई बारिश एवं कोहरे के बाद निकली धूप एवं पछुवा हवा का संग पाकर दलहनी एवं तिलहनी फसले लहलहाने लगी है। इससे किसान खुश है सप्ताह के शुरुआत में हुई बारिश के बाद पड़े घने कोहरे के बाद मौसम साफ होने के उपरांत खिल रही धूप एवं पछुवा हवा पाकर दलहनी तिलहनी फसले खिल उठी हैं। इससे किसान खुश है और फसलों से अच्छे उत्पादन की उम्मीद लगा रखी है। किसान मानसिंह भदौरिया, राधेश्याम सिंह, प्रदीप गुप्ता, उदयभान यादव, सुरेश कुमार, सुरेश गुप्ता आदि ने बताया कि बारिश एवं कोहरे के बाद धूप खिलने पछुवा हवाओं के चलने से फसलों के सेहत में सुधार होगा और अच्छे उत्पादन का मार्ग प्रशस्त होगा। धूप एवं पछुवा हवा फसलों के लिए रामबाण साबित होगी।

# लव जिहाद का चौथा इनामियां आरोपी गिरफ्तार

- सुबह कस्बे से बाहर जाते समय पुलिस ने दबोचा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में 20 दिन पूर्व हुए लव जिहाद, दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव बनाने के 25 हजार के इनामियां चौथे आरोपी को पुलिस ने कस्बे से बाहर जाते समय नवीन गल्ला मंडी के पास से दबोच कर न्यायालय में पेश किया है। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है कस्बे में गत माह 15 जनवरी को हुए लव जिहाद, दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव की घटना के चौथे आरोपी फहीमउद्दीन उर्फ लाला खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बृहस्पतिवार को कस्बे से बाहर जाते समय इस इनामिया आरोपी को नवीन गल्ला मंडी के समीप से दबोचा गया है। इसे न्यायालय में पेश किया गया, इसको न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इसके अलावा पुलिस तीन आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी अवान उर्फ अफान खान को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पीड़िता के पिता ने मुकदमे में मुख्य आरोपी के साथ उसके पिता मौलाना खान को अभियुक्त बनाया था। बाद में पीड़िता ने अदालत में बयान के दौरान फहीमुद्दीन उर्फ लाला खान के साथ एक बाल अपचारी को भी घटना में शामिल होना बताया था। पीड़िता के बयान के बाद पुलिस ने दोनों को मुकदमे में आरोपी बनाया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ एसआई दुर्गेश कुमार राय, आरक्षी राहुल कुमार एवं प्रिंस कुमार शामिल रहे।

### दो सचिव के निलंबन से छह पंचायतें रिक्त, ग्रामीण परेशान

**भरुआ सुमेरपुर।** गत माह ब्लाक के दो सचिवों के निलंबन के बाद आधा दर्जन पंचायतों में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल आदि के कार्य ठप होने से ग्रामीण परेशान हैं। सर्वाधिक परेशानी एसआईआर के लिए हो रही है गत माह पंचायत सचिव अमित कुमार को लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया था। इनके पास इंगोहटा, विदोखर पुरई पंचायत थी। इसके बाद शिवशंकर पाल को रिश्वत लेते गिरफ्तार होने पर निलंबित किया गया था। इनके पास पंधरी, भौनिया, पारा रैपुरा, बदनपुर ग्राम पंचायते थी। इन छह पंचायतों में वर्तमान में कोई सचिव नहीं है। इससे लोग जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल आदि नहीं बनवा पा रहे हैं खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि पत्रावली जिला अधिकारी के पास भेज दी गई है जल्द ही पंचायतों में सचिव नियुक्त होंगे।

### शादी समारोह से लौट रहे युवक को रास्ते में रोक कर पीटा

**भरुआ सुमेरपुर।** बाइक से गांव वापस लौट रहे युवक को गांव के तीन युवकों ने साथियों के साथ मिलकर बांकी मार्ग में चार पहिया वाहन सामने लगाकर रोक लिया और कनपटी में तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी देकर जमकर पीटा और भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है विदोखर पुरई निवासी संजय निषाद में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि वह गत 3 जनवरी को ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति की बेटी की शादी में शामिल होने कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आया था। वापसी के समय बाकी मार्ग पर कॉलेज के समीप गांव निवासी नीरज, सचिन कुशवाहा, सोनू ने अपने साथियों के साथ बीच सड़क पर चार पहिया वाहन सामने लगाकर रोक लिया और कनपटी में तमंचा अडाकर लाठी डंडों से जमकर पीटा जिससे वह बुरी तरह से लहुलुहान हो गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# अधिवक्ताओं ने तहसील कर्मियों पर लगाया नियमों की अनदेखी का आरोप

- उपजिलाधिकारी व अपने सीनियर अधिवक्ता को ज्ञापन देकर उठायी समस्या निस्तारण की मांग



**महोबा।** तहसील अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी व सीनियर अधिवक्ता को ज्ञापन देकर तहसील कर्मियों पर फाइलों का समय पर निस्तारण नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए इस ओर कार्यवाही की मांग की है। समस्या निस्तारण नहीं होने पर न्यायालय के न्यायिक कार्य के वहिष्कार किये जाने की बात कही है । ज्ञापन में तहसील अधिवक्ता रामस्वरूप सिंह, बनवारी लाल, धर्मेंद्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, शंभूदयाल, केपी विश्वकर्मा, ओमप्रकाश, राम किशोर, महिपाल सिंह, राजकुंवर आदि वकीलों ने आरोप लगाया कि लेखपाल व तहसील कर्मियों द्वारा सामान्य न्यायालय की अनदेखी कर फाइलों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है उन्होंने कहा नक्सा गलत के बहाने अवैधानिक प्रक्रिया कमेटी गठित कर बिना नोटिस पैमाइश किये जाने आदि पर तहसील अधिवक्ता नाराज हैं कहा कि प्रस्ताव पास कर अधिवक्ताओं की गरिमा नष्ट होने से बचाये जाने की अति आवश्यकता है इन समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों का वहिष्कार करेंगे।

# फातिहा में मांगी गईं मुल्क के अमन-चैन की दुआएं

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रसूले पाक के दिलकश बयान से पहले, कोई किताब न पढना कुरान से पहले,नुजूले हजरते आदम यही बताता है,कोई वतन न था हिंदुस्तान से पहले .हजरत ताज उददीन बाबा के उर्स के दूसरे दिन कुरान ख्वानी, लंगर और चादरपोशी के साथ रात में शानदार कव्वालियों की महफिल हुई जिसमे बाहरी कव्वालों ने महफिल में जान डाल दी कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज बडा कसौडा स्थित हजरत ताज उददीन बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स मनाया जा रहा है। जिसमें बुधवार रात मजार पर शानदार नातिया मुशाएरे का आयोजन किया जिसमे फरीद परछवी, मसीह निजामी, कुर्रतुल एन नजर, आकिल बिजनौरी, कारी फारूक, इस्लाम मौदवी, फजलुर रहमान छत्तीसगढी, फहीम रजा खेडवी सहित अन्य शायरों ने अपने शानदार कलाम से महफिल को बांध दिया जिसमे फहीम रजा खेडवी के शेरों ने जमकर वाहवाही लूटी, मुशायरा में मंच का संचालन कारी अताउर्रहमान ने किया। वहीं गुरुवार को सुबह मजार पर कुरान ख्वानी और दस बजे दिन से लंगर शुरू हुआ वहीं बाद नमाज़ असर चादरपोशी की गई जबकि बाद नमाज़ इशा शानदार कव्वालियों की महफिल हुई जिसमे क्षेत्रीय कव्वालों के अलावा कानपुर से आए मशहूर कव्वाल अता वारसी ने महफिल को बांधे रखा वहीं फातिहा में मुल्क के अमन चैन तरक्की और भाईचारे की दुआएं मांगी गई। शुक्रवार को बाद कुल की फातिहा और लंगर के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में सूर्य महोत्सव की बैठक संपन्न

- 11फरवरी को जिला स्थापना दिवस से शुरू होकर 17 फरवरी को होगा समापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सूर्य महोत्सव 2026 के आयोजन के संबंध में अधिकारियों एवं समितियां की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सूर्य महोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ-साथ सुरक्षित भी हो। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 11 फरवरी को महोबा जनपद की स्थापना दिवस से प्रारंभ होगा और 17 फरवरी को समाप्त होगा।11 फरवरी को सुबह 5:00 बजे से सूर्योदय के साथ ही रहेलिया सूर्य मंदिर पर भगवान सूर्य देव को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ अर्घ देकर किया जाएगा। यहां अंतरिक्ष दर्शन सन प्लेनिटोरियम का उद्घाटन किया जाएगा। सूर्य मंदिर से ही एक भव्य शोभायात्रा मोदी ग्राउंड तक पहुंचेगी जहां पुस्तक मेला एवं मेले का उद्घाटन किया जाएगा। दिन के कार्यक्रमों में 11 फरवरी को ही एफ.पी.ओ. बाजार का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दिन के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 13 फरवरी को बुंदेली मिलेटस एवं पान से बने व्यंजन, पीतल एवं गौरा पत्थर की शिल्प प्रतियोगिता , 14 फरवरी को पर्यटन सम्मेलन में युवा टूरिज्म क्लब एवं पर्यटन नीति तथा इतिहास पर चर्चा रखी गयी है, इस दौरान जिंगल एवं टैगलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, वीर रस काव्य समागम भी किया जायेगा, 15 फरवरी को पतंगोत्सव का आयोजन किया जायेगा। 16 फरवरी को रूरल स्पेश लैब का उदघाटन एवं नीलेश एम देसाई निदेशक इसरो द्वारा बाल संवाद किया जायेगा।सायंकालीन कार्यक्रमों में स्थानीय एवं बुंदेली कलाकारों के साथ ही 11 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायन पं0 सुधीर व्यास द्वारा भजन प्रस्तुति की जायेगी, वही 12 फरवरी को प्रसिद्ध गायिका अधिष्ठा- अनुष्का की प्रस्तुति रहेगी, 16 फरवरी को बालीबुड नाईट के अंतर्गत हर्षित सक्सेना, माधुरी डे और क्रैजी हापर द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी, 15 फरवरी को शिवरात्रि के अवसर पर शिव आराधना पर आधारित आदि के कार्यक्रम होंगे।इसके साथ ही 13 स्थानीय युवाओं द्वारा तैयार किये गये लोकप्रिय नाटक दीवान हरदौल की प्रस्तुति एवं 14 फरवरी संदीप चंदेल आदि टीम द्वारा हवेली दरवाजा की प्रस्तुति की जायेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, सीडीओ बलराम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

### ओवरटेक करते समय दो बाइकें टकराई, चार घायल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** शाम करीब साढ़े चार बजे कस्बे के बांदा मार्ग में पारा मोड़ के पास ओवरटेक करते समय दो बाईकें आपस में टकरा गई। जिसमें सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चारों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है इंगोहटा निवासी शिवमोहन (26), मनीष कुमार (26), जुगल किशोर उर्फ राजा वर्मा (25), मनीष प्रजापति (27) किसी कार्य से दो बाइकों से टेढ़ा की ओर जा रहे थे।पारा मोड़ के समीप एक दूसरे को ओवरटेक करते समय आपस में टकरा गए और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।साथ ही बाईकें चकनाचूर हो गई। किसी ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। राहगीरों के सूचना पर एंबुलेंस ईएमटी अभिषेक कुमार, पायलट विकास के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को लाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### बाल किशोर पुलिस ने मासिक बैठक की



**महोबा।** जनपद महोबा की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह (नोडल अधिकारी) की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गुमशुदा/अपहृत बच्चों की बरामदगी, बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम तथा पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अंतर्गत प्रकरणों में नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि गुमशुदा बालक/बालिकाओं से संबंधित मामलों में धारा 137/87 बीएनएस के अंतर्गत त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। पॉक्सो अधिनियम एवं बीएनएस के अंतर्गत प्रारूप (क) व (ख) का विधिवत व अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जाए। बैठक में किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, अभियोजन कार्यालय, मुख्य चिकित्सालय महोबा, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड लाइन महोबा सहित जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर करायें फार्मर रजिस्ट्री: जिलाधिकारी गजल भारद्वाज

- गर्मी का मौसम आने के पूर्व सर्वे कराकर हैंडपम्पों की मरम्मत कराने के डीपीआरओ को दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, जल जीवन मिशन एवं अन्य विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गो आश्रय स्थलों में कैमरों की स्थिति एवं वहां के कंट्रोल रूम के प्रसारण की स्थिति का समीक्षा की गई तथा साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक गो आश्रय स्थल का ट्रांसमिशन हर दशा में कंट्रोल रूम तक सुनिश्चित होना चाहिए और इसमें यदि किसी भी प्रकार की किसी भी स्तर पर लापरवाही होती है तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी महोदया ने निर्देशित किया कि शीघ्र ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करते हुए एक सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जा रहा है, जिससे गो आश्रय स्थल में गोवंशों की संख्या अपने आप काउंट होगी, इस प्रकार गो आश्रय स्थल में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों पर कंट्रोल रूम के द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी तथा तत्काल यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो उसकी सूचना संबंधित को दिया जाएगा, जिससे समस्या का समाधान हो सके। यदि गो आश्रय स्थलों में कैमरे बंद पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 40 ऐसे विद्यालयों का चयन किया गया था, जिसमें इसरो लैब स्थापित करना था। इसरो लैब स्थापित कराया जाए, उक्त विद्यालयों में पूर्व की बैठक में कार्य संबंधित सचिवों को बता दिया गया था, इस कार्य को जल्द कंप्लीट कर लिया जाए। अभियान चला कर किसानो की फार्मर रजिस्ट्री कराई जाए। पीएम सम्मान निधि मिलने वाले लोगों की सर्वे कराकर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिन गांवों में सचिव ने अच्छा कार्य किया है फोटोग्राफ और सूची उपलब्ध करायी जाए जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी का मौसम आने से पहले सभी हैण्डपंप का सर्वे कराकर उन हैंडपंपों की मरम्मत करा दी जाए, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या उत्पन्न न हो और सभी हैड पंप चालू अवस्था में हो जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी सचिवो को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायत की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, परियोजना निदेशक विपिन कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# औसानेश्वर महादेव मंदिर में सुनील सिंह ने चांदी का छत्र किया समर्पित



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री औसानेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार रात्रि को चोरों ने चांदी का छत्र और अरघे में लगी चांदी समेत करीब 25 लाख के कीमती आभूषण चुरा ले गए थे। मंदिर में चोरी की इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने श्री औसानेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर विधिवत पूजा पाठ किया और बाबा महादेव के श्री चरणों में नया चांदी का छत्र समर्पित किया और आने वाले समय में इससे भी भव्य कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि यह घटना न केवल आस्था को ठेस पहुंचाने वाली है बल्कि समाज की सामूहिक चेतना के लिए भी गंभीर विषय है। उन्होंने आगे कहा कि दोषी चाहे जो भी हो हमें पुलिस पर भरोसा है कि दोषी का चेहरा जल्द सामने आयेगा। पूजन अर्चन के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान पंकज सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित पूर्व प्रधान सुरेश अवस्थी अतुल गिरी ठाकुर मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह लेंगे हिस्सा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत इलियासपुर में प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा एवं ग्राम वासियों के सामूहिक प्रयास से निर्मित श्री हनुमत धाम मंदिर में हनुमान जी एवं प्रभु श्री राम दरबार सहित सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे का आयोजन मंगलवार को किया गया है।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में निवृत्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत विधायक दिनेश रावत हिस्सा लेंगे।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा दी गई।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने लोगो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लटकता मिला निजी चिकित्सक का शव, पत्नी से हुआ था विवाद

**मसौली बाराबंकी।** बुधवार की देर रात्रि पत्नी से हुए विवाद के बाद अपने कमरे मे गये निजी चिकित्सक का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे लटकता मिला गुरुवार की भोर घर पहुंची पत्नी पति के लटकते शव को देख पुलिस को सूचना दी मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम देवकलिया निवासी संदीप कुमार वर्मा पुत्र सूर्य प्रकाश सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर स्थित मौलाबाद चौराहे पर निजी क्लिनिक चलाते है बुधवार की देर घर लौटे संदीप कुमार का अपनी पत्नी आरती से किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया जिसपर पत्नी रात्रि मे गाँव मे किसी के घर चली गयी और संदीप अपने



8 वर्षीय पुत्र के साथ कमरे मे सोने चला गया गुरुवार की भोर घर पहुंची पत्नी ने संदीप का शव कमरे मे मोफलर के फंडे से लटकता मिला जिसकी खबर फैलते ही गाँव मे अफरातफरी मच गयी बाराबंकी मे रह रहे मृतक के माता पिता एव मसौली पुलिस को सूचना दी मौक़े पर पहुंची मसौली थाने के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, कस्बा प्रभारी अभय गुप्ता ने फ़ारसेंसिक टीम के साथ पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

( मृतक एव पत्नी के बींच विवाद बना मौत का कारण)

निजी चिकित्सक डा0 संदीप कुमार का विवाह 10 वर्ष पूर्व मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम ठकुरिहा से हुआ था जिनके एक 8 वर्षीय पुत्र भी है लेकिन पति पत्नी मे हमेशा वाद विवाद होता रहता था जिससे तंग आकर माता पिता बाराबंकी मे रहते थे चार माह पूर्व कोर्ट हुए समझौते के बाद पत्नी संदीप के साथ आयी थी। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि निजी चिकित्सक का शव फंदे से लटकता मिला था जिसका पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा का वार्षिकोत्सव संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड हैदरगढ़ के राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा में वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को सामने लाने का एक मंच है। ऐसे आयोजनो से बच्चों को आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता हैं।



पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही देश और समाज का उत्थान संभव है, और देश की उन्नति का भार भावी पीढ़ी के कंधों पर है। इस अवसर पर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश पांडे सरस्वती जयंती इंटर कॉलेज त्रिवेदीगंज के प्रधानाचार्य अंजनी कुमार दुबे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य पूनम कनौजिया प्रधान लल्लन बाबू प्रधान अभय प्रताप सिंह भाजपा नेता पंकज दीक्षित युवा नेता राहुल सिंह चौहान गौरव श्रीवास्तव मनोज सिंह राजन शुक्ला आशु बाबू सहित शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# धान तौल बंद होने से किसान परेशान, 28 फरवरी की समय-सीमा के बावजूद केंद्रों पर ट्रॉलियां खड़ी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सरकार द्वारा किसानों के धान की तौल के लिए 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक की समय-सीमा निर्धारित के बाद भी तौल बंद जिले के लगभग सभी तौल केंद्रों पर ट्रॉलियां खड़ी हैं, पर धान की तौल नहीं हो रही। इससे किसानों में भारी नाराजगी और चिंता का माहौल है। तहसील क्षेत्र के तौल केंद्रों पर मौजूद किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से अपनी उपज लेकर केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन तौल की प्रक्रिया बंद पड़ी है। न तो उन्हें स्पष्ट जवाब मिल रहा है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है, क्योंकि धान खुले में रखा होने से खराब होने की आशंका भी बढ़ गई है। इस संबंध में विपणन अधिकारी अमित



कुमार ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूरा हो चुका है, इसलिए फिलहाल धान की तौल नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस विषय में शासन से पत्राचार किया गया है और जैसे ही आदेश प्राप्त होंगे, तौल प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी जाएगी। हालांकि, किसानों का कहना है कि जब शासन ने स्पष्ट रूप से 28 फरवरी तक तौल की अनुमति दी है, तो लक्ष्य पूरा होने का हवाला देकर तौल रोकना नियमों के खिलाफ है। स्थिति यह है कि केवल सरकारी तौल केंद्र ही नहीं, बल्कि सहकारी समितियों पर भी धान की तौल बंद है। किसानों ने मांग की है कि शासन तत्काल हस्तक्षेप कर तौल प्रक्रिया शुरू कराए, ताकि उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल सके। शादी विवाह सहित अन्य जरूरत पूरा करने के लिए किसान लाइन लगाकर अपनी तौल का इंतजार कर रहा परंतु हफ्तों से कड़ी तालियां अपनी तौल का इंतजार कर रहे हैं यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

## वन विभाग ने जहां कराया पौधरोपण, नजर नहीं आ रहे पेड़

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** वन विभाग द्वारा सरकार की आंखों और अधिकारियों को कैसे गुमराह कर रहे है इसका नजारा ग्राम पंचायत कमियार में में देखा जा सकता है जहाँ वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कराया गया वहां एक भी पेड़ नजर नही आ रहा है। किसान यूनियन के मायाराम यादव ने बताया कि शासन ने वन विभाग को 81 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण के लिए प्रस्ताव करके दिया था जिसमें वन विभाग द्वारा आशिक वृक्षारोपण कराकर कई किसानों पर मुकदमा भी दर्ज कराया था लेकिन इस वर्ष जो आशिक वृक्षारोपण हुआ था वह भी समाप्त हो गया किसानो की गेहूं सरसों व गन्ने की फसले लहलहा रही है विभाग द्वारा लगाए गए पौधो की निराई गुड़ाई सिंचाई रखवाली आदि का भुगतान भी किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी कार्रवाई लंबित

**डीएम के निर्देशों की अनदेखी, डीपीआरओ पर फाइल दबाने के आरोप**

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जनपद सीतापुर में ग्रामीणों की शिकायतों पर



भ्रष्टाचार के मामलों में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है। इसी क्रम में गठित जांच टीम द्वारा एक ग्राम पंचायत में प्रधान एवं सचिव को दोषी पाए जाने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा समय से कार्रवाई न किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र सोमेश्वर दयाल शुक्ला निवासी ग्राम पंचायत शिवथाना, विकास खण्ड बिसवां, सीतापुर द्वारा दिनांक 09 सितंबर 2024 को एक नोटरी सत्यापित शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया था। उक्त शिकायत की जांच जिलाधिकारी सीतापुर के आदेश संख्या 4285 दिनांक 23 नवंबर 2025 के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी, सीतापुर द्वारा की गई। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार अवस्थी एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा शासनादेशों की अनदेखी करते हुए ग्राम प्रधान के पुत्र संगम अवस्थी के नाम पर बड़े पैमाने पर सरकारी धनराशि का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान के सगे चचेरे भाई की फर्म आराध्या इंटरप्राइजेज एंड सप्लायर्स को भी भारी धनराशि हस्तांतरित की गई, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि ग्राम प्रधान के निकट संबंधियों की फर्म को भुगतान प्रतिबंधित है। जांच में दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार अवस्थी को कारण बताओ नोटिस पत्र संख्या 8316 दिनांक 17 नवंबर 2025 के माध्यम से जारी करते हुए 15 दिवस के भीतर साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु निर्धारित अवधि तक ग्राम प्रधान द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से भी स्पष्टीकरण मांगा गया था, जो नियत तिथि तक प्राप्त नहीं हुआ। इसके बावजूद पंचायतराज अधिनियम के तहत अपेक्षित अग्रेतर कार्रवाई न करते हुए प्रकरण को लंबित रखा गया है। पंचायतराज अधिनियम में यह स्पष्ट प्रावधान है कि प्रथम दृष्टया दोष सिद्ध होने की स्थिति में ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बाधित किए जा सकते हैं, किंतु इस मामले में अब तक इस प्रावधान पर अमल नहीं हो सका है। मामले में जब जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और तथ्यों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिला प्रशासन इस प्रकरण में समयबद्ध और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करता है या यह मामला भी अन्य लंबित जांचों की तरह आगे की कार्रवाई के बिना ही रह जाएगा।

## लकड़कटे ने पत्रकार से मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र तिलोई के थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत राजाफोपुर के इस्लामगंज चौराहे पर एक लकड़कटे ठेकेदार ने एक पत्रकार से लकड़ी काटने पर शिकायत व खबर चलाये जाने की शंका पर रास्ते में रोककर अभद्रता से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पत्रकार का नाम इश्तियाक अहमद श्री न्यूज़ 24 का उप जिला यूरो बताया जाता है। राजा फ़ोपुर निवासी पत्रकार इश्तियाक अहमद ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई है। इश्तियाक अहमद ने बताया है कि मैं एक आकस्मिक मृत्यु की सूचना पर गढ़ी गांव खबर कबरेज के लिए जा रहा था, जिस पर रास्ते में लक़ड़कटे ठेकेदार रुखसार पुत्र शमी निवासी ज़ोरावर गंज और एजाज गुजर निवासी पूरे बच्चू मजरे कोची ने मिलकर इस्लाम गंज में इस्लाम की दुकान पर रास्ते में रोककर अभद्रता से गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## सर्वानन टी बने जनपद के नए पुलिस अधीक्षक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक का तबादला कर दिया गया है। शासन ने उन्हें मिर्जापुर की नई जिम्मेदारी दी है। उनके स्थान पर आईपीएस अधिकारी सर्वानन टी को जनपद का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। अपर्णा रजत कौशिक के कार्यकाल के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनसुनवाई को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। उनके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने विभिन्न अभियानों के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई करते हुए बेहतर पुलिसिंग की मिसाल पेश की। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सर्वानन टी के पदभार ग्रहण करने के बाद जिले में कानून-व्यवस्था को



और अधिक मजबूत किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार वह शीघ्र ही जनपद का कार्यभार संभालेंगे।

# जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति व लोकल लेवल कमेटी की बैठक संपन्न

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति एवं लोकल लेवल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) योजना, दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना, शादी-विवाह पुरस्कार अनुदान योजना, दुकान निर्माण/खोखा-गुमटी/हाथ ठेला ऋण-अनुदान योजना सहित अन्य संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से निर्गत



किए जा रहे दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड की स्थिति की समीक्षा की तथा शेष लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस यात्रा सुविधा, लोकल लेवल कमेटी द्वारा लीगल गार्जियनशिप प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने तथा दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित वातावरण सृजन के संबंध में भी चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ बिना विलंब उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

# श्रीमद्भगवत कथा के पूर्व धूमधाम से निकली भव्य कलश यात्रा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड संग्रामपुर के अंतर्गत सहजीपुर में श्रीमद्भागवत कथा शुरू होने से पूर्व धूमधाम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथा पांडाल से दुख भजन नाथ मंदिर पहुची वहां से आसपास के गांव की परिक्रमा कर भागवत कथा स्थल तक वापस पहुंची। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास शुभम शुक्ल महराज ने विधिविधान से पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कथा वाचक ने बताया कि कलश रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक है। इसका हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है। बताया कि कलश पर नारियल रखा जाता है, जो



इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को ऊपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए। इससे जीवन की गाड़ी बेहतर चलती है। कलश के ऊपर रखी जाने वाली माला संदेश देती है कि जिस तरह फूल महकता है, उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए। वही कलश यात्रा में भक्तों के जयकारे से माहौल भक्तिमय हो गया। पीले वस्त्रों और चुनरी धारण किए हुए महिलाओं ने कलश को सिर पर रखकर प्रभु का स्मरण करते हुए भक्तिमय वातावरण में भक्ति संगीत के साथ नृत्य करते कथास्थल तक लाई। इस मौके पर मुख्य यजमान शेषकुमारी, सियाराम मिश्र, पप्पू, राम गोपाल, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर आधार सम्बन्धी गतिविधियों के अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अध्यासित परिवारों हेतु फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान संचालित किया जाना शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के माध्यम से विभिन्न लाभार्थीपरक, योजनाओं के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कर योजनाओं से वंचित परिवारों को योजनाओं का लाभ तथा रोजगार के अवसर प्रदान



करना है। उन्होंने समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि शतप्रतिशत आधार कार्ड बनवाये जाने हेतु कैम्प आयोजित किये जाये, कैम्प आयोजित करने के लिए एक रोस्टर तैयार कराया जाए, उसी के अनुसार कैम्प लगवाये जायें, कैम्प आयोजन की सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायें, जिससे कि अधिक से अधिक लोग उसका लाभ उठा सके, इसके साथ ही जनपद में कहा-कहा पर आधार केन्द्र संचालित है, जहां पर नये आधार का पंजीकरण, संशोधन आदि का कार्य होता है, जनजागरूकता हेतु उसका भी प्रचार-प्रसार कराया जायें। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कैम्प का आयोजन कराकर 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण कराकर आधार कार्ड बनवाया जायें।

# डीएम ने निर्माणाधीन उप निबंधक कार्यालय महोली के भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आदर्श तहसील महोली परिसर के अन्दर निर्माणाधीन उप निबंधक कार्यालय महोली के भवन के निर्माण कार्य को देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन के निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को देखते हुये निर्देश दिये कि भवन में बेहतर सामग्री का उपयोग किया जाये एवं पिलर बनने के उपरान्त सरिया दिखायी न दे, यह सुनिश्चित किया जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने भवन के अन्दर निर्मित किये जा रहे शौचालय को भी देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश



संबंधित को दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा जनपद सीतापुर स्थित ग्राम रोजहा, पो0 धौरेमऊ, विकास खण्ड ऐलिया में प्राचानी शिव मंदिर में कराये जा रहे कार्यो को देखा।

जिलाधिकारी ने इंटरलाकिंग, सोलर लाइट आदि कार्यों को देखते हुये प्रकाश व्यवस्था सही न मिलने पर संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुये प्रकाश व्यवस्था सही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यो को पूर्ण करते हुये हैण्डओवर किया जाये।

## मार्ग को लेकर ग्रामीण ने लगाई जिलाधिकारी से न्याय की गुहार

**10 हजार अर्थदंड व हो चुकी बेदखली फिर भी बंद कर रहे रास्ता**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** महराजगंज रायबरेली राजन पुत्र बृजलाल निवासी बरियारपुर मंज़रे ज्योना तहसील महराजगंज थाना चन्दापुर ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षीगण ज्ञानवती उर्फ राम प्यारी पत्नी राजेंद्र राजेंद्र पुत्र बृजलाल अखिलेश पुत्र राजेंद्र मनीषा पुत्री राजेंद्र निवासीगण उपरोक्त के द्वारा प्राचीन रास्ता भूमि संख्या- 599 रकबा 0.114 हेक्टर ग्राम ज्योना परगना से सेमरौता तहसील महराजगंज रायबरेली पर विपक्षी गणों के द्वारा माननीय न्यायालय में बेदखली के आदेश के बावजूद जबरन सरहंगी



के बल पर किए जा रहे हस्ताक्षेप को रोककर प्राचीन रास्ते से विपक्षी गणों से मुक्त कराकर उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 में पारित आदेश दिनांक 23 10 2019 के द्वारा 10000 के अर्थ दंड से आरोपित किया जा चुका है और बेदखली की जा चुकी है परंतु भी विपक्षीगण अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आ रहे हैं और प्राचीन सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर हस्तक्षेप करके आवागमन बंद कर दिया जिससे प्रार्थी व गांव वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सरिकापुर सरैया वि.ख. महोली सीतापुर

पत्रांक-मेमो/निविदा/2025-26/ दिनांक 05.02.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से अयोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न लिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओ से उच्चकोटि की गुणवत्ता युक्त सागगी कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 09.02.2026 को 2:00 तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जायेगी। उसी दिन 3:30 निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के संभवा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरिकापुर सरैया में मिर्जापुर विद्यालय में एम.डी.एम शेड का निर्माण कार्य | 275649 | 5500.00 | 500.00 |

**निविदा की शर्तें-**

1. निविदा फार्म कय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 500 रुपये निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. किसी भी वाद-विवादे ती दिशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सरोज कुमारी**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सरिकापुर सरैया**
**वि.ख. महोली, सीतापुर**

**जीतेन्द्र कुमार**
**ग्रा.वि.अधि./ग्रा.पं.अधि.**
**ग्राम पंचायत सरिकापुर सरैया**
**वि.ख. महोली, सीतापुर**

# सीटी स्कैन की नई सुविधा से स्वास्थ्य जांच अब और आसान

▸ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने किया उद्घाटन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में डॉक्टर जेके वर्मा के पुराने अस्पताल स्थित साईं डायग्नोस्टिक सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा अब यहां के निवासियों को भी सीटी स्कैन की आधुनिक सुविधा मिलेगी।

उन्होंने सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन करने के बाद कहा यह सुविधा स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगी। पहले इसके लिए महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी ।इस नई सुविधा से छिबरामऊ और आसपास के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। सेंटर के प्रबंधक शिवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि यहां कलर अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी के साथ-साथ सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध है। खास बात यह है कि जिले में पहली बार सबसे कम रेडिएशन वाली उच्च गुणवत्ता की सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है, जो मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। आपातकालीन स्थिति में मोबाइल नंबर 9454073435 पर संपर्क किया जा सकता है।

अति आवश्यक स्वास्थ्य जांच के लिए यह सेवा 24×7 उपलब्ध रहेगी, जिससे नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी उच्च स्तरीय जांच आसानी से मिल सकेगी। इस अवसर पर नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ सरित द्विवेदी, डॉ रजनीश द्विवेदी, डॉ गणेश चतुर्वेदी, डॉ विभांशु चतुर्वेदी, डॉ अनिल दुबे, डॉ आकाशदीप दुबे, डॉ रवि वर्मा, डॉ अनुपम दुबे, डॉ नीलम दुबे, डॉ विकास मिश्रा, डॉ अंजू दुबे, डॉ कार्तिकेय दुबे, डॉ अभिषेक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फुटपाथ व सड़क पर सामग्री रखी तो लगेगा 50 हजार जुर्माना

▸ जिम्मेदारी स्वयं दुकानदार की होगी और स्वीकार नहीं किया जाएगा कोई बहाना



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर सफाई प्रभारी अमरदीप ने सभी सफाई नायकों की बैठक में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मौरंग, गिट्टी आदि निर्माण सामग्री का व्यापार करने वाले दुकानदारों को स्पष्ट आदेश दिए गए कि वे अपनी सामग्री को केवल अपने निजी स्थान (दुकान/गोदाम) पर ही रखें। अन्यथा उन पर 50000 का जुर्माना लगा दिया जाएगा। सफाई प्रभारी ने बताया कि यदि कोई दुकानदार मोरम-गिट्टी को फुटपाथ, सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थान पर रखता पाया गया, तो एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के नियमों के तहत उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं दुकानदार की होगी और कोई बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें ताकि शहर में स्वच्छता और यातायात सुचारु बना रहे। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में सफाई नायक प्रवेश कुमार, सूरज कुमार, सलाउद्दीन, सुभाष चंद्र, आनंद कुमार, अमरजीत, सुजीत कुमार, राजेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फांसी पर झूलता मिला विवाहिता का शव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर कस्बा के मोहल्ला अंबेडकरनगर में एक महिला का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की बहन ने देवरानी से कहासुनी के बाद यह कदम उठाए जाने का आरोप लगाया है। कस्बा सिकंदरपुर के मोहल्ला अंबेडकरनगर निवासी रविकांत दिवाकर की पत्नी नीलम (30) ने बुधवार की देर रात फांसी लगा ली। उसे फंदे पर झूलता देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। आनन-फानन किसी तरह शव नीचे उतरवाकर सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतका की बहन तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के कनौली गांव निवासी प्रिया ने बताया कि वह अपनी बहन के घर पिछले एक माह से रह रही है। उसकी बहन नीलम पर उसकी देवरानी ने तमाम गंभीर आरोप लगाए थे, जिसको लेकर कहासुनी भी हुई थी। रात करीब 12 बजे वह अपनी बहन के साथ कमरे में लेटी थी, इस बीच वह टायलेट करने चली गई।

# प्रेमपुर में बी-पैक्स सहकारी समिति का किया उद्घाटन

## सरकार का लक्ष्य किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना : असीम अरूण



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रेमपुर में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) का भव्य उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने फीता काटकर और शिलापट का अनावरण करके किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों को गांव स्तर पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बी-पैक्स समितियां खाद, बीज और कृषि संसाधनों की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला हैं, जिससे किसानों को समय पर खाद मिलेगी और उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने समिति के लिए जगह दान में देने के लिए डा. अवध कुमार दुबे, बहन प्रेमा देवी दुबे की सराहना की। फतेहगढ़ जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार ने किसानों से अपील करते हुए कहा वह लिया गया ऋण समय से अदा करें। इस जनपद को खाद उपलब्ध कराने के लिए वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। समिति के अध्यक्ष रामबाक्श लोधी और सचिव बृजेश कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष खाद आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 32,000 बोरी खाद प्राप्त हुई थी, जबकि इस वर्ष 42,924 बोरी उपलब्ध कराई गई हैं। इससे किसानों को खेती में कोई परेशानी नहीं होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने इसे किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया, जिससे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था मजबूत होगी।

कार्यक्रम में सहकारी समिति पूर्वी छिबरामऊ के अध्यक्ष मुनीश मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी, देवप्रकाश पालीवाल सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा ने एसआईआर में लगाया अनियमितताओं का आरोप



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के निर्देश पर पदाधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं के विरोध में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी/एआरओ ज्ञानेंद्र द्विवेदी को सौंपकर प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्रारूप 7 में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। भाजपा के स्थानीय नेताओं द्वारा सुपरवाइजर को प्रारूप 1 उपलब्ध करवाया जा रहा है तथा बीएलओ पर दबाव बनाकर उपस्थित मतदाताओं को अनुपस्थित दर्ज करने की साजिश रची जा रही है। इसमें विशेष रूप से अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलित मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। यह भी बताया गया कि हर बूथ पर ऐसे मतदाताओं के फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं जो वास्तव में उपस्थित हैं और स्थानीय पते पर निवास करते हैं। इन सभी बिंदुओं पर उप जिलाधिकारी को अवगत कराया गया तथा मांग की गई कि वितरित सभी फॉर्मों की जांच की जाए। सपा कार्यकर्ताओं ने प्रमाण के साथ जानकारी दी कि लगभग 20 बूथों पर सुपरवाइजर ने बीएलओ को 1700 से 2000 फॉर्म दिए हैं। पार्टी ने मांग की है कि एसआईआर प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जाए तथा किसी भी वर्ग के मतदाताओं के साथ भेदभाव न किया जाए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, प्रदेश सचिव प्रताप सिंह यादव, अमन खान, विधानसभा महासचिव अजीम सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष तस्लीम बरसी, रानू कुरेशी, सलमान खान, अख्तर अंसारी, शादाब खान, मीडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव और धीरज कठेरिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हवन-पूजन के साथ शंभू शीतगृह का भव्य शुभारंभ

▸ नए चेम्बर में शुगर फ्री आलू रखने की व्यवस्था



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

निगोह रोड लड़ैता स्थित शंभु शीतगृह में आइस फैक्ट्री के साथ शुगर फ्री के नए बने चेम्बर में भी आलू रखने का शुभारंभ हवन पूजन के साथ धूमधाम से हुआ। इस मौके पर एकत्र किसानों में प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित किसानों की गोष्ठी में प्रबंध निदेशक विमलेश दुबे बबलू ने कहा किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी आय दोगुनी करने के लिए प्रदेश व केंद्र की सरकार हर समय तत्पर रहती है। कन्नौज जनपद आलू बेल्ट के नाम से मशहूर है। यहां पर आलू आधारित उद्योग लग जाए तो किसानों का आलू सड़क पर फेंकने की नौबत नहीं आएगी। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि आलू की बुवाई करते समय अच्छी प्रजाति का बीज बोएं ताकि उन्हें अच्छा मुनाफा मिल सके। निदेशक प्रशांत दुबे अमन व मयंक दुबे ने कहा इस क्षेत्र में बर्फ बनाने की कोई फैक्ट्री नहीं है। इसके कारण लोगों को बर्फ की सिल्लियां पड़ोसी जिलों से मंगानी पड़ती हैं। यहां के लोगों की सुविधा के लिए कोल्ड स्टोरेज में ही बर्फ की सिल्लियां बनाने का संयंत्र प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही यहां पर शुगर फ्री आलू रखने की व्यवस्था भी की गई है। इससे पहले आचार्य पंडित विनोद कुमार दुबे ने हवन कराया और मशीनों के साथ ही बही खातों का भी पूजन किया। इस दौरान शंभू दयाल दुबे, लालजी दुबे, नरेश चन्द्र दुबे, शरद दुबे, गणेश चंद्र दुबे, गुड्डू दुबे, अभिषेक मिश्रा, मनीष चंद्र दुबे, राजीव दुबे, मैनेजर मयंक दुबे, सुनील कुमार, पावनी, विराज व देव आदि मौजूद रहे।

## कन्नौज में पहली बार सजेगा संत कबीर उत्सव

**कन्नौज।** जनपद में पहली बार संत कबीर उत्सव का आयोजन आज 3 बजे मुक्ताकाशी मंच, रोमा स्मारक (जी.टी. रोड) पर किया जाएगा। संत कबीर अकादमी (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व कन्नौज विधायक असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उत्सव में वीना राणा व प्रेरणा राणा द्वारा कबीर आधारित नृत्य नाटिका, नीतू रावत द्वारा चरकुला, होली व मयूर नृत्य, संग्राम सिंह का आल्हा गायन तथा राधेश्याम पाल बंदा बैरागी कबीर बैंड की प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रहेंगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य संत कबीर की विचारधारा, भक्ति परंपरा और लोक-सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है। जनपदवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर उत्सव को सफल बनाने की अपील की गई है।

# आउटसोर्सिंग सेवानिवृत्ति कर्मचारी के लिए कैशलेस सुविधा की मांग

▸ महासंघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन पत्र

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आउटसोर्सिंग व सेवानिवृत्त शिक्षणेतर कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की मांग शिक्षणेतर कर्मचारी महासंघ, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन पत्र भेजकर उठाई है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव अवधेश मिश्रा ने बताया कि प्रदेश सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों एवं सेवानिवृत्त शिक्षणेतर कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाए। इस संबंध में महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर समानता के आधार पर निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है। प्रदेश महासचिव का कहना है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर 2025 को शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की गई थी, जिसे मंत्रिपरिषद ने 29 जनवरी 2026 को पारित भी किया। लेकिन इसी के साथ उन्हीं शिक्षण संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों और सेवानिवृत्त शिक्षणेतर कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित रखा जाना भेदभावपूर्ण है।

प्रदेश महासचिव अवधेश मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों ने बताया कि शिक्षणेतर कर्मचारी वर्षों से संस्थानों की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित रखा जा रहा है।

महासंघ ने सरकार से बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मांग की है, ताकि सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा साकार हो सके।

# एनडीडी दिवस को लेकर निजी स्कूलों संग बैठक 10 व 13 फरवरी को, बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▸ बीआरसी नगर में स्वास्थ्य-शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल

▸ आयुष्मान कार्ड बनाने के विशेष कैंप में बढ़ी रफ्तार, 88 प्रतिशत परिवार कवर

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए क्रब्रष्ट नगर परिसर में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाने की विधि, आवश्यक सावधानियां, अभिभावक सहमति और ई-कवच पोर्टल पर रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई। नोडल अधिकारी डॉ. मो. इरशाद ने बताया कि 10 फरवरी को एनडीडी दिवस पर तथा 13 फरवरी को छूटे बच्चों को दवा दी जाएगी। अधिकारियों ने इसे बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण के लिए जरूरी बताते हुए विद्यालयों से सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में आरकेएसके जिला सलाहकार रागिनी सचान, डीईआईसी मैनेजर वीरेश कुमार, डॉ. पवन व अभिषेक आनंद मौजूद रहे। उधर, आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में विशेष कैंपों के माध्यम से गुरुवार को 49 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए। अब तक 1,65,648 परिवारों के लक्ष्य में से 1,45,429 परिवार कवर हो चुके हैं। करीब 49 हजार लाभार्थियों को मुफ्त इलाज का लाभ मिल चुका है। स्वास्थ्य विभाग शेष पात्रों तक योजना पहुंचाने में जुटा है।

## पति-पत्नी ने एक-दूसरे के खिलाफ कार्यवाही को लेकर की शिकायत

**कन्नौज।** पति पत्नी के बीच घरेलू विवाद इस कदर गहरा गया कि, दोनों पक्षों ने पुलिस को कार्यवाही के लिए अपना अपना शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग कर दी। बताते चलें कि, तालग्राम कस्बे के निवासी अगम सिंह की पत्नी स्वाती सिंह ने बीती 21दिसंबर को अपने पति और ससुरालीजनों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जानकारी पर ससुरालीजनों ने भी अगले ही दिन 22 दिसम्बर को स्वाती पत्नी अगम सिंह, साली और सास के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करवाने की प्रक्रिया पूरी की। इस मामले में गुरुवार को स्वाती पुलिस कप्तान विनोद कुमार के कार्यालय पहुंची और यहां ससुरालीजनों की तहरीर को झूठा बताया। स्वाती का कहना था कि, जिस समय ससुरालीजन झगड़ा कर रहे थे मौके पर उनकी मां मौजूद थीं। स्वाती ने बताया कि बहन एसएससी की पढ़ाई कर रही है।



# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के किसानों को कोल्ड स्टोरेज से पर्याप्त व्यवस्थाएं प्रदान की जाएगी जिससे किसानों का लाभ और भी हो सके देश की तरक्की के लिए किसान का अहम रोल है किसने की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा जिससे कि क्षेत्र के किसानों की तरक्की हो सके।

यह विचार गुरुवार को फर्रूखाबाद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने प्रकट किये। नगर के बाईपास पर स्थित बुलबुल कोल्ड व समधन के संतोषा स्थिति एफ के शीतालय का फीता काट कर नवीन सत्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोर मे किसानों को समुचित व्यवस्थाएं मिलेगी जिससे क्षेत्रीय किसानों को काफी लाभ मिलेगा जिसके लिए हम सभी कोल्ड स्टोरेज स्वामी प्रयासरत रहेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान देश की तरक्की के लिए अहम रोल निभाते है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार ने किसानों की आय को दुगना करने के लिए वादा किया है किसान इस मांग को लेकर आस लगाए हुए बैठे हैं उन्होंने मांग करते हुए कहा कि किसानो की सुरक्षा और उनकी फसल का मूल्य केंद्र सरकार देना सुनिश्चित करें तभी भारतवर्ष का किसान खुशहाल हो सकता है। इस मौके पर पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी इरफान खां आजाद खा राजीव अवस्थी हफीज खान मुफीद खान अनीस खान के अलावा सैकड़ों किसान मौजूद रहे। इस दौरान कई ग्रामों से आए कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित किया इस मौके पर कोल्ड स्वामी ने मिष्ठान वितरण भी कराया।

## डीएम ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण, दिए निर्देश

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नसरापुर का निरीक्षण कर शैक्षणिक, आवासीय व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बॉलीबॉल कोर्ट निर्माण की प्रगति देखी और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि 10.56 लाख की स्वीकृत धनराशि के अनुरूप कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। मुख्य भवन में बन रहे टॉयलेट ब्लॉक का भी निरीक्षण कर मानकों के अनुसार शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। डीएम ने स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब का जायजा लेते हुए आधुनिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया, ताकि छात्राओं को तकनीक-सक्षम शिक्षा मिल सके। निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने हस्तनिर्मित बैज व गुलदस्ते भेंट किए। डीएम ने छात्राओं से संवाद कर आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास की प्रेरणा दी।

# दुकानदार ने लूट की वारदात बताकर पुलिस को किया गुमराह

▸ जांच पड़ताल में मामला खुला तो दुकानदार थाने से हो गया फरार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



टेम्पो सवार लोगों द्वारा नकदी और सामान की लूटपाट करने की शिकायत लेकर थाने पहुंचे दुकानदार की सूचना पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो पता चला कि दुकानदार जुए में रुपए हार गया था और लूट की घटना बताकर पुलिस को गुमराह किया। इससे पहले कि पुलिस दुकानदार से पूछताँछ करती, थाने में मौजूद दुकानदार मौके से गायब हो गया। जानकारी के मुताबिक, कन्नौज कोतवाली के सरायमीरा में अजय शुक्ला पुत्र सुरेश शुक्ला की शुक्ला टेलीकॉम के नाम से दुकान है। बीते मंगलवार की रात अजय अरौल थाने पहुंचा। यहां अजय ने पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि, वह लखनऊ से वापस कन्नौज लौट रहा था, लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर अरौल कट पर जब वह उतरे और कन्नौज जाने के लिए ऑटो का इंतजार करने लगे। इसी दौरान जिस ऑटो पर वह बैठे, उस ऑटो चालक ने बिठाने के बाद गांगूपुर क्रॉसिंग के पास ऑटो को कन्नौज ले जाने की बजाय गांव की ओर मोड दिया।

विरोध करने पर ऑटो सवार दो अन्य लोगों ने तमंचे की नोक पर मारपीट करते हुए मेरे पास मौजूद बैग में रखे दो लाख रुपयों की नकदी, जेब में रखी 24 सौ रुपए की नकदी, सोने की अंगूठी, रिपेयरिंग का सामान भी लूट लिया। इसी दौरान अजय के भाई अमित ने जब फोन किया तो अजय ने अमित को भी लूटपाट की घटना की आंशिक जानकारी दी और इसी बीच फोन कट गया। पुलिस द्वारा इस फोन की भी जानकारी करने पर पता चला कि, यह फोन पाल चौराहा कन्नौज से किसी दुकान पर किसी शख्स द्वारा उठाया गया और फोन चार्जिंग पर लगे होने की जानकारी दी गई। मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने जब अजय से सामान खरीददारी का बिल मांगा तो अजय ने लूटपाट की घटना में बिल और अन्य कागज भी लूट लिए गए हैं, की बात कही। पुलिस की जांच पड़ताल का सिलसिला आगे बढ़ा तो अजय यह कहकर थाने से गायब हो गए कि, अभी आ रहे हैं।

## सूचना

मैं रवी पुत्र स्व. जगमोहन, निवासी गौरियाताल मौजा जलालाबाद, कन्नौज, घोषित करता हूँ कि पत्नी चम्पावती ने सुनील पुत्र रामप्रकाश से पुनर्विवाह कर लिया है। मेरे विवाह से उत्पन्न पुत्र ऋषि (9) व पुत्री राशि (5) से भी मेरा संबंध व दायित्व समाप्त है। साथ ही चल व अचल संपत्ति से भी संबंध विच्छेद कर लिया है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं सरस्वती मुखर्जी पत्नी डॉ. विपिन सचान, निवासी- फ्लैट नं.-202, लेक व्यू अपार्टमेंट, रायबरेली रोड, एल्डिको उडयन-II, लखनऊ, न्यू लाइफ हास्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर, जनता कोल्डस्टोरेज के पीछे, सौ शैय्या अस्पताल रोड, छिबरामऊ (कन्नौज) में एक भागीदार थी। मैंने आपसी सहमति से दिनांक. 02-07-2025 को उक्त फर्म से अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है, और न्यू लाइफ हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर से अलग हो गयी हूं।

दिनांक - 02-07-2025 के बाद उक्त न्यू लाइफ हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर द्वारा किये गये किसी भी कार्य अनुबंध या लेनदेन के लिए मैं व्यक्तिगत रुप से मेरी संपत्ति जिम्मेदार नही होगी। शेष भागीदार न्यू लाइफ हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर के व्यवसाय को उसी नाम से जारी रखेंगे।

**स्थान-छिबरामऊ, दिनांक-05-02-2026 हस्ताक्षर- सरस्वती मुखर्जी।**

## महिला के शव पर मिले चोटों के निशान, मुकदमा दर्ज

**जालौन,उरई।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की सुबह 55 वर्षीय बेवा महिला का शव घर के सामने ही स्थित खेत में निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा मिला था। महिला के शरीर पर चोटें के निशान थे। पुलिस ने भतीजे की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस मामले में पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। साथ ही पुलिस कुछ संदिग्धों से भी पूंछतांछ कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी बेवा महिला खेतों में मटर तोड़ने का काम करती थी। बुधवार की सुबह जब महिला घर के बाहर नहीं निकली तो उसका भतीजा उसे देखने के लिए घर के अंदर गया। जहां घर के आंगन और बिस्तर पर खून पड़ा था। महिला की साड़ी भी आंगन में पड़ी थी।

# ठेकेदार जल्द पूरा करें चार नई पानी टंकियों का काम : ईओ

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



समधन नगर में पेयजल पुनर्गठन योजना के तहत चार नई पानीं टंकियों का निर्माण कार्य काफी समय से चल रहा है। इसके अलावा पहले से बनी खड़ी जल निगम की एक टंकी का मरम्मत कार्य भी चल रहा है नगर पंचायत समधन की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने गुरुवार को समृद्धि न्यूज संवाददाता से बातचीत में ठेकेदार को काम जल्द पूरा करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। इन टंकियों का उद्देश्य नगर के प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाना है योजना के तहत गलियों में पानी पाइप लाइन बिछाई जा रही है जिससे घरों तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके हालांकि पाइपलाइन डालने के बाद कई गलियों को अभी तक मरम्मत नहीं की गई है जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन पानी टंकियों का काम भी धीमी गति से चल रहा है। ईओ दिव्या गुप्ता ने ठेकेदार द्वारा कार्य में सुस्ती बरतने पर नाराजगी की व्यक्त की गई उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लापरवाही अब बर्दाश्त नही की जायेगी और ठेकेदार को अपना काम जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# भाकियू नेता ने मण्डी सचिव को गिनाई समस्यायें



वार्ता करते भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवीन मंडी स्थल सातनपुर में किसानों, आढ़तियों को बहुत दिनों से विभिन्न मांगो व समस्याओं में पीने हेतु पानी की समस्या और मंडी परिसर में बैंक शाखा खोलने की मांग के क्रम में मंडी सचिव अनूप दीक्षित से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने वार्ता की। मौके पर ही पेयजल हेतु एक पानी का टैंकर तुरन्त उपलब्ध कराया गया तथा बहुत दिनों से मंडी में राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा खोलने हेतु कई बार मांग की गई थी। बैंक शाखा खोलने के लिए एलडीएम को पत्र लिखवाया गया, ताकि शीघ्र ही मंडी परिसर में बहुप्रतीक्षित बैंक शाखा खोली जा सके। रोशनी हेतु खराब पड़ीं हाई मास्ट लाइटें और सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान आकर्षित कराया गया।

## विद्युतकर्मी की बाइक खड़ी करने पर कोतवाली पहुंचे अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते माह विद्युत विभाग के कर्मचारी की मोटर साइकिल से एक बच्चे को टक्कर लग जाने के दौरान विवाद होने पर स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी थी। इसी मामले में अवर अभियंता की तहरीर पर छः नामदर्ज सहित सात लोगों के विरुद्ध फतेहगढ़ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। अवर अभियंता अजीत राजपूत ने 11 जनवरी 2025 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया कि हुसैनपुर नौखण्डा के मजरा हुल्ली सिंह नगला में विद्युत कैंप लगाया गया था। अधिकांश ग्रामीणों के बिल बकाया होने से कनेक्शन काटे गये थे। विद्युतकर्मी धीरज बाइक से गांव में घूम रहा था, तभी बाइक के सामने अचानक एक बच्चा आ गया था। जिसके चोट लग गयी थी। विद्युतकर्मी बाइक खड़ी कर बच्चे की चोट देखने लगा, तभी दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर आ गये थे और विद्युतकर्मी धीरज की पिटाई कर दी थी। विद्युतकर्मी धीरज की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी थी। गुरुवार को याकूतगंज पुलिस ने विद्युतकर्मी को फोन कर पूछताछ के लिए चौकी बुलाया। जब वह बाइक से पहुंचा, तो कहा कि इस बाइक से एक्सीडेंट हुआ था। वीरेंद्र की तहरीर पर तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखा गया है और बाइक देने से मना किया,तो पुलिस उसे कोतवाली फतेहगढ़ ले गयी। घटना की जानकारी होने पर विद्युत विभाग के एसडीओ व अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी पहुंच गये और अपने कर्मचारी की बाइक छोड़ने व दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में अभी तक कोईकार्यवाही क्यों नहीं हुई, की बात कहकर दबाव बनाने लगे। समाचार लिखे जाने तक विद्युतकर्मी व कोतवाली पुलिस के बीच वार्ता का दौर जारी था।

# सम्पूर्णता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं का किया बखान

- गर्भवती महिलाओं को फूलमाला पहनकर भेंट की गयी फलों की टोकरी
- शिक्षा विभाग के स्टाल पर नई शिक्षा नीति की दी गयी विस्तृत जानकारी


महिलाओं को फोटो की टोकरी देते विधायक व जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि


शिक्षा स्टाल पर जानकारी देते शिक्षकगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान फेज- 2.0 की नीति आयोग के तहत बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया भाग।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में शासनादेश के अनुसार नीति आयोग के कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान फेज-2.0 के तहत अधिकारियों ने भाग लिया। जनता की समस्याएं को हल करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाने के बीडीओ अमरेश चौहान ने निर्देश दिये। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल संरक्षण के तहत कई योजनाओं का बखान किया। वहीं विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने अपने अधीनस्थों को सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का सभी को संकल्प दिलाया। क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया। सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, विधायक सुशील शाक्य ने गर्भवती महिलाओं को फूलमाला पहनकर फलों की टोकरी भेंट की। वहीं अबोध बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। समस्त अधिकारियों ने प्रांगण में लगे अपने-अपने विभागों के स्टालों पर जाकर उनके बारे में कर्मचारियों से जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा समूह की महिलाओं के स्टालों का अधिकारियों ने गहनता से निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा, सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह, बीडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, बीडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर रविंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, बीओ पीआरडी शुभम सिंह, जूनियर इंजीनियर सुनील कुमार सहित विकासखंड के समस्त कर्मचारी तथा सभी ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, मंडल उपाध्यक्ष आदेश राठौर, ग्राम प्रधान भटासा गोपाल गंगवार, ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, ग्राम प्रधान सुमित कुमार शाक्य, ग्राम प्रधान अलाहदादपुर दिनेश कुमार यादव, प्रधान सातार,ा हर्षित गंगवार, राजीव कुमार सहित एक दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**वहीं दूसरी ओर** शिक्षा विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल में एनईपी-2020 के अंतर्गत नवाचारी शिक्षण, टीएलएम तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों की जानकारी दी गई। इस स्टॉल का संचालन सुमित कुमार, प्रतिभा वर्मा, संगीता शर्मा, कविता शाक्य, धीरज कुमार एवं अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुमित कुमार एवं प्रतिभा वर्मा ने नवाचार आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित सीखने तथा नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया। जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं आमजन ने सराहा। प्रस्तुतीकरण में यह बताया गया कि किस प्रकार नवाचारी शिक्षण से बच्चों की सीखने की क्षमता, रुचि एवं समझ में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सुमित कुमार ने शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, योजनाओं एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि शिक्षा विभाग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# कार खड़ी करने को लेकर दो पक्ष भिड़े, लाठी-डंडे चलने से कई घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज के एक मोहल्ला में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व ईट पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्ष के कई लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

आरोप है कि मंगलवार को कस्बा के चिकों वाली गली निवासी एक युवक अपनी कार को पड़ोसी युवक की जगह पर खड़ा कर देता है। जिसे पड़ोसी युवक ने खड़ा करने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी। शाम तक दोनों पक्षों का समझौता हो गया। दूसरे दिन बुधवार शाम को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में फिर से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे व ईट पत्थर चलने लगे। मारपीट के दौरान कई लोग घायल हो गए। जिसमें एक पक्ष से एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। थाने पहुंचकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के लिए तहरीर दी।

पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी नवाबगंज में भेज दिया। इसी बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में युवक व उसके घर की महिलाएं जिसकी जगह पर गाड़ी खड़ी करने की आपत्ति जताई। उसके दरवाजे पर जाकर मारपीट करते दिखाई दे रहे है।


दो पक्षों में होती मारपीट


मारपीट में घायल लोग

## जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन लोग घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चलने से आधा दर्जन लोग घायल हो गये। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनगंज नौखंडा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज होते होते लाठी-डंडे चलने लगे। जिससे दोनों पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें एक पक्ष के सर्वेश, रजत, आदेश एवं दूसरे पक्ष से सतीश, नन्हीं देवी, रामसिंह घायल हो गये। दोनों पक्षों ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना अध्यक्ष अवध नारायण पाण्डेय द्वारा मामले की जांच कर कार्रवाई को कहा गया एवं सभी घायलों का सीएचसी कमालगंज में मेडिकल परीक्षण करवाया गया।

# एसडीएम सदर कार्यालय के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का साम्राज्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम सदर कार्यालय के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय में भीषण गंदगी व्याप्त है। लंबे समय से साफ-सफाई न होने के कारण शौचालय से तेज दुर्गंध फैल रही है। जिससे आसपास बैठे अधिवक्ताओं व आने-जाने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के चलते क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार इसी परिसर में अधिवक्ताओं के चेंबर बने हुए हैं। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिवक्ता बैठते हैं, लेकिन शौचालय से उठती दुर्गंध के कारण वहां बैठना मुश्किल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि पास में स्थित पिंक महिला शौचालय की नियमित सफाई होती है, जबकि पुरुष शौचालय में महीनों से कोई सफाई नहीं कराई गई है। बताया जा रहा है कि यहां न तो कोई सरकारी सफाई कर्मचारी नियुक्त है और न ही नियमित रूप से कोई सफाई करने आता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। एसडीएम कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक स्थल के सामने इस तरह की अव्यवस्था प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय अधिवक्ताओं और आम नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शौचालय की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए तथा नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बीमारियों से बचाव हो सके और लोगों को राहत मिल सके।


शौचालय में व्याप्त गंदगी

# सीमेंट लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली खाई में गिरी, टला बड़ा हादसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार सुबह करीब 9 बजे नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर गांव वेग के पास एक बड़ा हादसा टल गया। एटा जनपद निवासी एक युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली में सीमेंट लादकर फर्रूखाबाद की ओर जा रहा था। गांव वेग के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा।

हादसा होते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रैक्टर से छलांग लगा दी। जिससे उसकी जान बच गई। गनीमत रही कि जिस वक्त ट्रैक्टर पलटा, उस समय सड़क पर कोई अन्य वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था। वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। बाद में सीमेंट मालिक ने दूसरा ट्रैक्टर भेजकर माल को गंतव्य की ओर रवाना किया।


पलटी ट्रैक्टर-ट्राली

## दबंगों ने महिला को घर में घुसकर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के दरवाजे पर काम कर रही महिला से दबंगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की। घटना के संबंध में थाना पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव डबौआ निवासी सुनीता पत्नी हरनाथ सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार अपने घर पर काम कर रही थी, तभी दबंगों ने आकर दरवाजे पर गाली-गलौज किया। जब पीड़िता ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त दबंगों ने घर में घुसकर पीड़िता के साथ मारपीट की। बचाने आई पीड़िता की पुत्री प्रिया को भी लाठी-डंडों से मारापीटा। जिससे पीड़िता तथा पुत्री दोनों घायल हो गए। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ससुरालीजनों ने किया हंगामा

- पिता ने पुत्री की हत्या करने का लगाया आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे ससुरालीजनों ने हंगामा करते हुए पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव जिराऊ निवासी विकास की शादी नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव शुकरुल्लापुर निवासी विजेंद्र सिंह की पुत्री सुरभि से 11 महीने पूर्व हुई थी। विकास के अनुसार उसकी पत्नी सुरभि की आज गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा काटा और हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी व अन्य पुलिस बल ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतका के पिता विजेंद्र सिंह ने ससुरालियों पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति विकास की फौती सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि गांव में पूछताछ के उपरान्त प्रथम दृष्टया बीमारी के चलते मौत होना प्रतीत हो रहा है। यदि मायके पक्ष से कोई तहरीर प्राप्त होती है तो आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


मृतका का फाइल फोटो


हंगामा करते मायके पक्ष के लोग व जांच करती पुलिस

## अवैध रूप से खनन कर रहे टैक्टर चालक ने युवक को मारी टक्कर, घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज निवासी हर्ष प्रभाकर अपनी स्कूटी के पास खड़े थे। चालक ने तेज गति और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर घायल के चाचा अजब सिंह जहानगंज थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हर्ष प्रभाकर को मेडिकल जांच और उपचार के लिए कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां डॉ0 मानसिंह वर्मा ने घायल का इलाज किया। अजब सिंह ने बताया कि खनन कर रहे ट्रैक्टर से टक्कर लगी थी। जिसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई है। जहानगंज थाना अध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह ट्रैक्टर अनिरुद्ध दीक्षित का था और वह भट्टे पर मिट्टी लेकर जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खेत में लोहे के तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

- खेत मालिक व मृतक के परिजनों के बीच हुई नोकझोंक, मारपीट व पत्थराव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में खेत की रखवाली के लिए लगाए गए लोहे के तारों में छोड़े गए बिजली के करंट की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों और खेत मालिक के बीच कहासुनी हुई। जो देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। जिानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम अर्रा पहाड़पुर निवासी 40 वर्षीय सर्वेश यादव पुत्र दुशासन यादव अर्रा पहाड़पुर में सचिन यादव की सब्जी आढ़त पर कर्मचारी थे। मृतक के भाई देवेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार शाम करीब आठ बजे सर्वेश यादव आढ़त से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान बहादुरगंज निवासी एकलव्य पुत्र रामलाल के खेत में लगे लोहे के तारों में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी सुबह परिजनों को हुई। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो सर्वेश यादव का शव खेत में पड़ा मिला। इसी दौरान खेत मालिक और मृतक के परिजनों के बीच कहासुनी हो गई, जो मारपीट और पथराव में तब्दील हो गई।

सूचना मिलते ही थाना मऊ दरवाजा के एसएसआई वीरेंद्र सिंह, फर्रुखाबाद कोतवाल दर्शन सिंह, कादरीगेट थाना अध्यक्ष कपिल चौधरी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाया। बताया गया कि गेहूं की फसल की रखवाली के लिए हनुमान मंदिर के पास गांव जाने वाले रास्ते से बिजली के खंभे से अवैध कनेक्शन लेकर खेत के तारों में करंट छोड़ा गया था।

पुलिस द्वारा कई बार बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद कर्मचारियों के मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार व तहसीलदार सनी कनौजिया, एसएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। प्रथम दृष्टया मौत का कारण करंट लगना पाया गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।


मौके पर जांच करते अपर पुलिस अधीक्षक

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद में गुरुवार को पुलिस विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना चौराहे पर महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। शमशाबाद थाना अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में महिला कांस्टेबिल स्वाति पाल और अन्य महिला पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने महिलाओं, युवतियों, किशोरियों और छात्राओं को संबोधित करते हुए विभिन्न आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने बताया कि यदि घर से बाहर या शहर में चलते समय कोई अराजकतत्व या मनचला परेशान करे या पीछा करे, तो घबराएं नहीं। हिम्मत से काम लें और तुरंत डायल 112 पर कॉल करके पुलिस की सहायता लें। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस कुछ ही समय में मौके पर पहुंच जाएगी और परेशान करने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लेगी। यदि कोई मानसिक उत्पीड़न करता है, तो आपातकालीन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराए, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आवश्यक जानकारियों से संबंधित पत्रक भी वितरित किए गए।


महिलाओं को पत्रक वितरित करतीं महिला कांस्टेबिल

# एसपी ने किये जनपद में 181 सिपाहियों के तबादले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद भर में तैनात पुलिसकर्मियों की तैनाती में बड़ा फेरबदल करते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बीती रात 181 सिपाहियों के तबादले कर दिए। अचानक हुए इस व्यापक तबादले से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। शहर कोतवाली में लंबे समय से तैनात 20 सिपाहियों का स्थानांतरण किया गया है। इसी तरह कोतवाली फतेहगढ़ से 14, थाना मऊदरवाजा से 22, कोतवाली मोहम्मदाबाद से 20, नवाबगंज से 7, जहानगंज से 10, अमृतपुर से 10, राजेपुर से 8, कायमगंज से 25, शमशाबाद से 10, कम्पिल से 17 और मेरापुर से 13 सिपाहियों की तैनाती में बदलाव किया गया है। सभी स्थानांतरण मिलाकर कुल 181 सिपाहियों को नई तैनाती दी गई है। सूत्रों के मुताबिक तबादला किए गए सिपाहियों में से कुछ के खिलाफअधिकारियों को शिकायतें भी प्राप्त हो रही थीं। जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस फेरबदल से थानों की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।


पुलिस अधीक्षक
आरती सिंह

# आकांक्षी ब्लाक के तहत सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- विधायक और चेयरमैन ने स्टालों का निरीक्षण कर ली जानकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के एक गेस्ट हाउस में सम्पूर्णता अभियान 2.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन आकांक्षी ब्लॉक नवाबगंज के तहत हुआ। जिसमें स्थानीय विधायक सुशील कुमार शाक्य और चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा अपनी उपस्थिति और गतिविधियों को लेकर चर्चा का विषय बने रहे।

विधायक सुशील कुमार शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि पहले विकास खंड नवाबगंज में योजनाएं तो बनती थीं, लेकिन उनकी निगरानी नहीं होती थी कि काम हुआ है या नहीं। उन्होंने जोर दिया कि देश तेजी से विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में घर-घर शौचालय बन रहे हैं। उन्होंने सभी से शौचालयों की उचित देखभाल करने का आग्रह किया, क्योंकि इनसे बीमारियों में कमी आई है। विधायक ने लोगों से मतदाता सूची में अपने नाम जांचने और जिनका नाम नहीं है, उन्हें फॉर्म नंबर 6 भरकर जमा करने की अपील भी की। चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत ने विकास कार्यों में सभी के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जानकारी दी कि नवाबगंज नगर में बच्चों के पढ़ने के लिए एक लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नवाबगंज में आकांक्षी योजना के तहत कई कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन सचिन सिंह ने किया। इस अवसर पर बीडीओ अमरेश चौहान, सीएचसी प्रभारी लोकेश शर्मा, सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, नीति विभाग अधिकारी इंदल बाबू, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा और एडीओ समाज कल्याण अंकुर कटियार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक सुशील कुमार शाक्य ने सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। विधायक शाक्य और चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत ने कार्यक्रम में लगे सभी स्टालों का निरीक्षण किया और लोगों से उनके बारे में जानकारी ली। विधायक ने बीडीओ अमरेश चौहान को दो स्टालों को बाहर भी लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, अनुज राजपूत, मोनू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी का मंच पर बैठना और लोगों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाना चर्चा का विषय रहा। उनकी हर गतिविधि पर लोगों की नजर थी। इस मौके पर जब अमर सिंह राणा ग्रुप फोटो खिंचवा रहे थे तब उन्होंने काले रंग का चश्मा पहना हुआ था। बाद में जब वे मंच पर पहुंचे, तो उन्होंने अपना चश्मा बदल लिया और सफेद चश्मे में नजर आए।



शपथ दिलाते विधायक व चेयरमैन आदि

## तीन लोगों पर एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कुरार निवासी संजू पुत्र मुन्नालाल ने गांव के ही मंजीत पुत्र अनिल उर्फ गुड्डूएसुनील पुत्र ओमशरान, सौरभ पुत्र सुनील के विरुद्ध जाति सूचक गाली गलौज व मारपीट करने करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 1 फरवरी समय लगभग शाम 5 :30 बजे उपरोक्त आरोपित हमारी जमीन पर कब्जा कर रहे थे उसी समय जब मैंने विरोध किया, तो उपरोक्त आरोपित मेरे साथ जाति सूचक गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर मेरे साथ मारपीट की। जिससे मेरे बाएं हाथ की उंगली में काफी चोट आ गई। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के सुपुर्द कर दी। गौरतलब है की इसी मामले में एक पक्ष के सुनील ने 2 फरवरी को संजू, संतोष, प्रमोद, इंद्रपाल के विरुद्ध भी मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था।

# 18 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

18 फरवरी से प्रारम्भ होने वाली वर्ष 2026 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी(वि./रा.), अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जनपद में निर्धारित 79 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कण्ट्रोल रूम प्रभारी/ प्रधानाध्यापक रामलखन सिंह पाल द्वारा उपस्थित केन्द्र व्यवस्थापकों को केन्द्र पर अवगत कराया गया कि आधारभूत सुविधाओं यथा-फर्नीचर, वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरा, हाईस्पीड इण्टरनेट, पेयजल, शौचालय, विद्युत की स्थाई एवं

**चार डबल लॉक युक्त अलमारी में रखे जायेंगे प्रश्न पत्र, सभी को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

वैकल्पिक व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम की स्थापना जिसमें 04 डबल लॉक युक्त अलमारी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। डबल लॉक युक्त अलमारी में शासनादेश में तथा परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार परीक्षा प्रश्नपत्रों को रखा जाये एवं चतुर्थ अलमारी जिसमें रिजर्व प्रश्नपत्रों के सेट रखे जाने हेतु उसकी उसके प्रथम लॉक की एक चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास तथा दूसरी चाभी केन्द्र व्यवस्थापक के पास तथा दूसरे लॉक की चाभी सम्बनिधत थानाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामित



बैठक लेते डीएम मौजूद एसपी व अन्य

इंस्पेक्टर की अभिरक्षा में रखी जायेगी। स्ट्रांग रूम हेतु लॉग बुक तैयार की जाये, जिसमें स्ट्रांग रूम के खोलने का समय एवं बन्द किये जाने का समय एवं खोलने तथा बंद करने वाले अधिकारी/कर्मचारी का विवरण भी अंकित किया जाये। लॉग बुक केन्द्र पर तैनात पुलिस बल की अभिरक्षा में रखा जायेगा। सभी केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक कक्ष निरीक्षकों का मांग पत्र प्रेषित कर दें एवं किसी भी स्थिति में बालिकाओं परीक्षार्थियों की चेंकिग पुरूष शिक्षकध्कर्मचारी के माध्यम से कदापि न किया जाये। उक्त के अतिरिक्त परिषद द्वारा निर्गत निर्देश ष्क्या करें एवं क्या न करें के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त केन्द्र व्यवस्थापकों को विद्यालय में दो दिवस के अन्दर समस्त आधारभूत सुबिधाओं को पूर्ण कराये जाने एवं सी.सी.टी.वी. कैमरों को सुचारू रूप से संचालित किये जाने एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को अपने विद्यालय में उपरोक्त निर्देशों से अवगत कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। परीक्षा के दौरान केन्द्र पर विशेष सर्च अभियान के तौर पर परीक्षार्थियों का मिलान एवं जॉच की जाये तद्ोपरान्त केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित किये जाने, से अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने सभी उपस्थिति केन्द्र व्यवस्थापकों को समस्त व्यवस्थायें सुचारू रूप पूर्ण कर लिये जाने तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल समस्त सम्बन्धित को अवगत करायेंगे, तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित करते हुये परीक्षाओं को सकुशल सम्पादित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। डीएम ने इस वर्ष नवीन तैनात केन्द्र व्यवस्थापको को परीक्षा सम्बन्धी समस्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने एवं किसी भी प्रकार की जानकारी एवं सहयोग हेतु जनपदीय कण्ट्रोल रूम के नम्बर 05692-234153 पर एवं कण्ट्रोल रूम प्रभारी के मो.न.-9450109285 पर सम्पर्क करने के निर्देश प्रदान किये गये साथ ही परीक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने एवं मोबाइल आदि सामग्री रखे जाने हेतु पृथक से व्यवस्था किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

# फोटो प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विकास, शुभम, दिव्या बनी विजेता



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निरीक्षण करते डीआईओएस

शिक्षा निदेशक के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती की स्मृति में राजकीय जिला पुस्तकालय में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक टीम के द्वारा प्रतिभागियों में से तीन प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया। विकास कुशवाहा प्रथम स्थान पर रहे। शुभम सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। दिव्या कटियार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुस्तकालय अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सक्सेना ने व्यवस्था देखी। निर्णायक टीम में प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह, प्रवक्ता सुनील कुमार, अनुपम लता, अंकित दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने भी यूजीसी कानून का किया विरोध



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने यूजीसी कानून के विरोध में प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी कानून लागू कर देश में भारतीय अखण्ड संस्कृति सनातन संगठित को दूषित करने का फरमान है। जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा इसका विरोध करता है। तुष्टीकरण राजनीति व जातिवाद व सवर्णो के खिलाफ यूजीसी कानून लागू कर देशद्रोही जैसी घटना नहीं होने दी जायेगी। जातिवाद आरक्षण को समाप्त किया जाये। यूजीसी कानून लागू करना गलत है, यह षड्यंत्रकारी, कूटरचित कानून एकजुटता को समाप्त करने वाला है। राजनैतिक पार्टियों द्वारा आरक्षण को पुनः अधिक बढ़ावा दिया गया। इससे नकारात्मक दूषित, अंहकार उत्पन्न हो रहा है। सवर्णो के खिलाफ यह गलत सोंच है, लोकतंत्र को कुचलने वाला यूजीसी कानून है। इसको वापस न लिया गया तो इसका विरोध कर जबाव दिया जायेगा। जब सब बराबर के है, तो आरक्षण क्यों, जातिवाद को बदला जाये, एक समानता मिले। इससे न्याय कमजोर होगा। कमजोर लोगों को और कमजोर किया जायेगा। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा, संजीव गुप्ता, नरेन्द्र कुमार शर्मा, देवेन्द्र सिंह, राजेश मिश्रा, कृष्ण कुमार पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



परीक्षा में भाग लेते छात्र

# रस्तोगी इंटर कालेज में भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। दो दिनों में पांच बैच में 235 छात्रों में से 216 छात्र उपस्थित रहे। वहीं 19 छात्र अनुपस्थित रहे। इक्जामनर रमेश नारायण शुक्ला जनता इंटर कालेज लघुचर लखीमपुर ने छात्रों से भौतिक प्रश्न का बायवा लिया। विद्यालय में छात्रों ने अपनी क्षमता दिखाते हुए इक्जामनर द्वारा पूछे गये प्रश्नों का अधिकतर सटीक उत्तर दिया। विद्यालय की रसायन विज्ञान प्रवक्ता कु0 किरन वर्मा व हिमांशी शुक्ला ने प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी। उप प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद, देवेन्द्र कुमार, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, पारुल स्वर्णकार के सहयोग से प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई।

# डीएम ने न.पं. कार्यालय मोहम्मदाबाद का किया निरीक्षण

**नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



निरीक्षण करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने नगर पंचायत कार्यालय मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

डीएम ने नगर पंचायत में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कार्यालय अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने निष्प्रयोज्य मशीनरी का मूल्यांकन कराकर नीलामी कराने, कूड़ा गाड़ियों की मरम्मत कराने, नगर पंचायत परिसर में स्थित पानी टंकी का वॉल्व सही कराने, रिक्त पदों का अधियाचन शासन को भेजने, जलकर व गृहकर की वसूली में तेजी लाने के लिये निर्देशित किया। नगर में जलनिकासी की व्यवस्था को सही कराने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास के विरुद्ध विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

**जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें व शिक्षकगण

जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में गुरुवार को अंध विश्वास के विरुद्ध विज्ञान लोकप्रियकरण एवं विज्ञान जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने बताया कि विज्ञान लोकप्रिय करण एवं विज्ञान जन जागरूकता हेतु के जीजीआईसी फतेहगढ़, रखा बालिका इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अंधविश्वास और विज्ञान विषय पर व्याख्यान मॉडल पोस्टर तथा निबंध, लेखन एवं नुक्कड़ नाटक आदि गतिविधियों में प्रतिभाग किया। अंधविश्वास के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण किया गया। विषय विशेषज्ञ अर्चना गुप्ता एवं प्रियंका पांडेय ने बच्चों को जागरूक करते हुए विज्ञान के प्रयोगों का प्रदर्शन किया। नींबू के अंदर से लाल खून, नारियल को पानी से जलाना, पीले कपड़े पर लाल हाथ बनाना, कोरे कागज पर पानी की सहायता से लेखन आदि प्रयोग कर छात्राओं को जागरूक किया। प्रधानाचार्य डॉ. विनीत चौहान ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यान गतिविधि में मॉडल में जावित्री तथा निबंध में नंदनी आरपी इंटर कॉलेज, पोस्टर में जैनब डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि नरेंद्र पाल सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की तथा सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सहयोग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं में निबंध प्रतियोगिता में देव चौरसिया जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, पोस्टर प्रतियोगिता में चाहत कुशवाहा जीजीआईसी फतेहगढ़, भाषण प्रतियोगिता में सोना यादव जीजीआईसी फतेहगढ़, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में सानिया राजपूत जनता इंटर कॉलेज फतेहगढ़, नुक्कड़ नाटक में जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीतू मसीह, अनिल सिंह उपस्थित रहे। संचालन सुनील कुमार पाल ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में शिक्षक सीता देवी, विशेष कुमार, बदन सिंह, नीरज कुमार, अर्जुन दीक्षित आदि ने देखी। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह, प्रधानाचार्य अनिल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य हरिराम त्रिवेदी, विद्यालय के उपप्रबंधक ओपी अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# मीना मंच के अन्तर्गत बाल उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



छात्रा को सम्मानित करते बीएसए

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा के प्रांगण में मीना मंच के अंतर्गत प्रगति 2026 शीर्षक से बाल उत्सव कार्यक्रम (स्वाभिमान और सफलता की ओर) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी बढ़पुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर आधारित स्वलिखित कहानियों का वाचन किया गया तथा बच्चों ने स्वयं कॉमिक बुक का निर्माण भी किया। इसके अतिरिक्त बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता एवं रचनात्मकता का विकास करना था। जनपद के 43 मॉडल मीना मंच एवं 5 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सुनीता देवी, रानी सिंह, शशिबाला अग्निहोत्री, बिंदु शुक्ला एवं संस्कृति दुबे, दीक्षा शुक्ला, सुकीर्ति बघेल द्वारा मीना मंच से हुए बदलाव पर प्रकाश डाला गया। रेखा ने एक बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत किया। सभी सुगमकर्ताओं एवं नोडल मीना मंच मोनिका खन्ना, पूनम ओझा, मीनाक्षी तिवारी, साधना सिंह, सुनीता चौहान, सुधा वर्मा, श्वेता सचान, अनुपम मिश्रा, कल्पना यादव ने सहयोग किया। कहानी प्रतियोगिता में हिमांशी, प्रशांत, शिखा, राहिब, आंशिक एवं पोस्टर प्रतियोगिता में सुप्रिया, सलोनी, यास्मीन, राहिल, सोनम का चयन किया। संयोजन जिला बालिका शिक्षा समन्वयक सुनील कुमार ने किया। संचालन मीना मंच नोडल भारती मिश्रा ने किया।

## जनपद का नाम बदलने के हस्ताक्षर अभियान जारी




हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद का नाम बदलकर पांचालनगर करने का हिन्दू समाज पार्टी का हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को नरकसा रोड कादरीगेट में दीपक मिश्रा के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें 735 लोगों ने हस्ताक्षर किये। प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान को जनपद का व्यापक समर्थन मिल रहा है, हस्ताक्षर अभियान को हम समाप्त कर रहे थे, लेकिन आम जनमानस के आग्रह पर अभी हस्ताक्षर अभियान जारी रहेगा। हम जनपद के हर व्यक्ति तक पहुंचने में असमर्थ रहे, लेकिन अभी तक 18,185 लोगों के टोटल हस्ताक्षर हो चुके हैं। हमारा टारगेट 15000 हस्ताक्षर का था, जिसको हमने बढ़ाकर 21000 कर दिया है। हस्ताक्षर अभियान में हिन्दू समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, रंजन त्रिपाठी, शिवेंद्र मोहन मिश्रा, मोहित दुबे, उत्कर्ष मिश्रा, अशोक जाटव आदि मौजूद रहे।

## बसपा की सदर व कायमगंज कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद गौतम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कु0 बहन मायावती के निर्देशानुसार एवं मुख्य मण्डल प्रभारी कानपुर की सहमति पर कायमगंज विधानसभा व सदर विधानसभा के पदाधिकारी घोषित किये है। कायमगंज विधानसभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार राना, उपाध्यक्ष अहिवरन सिंह लोधी, महासचिव वीर पाल सिंह पाल, सचिव गौरव सिद्धार्थ, कोषाध्यक्ष मलिखान सिंह को बनाया है। विधानसभा सदर से अध्यक्ष अखिलेश भास्कर, उपाध्यक्ष मंसूर अली, महासचिव उमेश चन्द्र पाल, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह गौतम बनाये गये है।

# खेलकूद प्रतियोगिता में प्रज्ञा, नितिन, आभा, मधू ने मारी बाजी

**एलवाई डिग्री कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बॉलीबॉल खेलते छात्र

गुरुवार को एलवाई डिग्री कॉलेज कायमगंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि युवा खेलकूद के माध्यम से अपना करियर बना सकते हैं।

खेल में अनुशासन का बहुत महत्वपूर्ण रोल है। खेल के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। विशिष्ट अतिथि प्रो0 रमेश कुमार सिंह ने कहा कि वेट लिफ्टिंग में चैंपियन देने का महाविद्यालय का पुराना इतिहास रहा है। मिल्खा सिंह ने खेल के माध्यम से अपने समाज और राष्ट्र का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह ने कहा कि जीतना उतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना खेलों में प्रतिभाग करना होगा है। एक तरफ वे जहां परिवार, समाज, राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में 100 मीटर बालिका वर्ग में प्रज्ञा अवस्थी प्रथम, मधू द्वितीय तथा 100 मीटर बालक वर्ग में नितिन प्रथम, आयुष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर एथलेटिक्स बालिका वर्ग में आभा सिंह यादव प्रथम, मधु द्वितीय तथा 200 मीटर बालक वर्ग में साहिल प्रथम, आयुष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में शिखा ने 19.7 फिट प्रथम, आभा सिंह यादव 18.1 फिट द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में रितिक यादव 29.7 फिट भरत द्विवेदी 27.6 फिट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में आभा सिंह यादव ने 38.1 फिट प्रथम, प्रज्ञा अवस्थी 32.8 फिट द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में भरत द्विवेदी 55.7 फिट आयुष 54 फिट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन महिला एकल में ज्योत्सना सिंह विजेता रहीं। बैडमिंटन पुरुष वर्ग युगल में पारस चंद्रा तथा जयनयन पाठक विजेता रहे। भाला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग भरत द्विवेदी 113 फिट ने प्रथम, भूपेंद्र सिंह 98.9 फिट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में आभा सिंह यादव 38.3 फिट ने प्रथम, शिखा 28.7 फिट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बॉलीबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय सेमेस्टर विजेता तथा चतुर्थ सेमेस्टर उपविजेता रही। बालिकाओं की म्यूजिकल प्रतियोगिता में रागिनी ने प्रथम तथा सानिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेल विभाग के प्रमुख विपिन सिंह ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा प्राचार्य ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कुमार, नरेंद्र मिश्रा, अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. आरती दुबे, डॉ. ब्रजेश वर्मा, दिनेश चंद्र, अशोक बाथम, संजीव शुक्ला, अरविंद कुमार, सत्य नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मुकदमा वापस न हुआ व्यापार मण्डल प्रदेश भर में चलायेगा आंदोलनः जीतू सोनी

**आठ दिन का पुलिस को दिया अल्टीमेटम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के युवा प्रदेश अध्यक्ष जीतू सोनी ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने आठ दिन के अंदर व्यापारियों पर दर्ज मुकदमा वापस न लिया तो बहुत बड़ा आंदोलन प्रदेश में किया जायेगा। गुरुवार को चौक स्थित जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला के प्रतिष्ठान पर युवा प्रदेश अध्यक्ष जीतू सोनी ने कहा कि व्यापारियों पर जो मुकदमा दर्ज किया गया है उसकी कोई बजह नहीं थी। जब पीड़ित पदाधिकारी ने चौकी इंचार्ज की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की थी। समय बीत जाने के बाद शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकालकर विरोध किया। तो प्रशासन ने व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया।

सबसे पहले पुलिस प्रशासन मुकदमा वापस करें और चौकी इंचार्ज के खिलाफ जांच शुरु की जाये। आठ दिन के अंदर अगर यह कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई तो यह व्यापारियों का आंदोलन पूरे प्रदेश में होगा। यह संगठन प्रदेश से लेकर पूरे भारत में है। आज हमारी सकरार, व्यापारियों की सरकार है, उसके बावजूद व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। जबकि हम व्यापारी ही प्रशासन का हर संभव सहयोग करते है। उन्होंने कहा कि हमारी जिला व नगर में अब कोई फूट नहीं है, हम सब एक है



वार्ता करते युवा प्रदेश अध्यक्ष जीतू सोनी

और व्यापारी अंकुर सहित जिन व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज हुए है उन्हें वापस कराने की पहल की जायेगी। जीतू सोनी ने कहा कि उचित स्थान पर संडे बाजार लगने की भी प्रशासन से बात की जायेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष फर्रुखाबाद प्रभारी निर्मल त्रिपाठी ने कहा कि हर हाल में प्रशासन को मुकदमा वापस लेना होगा। यह संगठन श्याम बिहारी मिश्रा का है। जिन्होंने संघर्ष करते हुए व्यापार मण्डल को यहां पहुंचाया है। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि हम सभी व्यापारियों के साथ है, हर संभव मदद करेंगे। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल उर्फ लालू कनौजिया ने कहा कि जनपद में हमसे पुराना व्यापारी कौन है, बातें तो सब करते रहते है। युवा प्रदेश अध्यक्ष का महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गौतम राजू, जिला महामंत्री नरेश पालीवाल, नगर अध्यक्ष इकलाख खां, संरक्षक ठा. सर्वेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री राकेश सक्सेना, मुन्ना गुप्ता, सौरव शुक्ला, विक्की अग्रवाल, डॉ. अरुण अग्निहोत्री, डॉ. महेन्द्र श्रीवास्तव, गायत्री मिश्रा, नेहा मिश्रा, सीता भदौरिया, रामजी पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने विकास खण्ड कार्यालय का निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विकासखंड कार्यालय मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विकासखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की व कार्यालय परिसर में स्थापित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए। डीएम ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को अपने कार्यालय में रंगाई पुताई कराने टूटा प्लास्टर सही कराने के लिये निर्देशित किया। डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करते हुये स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये। डीएम ने विकास खंड को प्राप्त केंद्रीय वित्त योजना/राज्य वित्त योजना की ग्रांट का शत-प्रतिशत उपभोग करने के लिये निर्देशित किया। विकास खंड परिसर में निष्प्रयोज्य चिन्हित किये गये भवनों की नीलामी कराने के लिये निर्देशित किया। डीएम ने विकास खंड परिसर में निर्मित किये गये प्रधानमंत्री मॉडल आवास का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घने कोहरे में अज्ञात वाहन की टक्कर से मची चीख-पुकार, एक गंभीर

# गोला-लखीमपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत

▸ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कार सड़क किनारे जा पलटी और उसमें फंसे लोग मदद के लिए पुकारते रहे



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** गोला-लखीमपुर मार्ग पर गुरुवार अलसुबह उस समय दर्दनाक हादसा हो गया, जब थाना गोला क्षेत्र के ग्राम तिसौरा के समीप घने कोहरे के बीच एक वैगन-आर कार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। सुबह का समय होने और दृश्यता बेहद कम होने के कारण दोनों वाहनों को एक-दूसरे का आभास तक नहीं हो सका। तेज रफ्तार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कार सड़क किनारे जा पलटी और उसमें फंसे लोग मदद के लिए पुकारते रहे। आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य दो सवारों को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन तथा प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने राहत-बचाव कार्य की कमान संभालते हुए घायलों को वाहन से निकलवाया और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंभी गोला भिजवाया। मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सीएचसी पहुंचकर एसडीएम ने घायलों के उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। गंभीर रूप से घायल मुकेश सिंह (25) को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी रेफर किया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ भेज दिया गया। उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। परवेश सिंह (25) और तीन वर्षीय बालिका मानवी सुरक्षित हैं। बताया गया कि कार में कुल छह लोग सवार थे, जो एक ही परिवार के सदस्य हैं। सभी दिल्ली के राजौरी गार्डन क्षेत्र में निवास करते हैं और बहराइच जिले में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दुर्घटना में मृतकों की पहचान सुनील सिंह (28) पुत्र वृंदा सिंह, सुधा सिंह (26) पत्नी सुनील सिंह तथा संतोष सिंह (30) पुत्र रमेश सिंह (वाहन चालक) निवासी ग्राम धर्मकुंडा, थाना रामगांव, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान की जा रही है।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक**
प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को राहत-बचाव कार्य में तेजी लाने और घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## सड़क पर खड़ी गन्ना लदी ट्राली से भीषण टक्कर, दो की मौत

▸ दो मासूम, घायल

**समृद्धि न्यूज़, बरवर खीरी।** चौकी क्षेत्र के गांव गलरई के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। मुख्य सड़क पर बिना किसी संकेत या रिफ्लेक्टर के खड़ी गन्ना लदी ट्राली एक परिवार के लिए काल बन गई। घने कोहरे के बीच मोहम्मदी से मितौली जा रही तेज रफ्तार बाइक पीछे से ट्राली में जा घुसी। बाइक पर एक ही परिवार के चार लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरिकेश (40) गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक चालक हरिप्रकाश (35) तथा उसके मासूम बच्चे पुष्कर (8) और आराध्या (10) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बरवर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी भिजवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार इलाज के दौरान हरिप्रकाश ने भी दम तोड़ दिया, जबकि हरिकेश की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया था (जहां बाद में मृत्यु की पुष्टि हुई)। दोनों मासूम बच्चों का इलाज जारी है। इस संबंध में बरवर चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

## लघु उद्योग से 15 लाख की अवैध वसूली का आरोप, जांच की मांग

▸ अवैध वसूली, धमकी और भ्रष्टाचार का मामला सामने आने से मचा हड़कंप

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**



ब्लॉक निघासन क्षेत्र में एनआरएलएम से जुड़े रोशनी प्रेरणा लघु उद्योग से करीब 15 लाख रुपये की अवैध वसूली, धमकी और भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। उद्योग से जुड़ी महिलाओं ने ब्लॉक मिशन मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपकर निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि रोशनी प्रेरणा लघु उद्योग निघासन में रंजीता अध्यक्ष और संध्या कोषाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। पदाधिकारियों का आरोप है कि ब्लॉक मिशन मैनेजर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मनमानी की और प्लांट से गलत तरीके से लगभग 15 लाख रुपये की राशि हड़प ली। आरोप है कि उनसे यह कहकर पूरा चेक कटवा लिया गया कि प्लांट की तीन डीआई का बिल कट चुका है और अब वह पास नहीं होगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि पूरा एडवांस चेक नहीं दिया गया तो अगस्त माह का बिल भी पास नहीं कराया जाएगा।

महिलाओं का कहना है कि मजबूरी में पूरा चेक देने के बाद भी प्लांट में केवल आधा सामान ही पहुंचाया गया, जबकि भुगतान पूरा करा लिया गया। आरोप है कि करीब 15 लाख रुपये का माल आज तक प्लांट में नहीं आया। शेष सामग्री के बारे में पूछताछ करने पर यह कहकर टाल दिया गया कि माल पूरा हो चुका है और पैसा 'ऊपर तक' चला गया है। जब पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया तो उन्हें प्लांट से बाहर निकालने और कहीं शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

पीड़ित महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि एक माह का लगभग 400 कुंटल गेहूं भी प्लांट पर नहीं पहुंचा, जिसकी जानकारी मांगने पर अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। महिलाओं का कहना है कि वे गरीब वर्ग से आती हैं और इतनी बड़ी रकम की भरपाई करना उनके लिए संभव नहीं है। इस पूरे प्रकरण से उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है और लघु उद्योग बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। महिलाओं ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी ब्लॉक मिशन मैनेजर व संबंधित वेंडर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, प्लांट की धनराशि या सामग्री शीघ्र वापस दिलाई जाए तथा उन्हें किसी भी प्रकार की धमकी व प्रताड़ना से सुरक्षा प्रदान की जाए। मामले के सामने आने के बाद एनआरएलएम से जुड़े अन्य समूहों में भी चर्चा तेज हो गई है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## सीएचसी परिसर की सरकारी भूमि पर कब्जे की आशंका, प्रशासन ने रुकवाया निर्माण

▸ 15 फरवरी को होगा सीमांकन तहसील प्रशासन करेगा वास्तविक स्थिति की जांच



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला परिसर स्थित पोस्टमार्टम हाउस की सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता से लिया गया है। शिकायत मिलने के बाद तहसील प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। अब भूमि का विधिवत सीमांकन कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की तैयारी की जा रही है।

सीएचसी गोला के अधीक्षक डॉ. गणेश ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की सूचना मिलने पर तहसील प्रशासन को औपचारिक शिकायत भेजी गई थी। शिकायत के बाद राजस्व टीम ने स्थल पर पहुंचकर हस्तक्षेप किया और निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। उन्होंने कहा कि सीमांकन के उपरांत ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हुआ है अथवा नहीं।

उपजिलाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार, तहसीलदार गोला की आख्या में उल्लेख है कि राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण रुकवाया गया। भूमि के सीमांकन हेतु 15 फरवरी 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित तिथि पर उपस्थित रहकर चिन्हांकन की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराएं।

इस मामले पर एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जांच कराई गई है। प्रथम दृष्ट्या शंका के आधार पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। 15 फरवरी को सीमांकन की तिथि नियत है, जिसके बाद प्राप्त तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### फ़ाइनल मैच में बिरसा मुंडा की टीम आरके इलेवन को 77 रनों से हराकर जमाया ट्राफी पर कब्जा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित बिरसा मुंडा ग्राउंड पर चल रहे हथेड़ा प्रीमियर लीग 2026 के फ़ाइनल मैच में बुधवार को बिरसा मुंडा क्रिकेट क्लब हथेड़ा व आरके इलेवन हथेड़ा के बीच खेला गया। जिसमें बिरसा मुंडा क्रिकेट क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 117 रन बनाये। जबाब में रनों का पीछा करने उत्तरी आरके इलेवन की टीम 40 रन बनाकर आल आउट हो गई। बिरसा मुंडा क्रिकेट टीम ने फ़ाइनल मैच में आरके इलेवन की टीम को 77 रनों से हराकर ट्राफी व इनाम पर कब्जा कर लिया है। फाइनल मैच में कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल द्वारा विजेता टीम के कैप्टन को 51 हजार रूपये व उपविजेता टीम के कैप्टन को 21 हजार रूपये की धनराशि व ट्राफी दिया है। फाइनल मैच में हलिया वार्ड नंबर तीन के भाबी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी विनोद कुमार मौर्या व प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्या द्वारा विजेता व उपविजेता टीम के लिए कमेटी को ट्राफी सौपी है। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रिंकी कोल,अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, शिव बाबू सेठ, काशी प्रसाद मिश्रा, जनार्दन कोल, राकेश कोल, वीरेंद्र कोल, लखन कोल, समाजसेवी पंकज दुबे, अमित दुबे, जगदीश विश्वकर्मा, विमलेश पाण्डेय, शशिकांत पटेल, विकास सोनकर, नरेंद्र कोल आदि मौजूद रहे।

### अधेड़ की अचानक मौत, परिजनों में कोहराम

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी अधेड़ की अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जंहा पर चिकित्सक द्वारा अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी 57 वर्षीय बद्री नारायण की बुधवार की रात्रि में अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जंहा पर चिकित्सक द्वारा अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। मृत युवक को एक पुत्र है। आशंका जताई जा रही है की अधेड़ की हार्ट अटैक से मौत हुई है।

### समेस्टर परीक्षा का कुलपति ने किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के मवई कला गांव स्थित पंचशील डिग्री कालेज में चल रही बीए प्रथम समेस्टर कि परीक्षा का गुरुवार को विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मिर्ज़ापुर के कुलपति प्रोफेसर शोभा गौड़ व कुल सचिव रामनारायण द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय के चार कक्षाओ में समेस्टर परीक्षा चल रही थी कुलपति द्वारा महाविद्यालय सीसीटीवी कैमरे तथा परीक्षा से संबंधित आवश्यक सभी बिंदुओं परजांच पड़ताल किया और सब कुछ सही पाया गया। इसके बाद निरीक्षण टीम वापस जिले मुख्यालय लौट गई। समेस्टर परीक्षा में पंचशील डिग्री कॉलेज की छात्राएं तथा शांति महाविद्यालय लहंगपुर मिर्जापुर के छात्रों द्वारा परीक्षा दिया जा रहा है। परीक्षा में बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं सहित प्राचार्य डॉक्टर राघवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता चंद्र प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह पटेल, डॉक्टर रविकांत पाण्डेय, डॉक्टर रीना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### विवाहोत्सव की खुशियां मातम में बदली बारात के जगह निकली दूल्हे की अर्थी

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** विवाहोत्सव से पहले ही खुशियों से भरा घर मातम में बदल गया। क्षेत्र के निनवार दक्षिण गांव में गुरुवार को बारात निकलनी थी, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था दुल्हे की बारात के जगह अर्थी निकली।लालगंज के निनवार गांव में गुरुवार को सुबह एक हादसे ने सब कुछ तहस नहस कर दिया।एक दिन पहले तिलकोत्सव हुआ था, 27 वर्षीय दूल्हा पुष्पेंद्र कुमार सिंह बाइक से घर से निकला और गांव के पास बाणसागर नहर में अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब गांव के बच्चों ने नहर में गिरी बाइक देखी और शोर मचाया। नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे तो बाइक पहचान ली। तलाश के दौरान स्पष्ट हुआ कि हादसे का शिकार वही युवक है जिसकी बारात जाने वाली थी। यह पता चलते ही घर में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक छा गया।बताया गया कि एक दिन पहले बुधवार को पुष्पेंद्र और उसके भाई उपेंद्र का तिलक संपन्न हुआ था। घर में रिश्तेदार और अतिथि जुटे थे, महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। सुबह के समय पुष्पेंद्र लालगंज की ओर जाने के लिए बाइक से निकला था। इसी दौरान हादसा हो गया।परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उम्मीद में मंडलीय अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की।

## बिना पंजीकरण संचालित आरआरएल हेल्थ केयर सेंटर पर संगीन आरोप

▸ प्रसव के नाम पर अवैध वसूली, आशा कार्यकर्ता की भूमिका संदिग्ध
▸ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत, सीएमओ स्तर पर जांच शुरू



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जनपद में स्वास्थ्य मानकों को दरकिनार कर एक निजी अस्पताल के संचालन का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि रामापुर अमकोटवा रोड स्थित आरआरएल हेल्थ केयर सेंटर बिना वैध पंजीकरण, आवश्यक प्रमाणपत्रों और बुनियादी सुरक्षा व्यवस्थाओं के प्रसव सहित अन्य चिकित्सीय सेवाएं संचालित कर रहा है। मामले को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। दर्ज शिकायत के अनुसार अस्पताल के पास न तो वैध रजिस्ट्रेशन उपलब्ध है और न ही बायो-मेडिकल वेस्ट निस्तारण से संबंधित अनिवार्य प्रमाणपत्र हैं। इतना ही नहीं, अस्पताल परिसर में संचालित मेडिकल स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपलब्धता भी संदिग्ध बताई गई है। साथ ही भवन के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा अग्निशमन विभाग की अनापत्ति जैसी आवश्यक स्वीकृतियों के अभाव का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि अस्पताल भवन पर प्रदर्शित रजिस्ट्रेशन नंबर भ्रामक प्रतीत होता है। आरोप है कि उक्त नंबर का उपयोग मरीजों एवं उनके परिजनों को गुमराह कर अस्पताल को वैध रूप से पंजीकृत दर्शाने के लिए किया जा रहा था। मामला स्वास्थ्य एवं प्रसव सेवाओं से जुड़ा सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि क्षेत्र की एक आशा कार्यकर्ता और अस्पताल प्रबंधन के बीच कथित साठगांठ के चलते ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों के बजाय इस निजी केंद्र पर भेजा जा रहा था, जहां प्रसव के नाम पर मनमानी शुल्क वसूला जाता था। इससे न केवल आर्थिक शोषण की आशंका जताई गई है, बल्कि महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के लाभ से वंचित किए जाने की बात भी सामने आई है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद मामला चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संज्ञान में आ गया है। शिकायत को मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) खीरी को अग्रसारित कर दिया गया है तथा प्रारंभिक जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल प्रकरण लंबित है और अंतिम जांच आख्या की प्रतीक्षा की जा रही है।

**सीएचसी अधीक्षक का पक्ष**
सीएचसी फरधान के अधीक्षक डॉ. अमित से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि शिकायत अभी औपचारिक रूप से उनके संज्ञान में प्राप्त नहीं हुई है। इसके बावजूद वे मामले की जानकारी कराकर जांच करवाएंगे और तथ्य सामने आने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खजुरिया में एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।** इंडो-नेपाल सीमा से सटे थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के खजुरिया में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो भारतीय युवकों को अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में 4 फरवरी 2026 को थाना संपूर्णानगर के चौकी प्रभारी खजुरिया उपनिरीक्षक अनिल सिंह पंकज अपनी टीम के साथ जी कंपनी कमलापुरी एसएसबी कैंप बसही, 49वीं बटालियन पीलीभीत के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चला रहे थे।

इसी दौरान चौकी खजुरिया के सामने सड़क पर दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त अनुज गुप्ता पुत्र राम किशोर गुप्ता निवासी ग्राम बसही कॉलोनी थाना संपूर्णानगर जनपद खीरी तथा शिवा गौड़ पुत्र जंग बहादुर निवासी ग्राम बसही थाना संपूर्णानगर जनपद खीरी के कब्जे से दो पोटलियों में कुल 4.45 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल प्लैटिना नंबर UP31 AP 6242 भी बरामद की गई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना संपूर्णानगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान भेज दिया है। इस कार्रवाई में खजुरिया व संपूर्णानगर पुलिस के साथ एसएसबी की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ट्रेन से कटकर वृद्धा की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया-खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक



दर्दनाक रेल हादसे में वृद्ध महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम ववक्करपुर निवासी रामवती (उम्र लगभग 65 वर्ष) बृहस्पतिवार दोपहर करीब 1:30 बजे रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक आ रही तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल उचौलिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने जीआरपी रोजा को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी टीम ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## जमीन विवाद में खूनी झड़प, विरोध करने पर भाई-बहन को लाठी-डंडों से पीटा

▸ बांका से वार कर युवक का हाथ किया घायल, चार नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी (खीरी)।**




कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम जिगना में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई। आरोप है कि नींव खोदकर निर्माण कार्य का विरोध करने पर चार लोगों ने युवक और उसकी बहन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। युवक के हाथ में बांका (धारदार हथियार) से वार किया गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जिगना निवासी मुकेश कुमार पुत्र सुखपाल सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी जमीन को लेकर न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। आरोप है कि 5 फरवरी 2026 की सुबह करीब 9 बजे गांव के ही प्रकाश पुत्र श्रीकृष्ण, रामू पुत्र श्रीकृष्ण, सूरज पुत्र परशुराम और मलिखान पुत्र विपिन उक्त जमीन पर नींव खोदकर निर्माण कार्य कर रहे थे। मुकेश के अनुसार जब उसने निर्माण कार्य का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान प्रकाश ने उसके हाथ पर बांका से वार कर दिया, जिससे उसके बाएं हाथ में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंची उसकी बहन सीमा देवी ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। दोनों को चोटें आई हैं। पीड़ित ने तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि आरोपित पहले भी उन्हें मार चुके हैं और लगातार दबाव बना रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच अवर निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों में पहले से तनातनी चल रही थी। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है, हालांकि पुलिस ने हालात सामान्य होने की बात कही है।

## चौपाल में डीएम ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बीएलओ योगेश पांडेय को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के लालापुर पंचायत सचिवालय पर चौपाल में डीएम पवन कुमार गंगवार से एसआइआर में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले क्षेत्र के दुबार खुर्द के बीएलओ योगेश पांडेय को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। आयोजित जन चौपाल में जनसमस्याओं के त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' अभियान के तहत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने ग्राम पंचायत लालापुर में स्थित पंचायत सचिवालय पर ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की



समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने लाभार्थियों से पुष्टाहार, पेंशन, शौचालय, राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ मिलने की जानकारी ली।

### बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रसीदाहे चौराहा पर बुधवार की रात्रि में बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गांव निवासी 22 वर्षीय लवकुश पाल बाइक से देवरी बाजार की तरफ आ रहा था की जैसे ही प्रसीदाहे चौराहा पर पहुंचा की सामने से आ रहे बाइक सवार बचने का प्रयास किया की सामने से आ रहे बाइक सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## नील गाय का मांस बरामद, वनविभाग की टीम व पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज वन क्षेत्र के बबुरा खुर्द गांव में नीलगाय का मांस रखे जाने की सूचना पर गुरुवार सुबह वनविभाग व पुलिस की टीम के आने की भनक लगते ही गृहस्वामी व उसके परिजन घर छोड़कर भाग निकले। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है। बबुरा खुर्द गांव निवासी दीन मोहम्मद उर्फ लंगड़ के तालाब के भीटे पर बनाए गए पक्के मकान के भीतर नीलगाय का मांस रखे जाने की गांव निवासी किसी व्यक्ति ने वनविभाग व स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज विनोद कुमार सिंह,एसआइ टीपी सिंह, एसआइ मूलचंद वनदरोगा सर्वेश्वर पटेल, कुमार कार्तिकेय मौर्य,



वनरक्षक अंकुर सिंह ने घर की तलाशी ली तो बेड के नीचे बड़े टब और बोरी में भरा हुआ करीब चालीस किलो नीलगाय का मांस बरामद हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बरामद मांस को गृहस्वामी के पुत्र बेचने के लिए रखे थे। वनविभाग की टीम बरामद मांस को थाने लेकर गई और पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए पशुचिकित्साधिकारी के आने का इंतजार कर रही है।